13 MAR DNS PAGES_page dummy final.qxd 14-03-2026 03:40 Page 1


# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शनिवार, 14 मार्च, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-27 ■ पृष्ठ -13 ■ मूल्य : 01 ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com



## आज राष्ट्रीय लोक अदालत में ट्रैफिक चालान मामलों का भी निपटारा

**राज्य के सभी व्यवहार और अनुमंडल न्यायालयों में आयोजित होंगे ये लोकअदालत**

**पटना (एनएसबी)।** राज्य में लंबित ट्रैफिक चालानों के निपटारे के लिए 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेष व्यवस्था की गई है। इस संबंध में बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने सूचना जारी कर आम लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने ट्रैफिक चालान का निपटारा कराने की अपील की है। जारी सूचना के अनुसार, पटना उच्च न्यायालय के स्तर से 11 मार्च 2026 को पारित आदेश को ध्याम में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इसके तहत 14 मार्च को बिहार के सभी व्यवहार न्यायालयों और अनुमंडल न्यायालयों में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में ट्रैफिक चालानों के मामलों का निपटारा सुनिश्चित किया जाएगा। प्राधिकरण ने आम जनता से अपील की है कि जिन लोगों के ट्रैफिक चालान लंबित हैं, वे संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर लोक अदालत के माध्यम से अपने मामलों का त्वरित निपटारा करा सकते हैं। इससे लोगों को लंबित मामलों से राहत मिलेगी और न्यायिक प्रक्रिया भी सरल व त्वरित होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम ने 9.3 करोड़ किसानों के खाते में भेजी 18,640 करोड़



**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी की। असम के गुवाहाटी से पीएम ने इसके तहत देश भर के 9.32 करोड़ किसान परिवारों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 18,640 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि भेजी। इस योजना के तहत पात्र किसानों को प्रत्येक किस्त में 2,000 रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है, जो सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर होती है। इस योजना की शुरूआत पीएम ने गोरखपुर से 24 फरवरी 2019 को की थी। 22वीं किस्त के बाद लगभग 4.27 लाख करोड़ रुपए से अधिक भेजी जा चुकी है।

### इराक में अमेरिकी सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत

**लंदन/वाशिंगटन।** इराक में अमेरिकी सेना का एरियल रीफ्यूलिंग विमान केसी-135 दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में चार सैन्य कर्मियों की मौत हो गयी। अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि हादसे में शामिल दो बोइंग कंपनी के केसी-135 विमानों में से एक क्रैश हो गया, जबकि दूसरा सुरक्षित उतरा। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि यह घटना न तो अपनी तरफ से हुई गोलीबारी के कारण हुई और न ही दुश्मन की गोलीबारी से।

# अब इच्छुक लोगों के घरों पर सोलर पैनल लगाये जायेंगे : नीतीश कुमार

## सहरसा और खगड़िया में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को अपनी समृद्धि यात्रा के तीसरे चरण में सहरसा और खगड़िया जिला पहुंचे। वहां विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को सभी विकासात्मक कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। वहां आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 में ही राज्य में हर घर बिजली पहुंचा दी गयी। सरकार द्वारा शुरू से ही बहुत सस्ती दर पर बिजली दी जा रही है।

**समृद्धि यात्रा**

**विकास योजनाओं का निरीक्षण किया, अधिकारियों को कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिया**

बिहार में लगभग सभी घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली मुफ्त मिल रही है। अब सरकार की तरफ से सभी इच्छुक लोगों के घरों पर सोलर पैनल लगाये जायेंगे। यह काम शुरू हो चुका है, अभी 50 लाख घरों पर सोलर लगाने की स्वीकृति दी गयी है, इस काम को शीघ्र पूरा कर लिया जायेगा। वर्ष 2020 से सात निश्चय-2 के तहत युवा शक्ति-बिहार की प्रगति, सशक्त महिला सक्षम महिला, हर खेत तक सिंचाई का पानी, स्वच्छ गाँव-समृद्ध गाँव (सोलर स्ट्रीट लाईट), स्वच्छ शहर-विकसित शहर, सुलभ सम्पर्कता तथा सबके लिये स्वास्थ्य सुविधा (टेलीमेडिसिन एवं बाल हृदय योजना) सभी पर काफी काम हुआ है। सात निश्चय-2 के जो भी काम बचे हैं उन्हें शीघ्र पूरा किया जायेगा। सात निश्चय-2 के तहत ही युवाओं के लिए 10 लाख नौकरी एवं 10 लाख रोजगार देना तय किया गया। अब तक 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। 40 लाख लोगों को रोजगार दिया जा चुका है। दोनों को मिलाकर 50 लाख युवाओं को नौकरी एवं रोजगार दिया गया है। अगले 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। सीएम ने दोनों जिलों में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, समाज कल्याण सह खगड़िया जिले के प्रभारी मंत्री मदन सहनी, विधायक मचंद्र सदा, विधायक बबलू कुमार, विधायक पन्ना लाल सिंह पटेल,



### सहरसा और खगड़िया को दी 816 करोड़ की सौगात

मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के दौरान सहरसा जिले को 512 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात दी। उन्होंने 286 करोड़ रुपये की लागत से 70 योजनाओं का उद्घाटन, 90 करोड़ रुपये की लागत से 20 योजनाओं का शिलान्यास एवं 136 करोड़ रुपये की लागत से 35 योजनाओं का कायार्रंभ किया। वहीं, खगड़िया जिले को 304 करोड़ रुपये की सौगात दी। इनमें 319 विकास योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को दिए तेजी से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिया।

# बिहार विधान सभा को बम से उड़ाने की धमकी, गहन जांच



**पटना (एनएसबी)।** ईमेल के जरिए बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद शुक्रवार को हड़कंप मच गया। धमकी भरा मेल मिलने की सूचना मिलते ही सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं और तुरंत सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया। डॉग स्क्वॉड, बम निरोधक दस्ता और मेटल डिटेक्टर की मदद से पूरे विधानसभा परिसर की सघन जांच की गई। सुरक्षा के मद्देनजर पूरे परिसर को खाली कराने का आदेश भी जारी किया गया। पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि मेल के जरिए धमकी आई है। फिलहाल इसकी छानबीन हो रही है। बिहार विधानसभा सचिवालय की ओर से बताया गया कि आज बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी भरा एक ई मेल मिला। अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने तुरंत इस पर संज्ञान लेते हुए सभा सचिवालय के वरीय पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की। अध्यक्ष ने ख्याति सिंह, प्रभारी सचिव को निर्देश दिया कि वो मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक को इस बात की जानकारी देकर विधानसभा परिसर की सुरक्षा दृष्टिकोण से शीघ्र जांच कराएं। अधिकारियों के मुताबिक धमकी भरे ईमेल की भी जांच की जा रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि मेल किसने और कहां से भेजा है। गौरतलब है कि इससे पहले पटना सिविल कोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी।

### विस्फोटक अथवा संदिग्ध वस्तु नहीं पाई गई

अध्यक्ष ने स्वयं जांच टीम के साथ रहकर पूरे विधान सभा परिसर का निरीक्षण करवाया। इस जांच में किसी भी प्रकार का विस्फोटक अथवा संदिग्ध वस्तु नहीं पाया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि यह किसी असामाजिक/शरारती तत्व की करतूत थी। हालांकि पुलिस इस मामले की विधिवत जांच कर रही है। यह जानकारी बिहार विधान सभा के जनसंपर्क पदाधिकारी ने दी है।

## एअर इंडिया के बाद इंडिगो की भी टिकटें महंगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एअर इंडिया के बाद इंडिगो की फ्लाइट्स भी कल से महंगी हो जाएंगी। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी ने शुक्रवार को सभी घरेलू और इंटरनेशनल फ्लाइट्स पर 'फ्यूल सरचार्ज' लगाने की घोषणा की है। एयरलाइन ने बताया कि ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच जारी जंग की वजह से जेट फ्यूल की कीमतें 85% तक बढ़ गई हैं। इस कारण घरेलू और इंटरनेशनल



फ्लाइट्स की टिकटों पर 425 से 2300 तक सरचार्ज लगाया जाएगा। एक्स्ट्रा फ्यूल चार्ज के साथ टिकटों की नई कीमतें 14 मार्च रात 12 बजे से लागू हो जाएंगी।

## बेनीबाद में भीषण सड़क हादसे में पिता व पुत्री की मौत, पुत्र गंभीर

**औराई (एनएसबी)।** बेनीबाद थाना क्षेत्र के पिरौछा चौक के पास शुक्रवार को हुए भीषण सड़क हादसे में पिता और एक पुत्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मृतक का दो वर्षीय पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल बच्चे को इलाज के लिए एसकेएमसीएच के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। लेकिन उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए देर शाम पटना रेफर कर दिया। मृतकों की पहचान औराई थाना क्षेत्र के बसुआ निवासी 36 वर्षीय अरविंद कुमार साह व उनकी छोटी बेटी मिस्टी कुमारी के रूप में हुई है। घटना की खबर मिलते ही मृतक अरबिंद कुमार साह के घर बसुआ औ ससुराल बेनीबाद पिरौचा में कोहराम मच गया है। वहीं पुलिस ने घटनास्थल से दोनों मृतकों के शव को



शव पास रोते-बिलखेत परिजन।

कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया है। साथ ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अरविंद कुमार साह अपनी साली की शादी में शामिल होने परिवार व बच्चों के साथ अपने ससुराल बेनीबाद पिरौछा गए थे। बताया गया है कि शुक्रवार को साली की शादी की रस्म के तहत भगवती पूजा के लिए परिवार की महिलाएं लड़की के साथ भगवती पूजन करने गई थी।

**बिहार सरकार का बड़ा फैसला**

## सोशल मीडिया पर गलत कंटेंट हटाने का अधिकार अब साइबर यूनिट को

**पटना (एनएसबी)।** बिहार सरकार के गृह विभाग (विशेष शाखा) ने सोशल मीडिया पर कानून का उल्लंघन करने वाले कंटेंट के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए नई अधिसूचना जारी की है। जारी आदेश के अनुसार इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट- 2000 की धारा 79(3)(बी) तथा इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (इंटरमेडियरी गाइडलाइंस एंड डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड) रूल्स 2021 (संशोधन 2025) के तहत अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कानून का उल्लंघन करने वाली सामग्री को हटाने के लिए नोटिस जारी करने का अधिकार साइबर क्राइम एंड सिक्योरिटी यूनिट (सीसीएसयू), बिहार पटना के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) को दिया गया है।

# सहरसा एयरपोर्ट के लिए जल्द जारी होगा टेंडर : सम्राट चौधरी

## खगड़िया में लगेगा स्टील प्लांट



**पटना (एनएसबी)।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि जल्द ही सहरसा में भी एयरपोर्ट निर्माण के लिए टेंडर जारी किया जाएगा। मानसी से सहरसा फोरलेन सड़क का भी निर्माण किया जा रहा है। एनडीए शासन में सहरसा विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री ने खगड़िया में स्टील प्लांट लगाने का भी ऐलान किया।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ समृद्धि यात्रा के दौरान सहरसा और खगड़िया पहुंचे उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सहरसा स्टेडियम में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि नीतीश कुमार ने राज्य में विकास की मजबूत नींव रखी है। एक समय सहरसा और आसपास का इलाका टापू बन जाता था। बीपी मंडल पुल के क्षतिग्रस्त होने पर उसे ठीक होने में वर्षों लग जाते थे। सिमरी बख्तियारपुर और आसपास के क्षेत्रों में स्थिति काफी परेशान करने वाली थी। आज पटना से सहरसा का सफर चार घंटे में पूरा हो रहा है। कोसी, काली कोसी और गंडक जैसी नदियों से घिरे इस इलाके में अब सड़कों का जाल बिछ चुका है। सैकड़ों छोटे-बड़े पुलों का निर्माण कराया गया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जिस बिहार में कभी मात्र छह हजार किलोमीटर सड़कें थीं, वहां आज करीब 1 लाख 40 हजार किलोमीटर सड़कों का निर्माण कराया जा चुका है।

## ओमान के सोहार में ड्रोन हमले में दो भारतीयों की गई जान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओमान के सोहार में शुक्रवार को हुए एक ड्रोन हमले में दो भारतीय नागरिकों की मौत हो गई, जबकि दस भारतीयों समेत कुल 11 लोग घायल हो गए। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच हुए इस हमले पर भारत सरकार ने गहरा दुख जताया है और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडयि प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''आज ओमान के सोहार में पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के दौरान हुए एक हमले में हमने दो भारतीय नागरिकों को खो दिया। कई अन्य भारतीय नागरिक भी घायल हुए हैं। हम मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं



और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।'' जायसवाल ने बताया कि ओमान में हमारा मिशन स्थानीय अधिकारियों और नियोक्ता कंपनी के संपर्क में है और हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच होर्मुज स्ट्रेट एक गहरी चिंता बना हुआ है। एक ओर आज शुक्रवार को भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहली ने संकेत दिया है किहोर्मुज स्ट्रेट से भारतीय जहाजों को जल्द ही सुरक्षित आवाजाही की अनुमति दी जा सकती है। वहीं दूसरी ओर खाड़ी देशों में लगातार हमले जारी हैं।

**दस लोग घायल**

### उन्नत कृषि विकसित भारत थीम पर तीन दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेला समारोह पूर्वक शुरू

# कृषि के बढ़ावा के लिए सरकार सतत प्रयास रत : रामकृपाल

## कृषि मंत्री ने मेला व संगोष्ठी का किया उद्घाटन, मेले में लगे विभिन्न स्टालों का किया निरीक्षण

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा के मेला प्ररिक्षेत्र में उन्नत कृषि- विकसित भारत थीम पर आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेला का भव्य समारोह पूर्वक शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा पुष्प गुच्छ से स्वागत क बाद विहार सरकार के कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने सबसे पहले फीता काट कर मेला का उद्घाटन किया।

तत्पश्चात उन्होंने मेला ग्राउंड में प्रदर्शित विकसित कृषि उन्नत भारत, मशरूम हब, उद्यानिकी, पशुपालन एवं कुक्कुट पालन, मृदा विहीन खेती सहित अन्य प्रदर्शित स्टॉल का अवलोकन किया। मेला भ्रमण और स्टॉल निरीक्षण के बाद मुख्य कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। जहां मंत्री सहित तमाम अतिथियों का मैथिल परंपरानुसार पाग, शॉल , स्मृति चिन्ह, व उपहार के साथ अभिनंदन के उपरांत कुलगीत प्रसारण, व अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ संगोष्ठी का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान मेला में बड़ी संख्या में पधारे महिला-पुरुष किसानो, वैज्ञानिक व छात्रों को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री श्री यादव कहा कि, बिहार की पहचान कृषि से है। क्योंकि आज भी यहां के करीब 70 प्रतिशत से अधिक लोग खेतिहर हैं। इसीलिए कृषि के समग्र विकास के लिए रोड मैप को लाया गया जिसका असर बिहार में दिखने लगा है। उन्होंने कहा कि, कृषि के बढ़ावा के लिए सरकार सतत प्रयास रत है जिसका असर यह हुआ कि मक्का के क्षेत्र में बिहार अग्रणी पंक्ति में शामिल है, वही मखाना के बढ़ते मांग के कारण देश व विदेश में इसका बाजार तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की सोच है कि बिहार के उत्पादित व्यंजन देश के हर थाली में दिखे। इस क्रम में उन्होंने मशरूम की चर्चा करते हुए कहा कि, समृद्धि और स्वाद का यह कॉम्बो आज बिहार की नई पहचान बन गया है। मंत्री ने कहा कि सब्जी के उत्पादन क्षेत्र में भी बिहार अग्रणी बना है। उन्होंने कहा कि इस मेले के आयोजन से किसानों को नवीनतम कृषि कि तकनीकी जानकारी मिलेगी और किसान इस तकनीक को अपना कर अधिक उत्पादन कर लाभान्वित हो सकते हैं। श्री यादव ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के दौर में आने वाली चुनौतियों को किसान एवं कृषि वैज्ञानिक मिलकर दूर कर सकते हैं। प्रधानमंत्री के 2047 के विकसित भारत की संकल्पना में कृषि एवं किसानों की भूमिका अहम होगी। अपने अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने कहा कि पूसा कृषि शिक्षा, विज्ञान, शोध व अनुसंधान की जननी है। किसान मेला का उद्देश्य किसानों तक कृषि के ज्ञान को पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि मैं बिहार में मखाना बोर्ड की स्थापना होना बेहद खास है। आने वाले समय में मखाना उत्पादन में भी बिहार शीर्ष पर होगा। उन्होंने ने कहा कि मखाना के विकास के लिए विश्वविद्यालय की ओर से टीम बनाई गई है जो इस पर काम करेगी।



समस्तीपुर में शुक्रवार को मेला का उद्घाटन करते मंत्री व अन्य।

## खबरें : एक नजर में



विधानसभा परिसर में जांच करते बम निरोधक दस्ता।

## राष्ट्रीय दिव्यांगजन आयोग का गठन किया जाए : भीम सिंह

### राज्यसभा में विशेष उल्लेख के जरिए उठाई माँग

**पटना/ नई दिल्ली (एनएसबी)।** राज्यसभा में विशेष उल्लेख के दौरान राज्यसभा सांसद डा. भीम सिंह ने देश के दिव्यांगजनों की समस्याओं और उनके अधिकारों की प्रभावी सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय दिव्यांगजन आयोग के गठन की आवश्यकता बताते हुए इसके गठन की माँग की। भीम सिंह ने कहा कि वर्तमान में 'दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत मुख्य आयुक्त एवं दो सह आयुक्त कार्यरत हैं पर इस व्यवस्था को अधिक सद्दृढ़ करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केवल आयुक्तीय तंत्र दिव्यांगजनों द्वारा सामना की जा रही व्यापक चुनौतियों का समाधान करने के लिए पर्याप्त नहीं है।



राज्यसभा सांसद डा. भीम सिंह ।

भीम सिंह ने सुझाव दिया कि एक पूर्णकालिक राष्ट्रीय दिव्यांगजन आयोग का गठन किया जाए, जो राज्यों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए नीति निर्माण, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी, बजट संबंधी अनुशंसाएँ तथा आवश्यक विधायी सुझाव देने जैसे महत्वपूर्ण कार्य कर सके। उन्होंने कहा कि यह आयोग अन्य राष्ट्रीय आयोगों की तरह स्वतंत्र शक्तियों से युक्त हो तथा इसके क्षेत्रीय कार्यालय भी स्थापित किए जाएँ, ताकि दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले दिव्यांगजनों तक इसकी पहुँच सुनिश्चित हो सके। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिव्यांगजनों के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रयासों की प्रसंशा की और कहा कि उनके कार्यो को एक स्थायी संस्थागत ढाँचे में रूपांतरित करने का समय आ गया है और दिव्यांगजनों के अधिकारों की प्रभावी रक्षा तथा उनके समग्र सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने के लिए शीघ्र राष्ट्रीय दिव्यांगजन आयोग का गठन किया जाना चाहिए।

## बिहार दिवस कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा की थीम पर होगा परिवहन विभाग का पवेलियन

### पैदल यात्रियों के सुरक्षित यात्रा पर किया जाएगा जागरूक, मुफ्त नेत्र जांच की होगी सुविधा

**पटना (एनएसबी)।** बिहार दिवस 2026 के अवसर पर पटना के गांधी मैदान में 22 से 24 मार्च तक तीन दिवसीय समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में बिहार सरकार के विभिन्न विभाग अपने पवेलियन के माध्यम से जनता के बीच अपनी सेवाओं और गतिविधियों को प्रस्तुत करेंगे। परिवहन विभाग इस बार 'सड़क सुरक्षा' के विषय पर एक आकर्षक और भव्य पवेलियन लगा रहा है। इस पवेलियन में लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए कई रोचक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। यहां तीन दिनों तक सभी आगंतुकों के लिए मुफ्त नेत्र जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। साथ ही पैदल यात्रियों के सुरक्षित यात्रा, सड़क पर सुरक्षित वाहन चलाने के तरीकों, ट्रैफिक नियमों का पालन करने और जिम्मेदार नागरिक बनने के बारे में जागरूकता फैलाई जाएगी। विभाग बच्चों को विशेष रूप से सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाएगा ताकि वे छोटी उम्र से ही सुरक्षित व्यवहार अपनाना सीख सकें। पवेलियन में लाइट मोटर व्हीकल (एलएमवी) का सिम्यूलेटर भी लगाया जाएगा, जहां दर्शक अपने ड्राइविंग कौशल की जांच कर सकेंगे। मौके पर लोगों को सुरक्षा कवच के रूप में हेलमेट, रोड सेफ्टी बैंड, चाबी रिंग और सड़क सुरक्षा स्लोगन युक्त रिफ्लेक्टिव टेप वितरित किए जाएंगे। इसके अलावा सड़क सुरक्षा पर आधारित एनिमेशन वीडियो का प्रदर्शन, विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से, क्यूआर कोड के जरिए सेवाओं की जानकारी और विभाग से जुड़ी सेवाओं के लिए 8 सहायता केंद्र काउंटर भी लगाए जाएंगे।

## वैश्विक संकट के बीच भारत पूरी तरह सुरक्षित, विपक्ष अफवाह फैलाने से बाज आए : संतोष कुमार सुमन

**पटना (एनएसबी)।** वैश्विक स्तर पर उत्पन्न तनावपूर्ण परिस्थितियों के बीच भारत की स्थिति पूरी तरह स्थिर और सुरक्षित है। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन ने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बावजूद भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतें अभी भी स्थिर हैं, जो केंद्र सरकार की दूरदर्शी नीतियों और प्रभावी प्रबंधन का परिणाम है। सुमन ने कहा कि दुनिया के कई विकसित देशों में पेट्रोलियम उत्पादों के दाम 5 से 20 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं, जबकि भारत में आम जनता पर अतिरिक्तबोझ नहीं पड़ने दिया गया है। उन्होंने कहा कि देश में पेट्रोलियम और रसोई गैस की आपूर्ति भी सामान्य है और किसी प्रकार का संकट नहीं है। जो भी छोटी-मोटी परेशानियाँ दिखाई दे रही हैं, वे केवल अफवाहों और अनावश्यक पैनिक के कारण पैदा हो रही हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक संकट के समय विपक्ष की भूमिका बेहद जिम्मेदार होनी चाहिए।

## एलपीजी की समस्याओं के निदान के लिए विभाग ने बनाया नियंत्रण कक्ष

### नियंत्रण कक्ष सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक रहेगा कार्यरत

**पटना (एनएसबी)।** राज्य में प्राकृतिक गैस (एलपीजी) से संबंधित समस्याओं को तुरंत दूर करने के लिए खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण ने पटना में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। यह नियंत्रण कक्ष प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक कार्यरत रहेगा। इस अवधि के दौरान राज्य के उपभोक्ता एलपीजी की उपलब्धता, वितरण अथवा उससे संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत के संबंध में इस विभागीय नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर सकते हैं।

आमलोग अपनी समस्याओं एवं कठिनाइयों से नियंत्रण कक्ष को टेलीफोन नंबर 0612-2233050 पर अवगत करा सकते हैं, ताकि विभाग द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि एलपीजी से संबंधित किसी भी समस्या की स्थिति में अनावश्यक भ्रमित होने के बजाय विभाग द्वारा स्थापित नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें, जिससे समस्याओं का शीघ्र निदान सुनिश्चित किया जा सके।

जिलाधिकारी, पटना एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना द्वारा सभी पुलिस अधीक्षकों, अनुमंडल पदाधिकारियों, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, गैस कंपनियों के अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचलाधिकारियों, थानाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ आपूर्ति एवं वितरण के संबंध में समीक्षा बैठक की गई। पदाधिकारियों को ब्लैक मार्केटिंग, होर्डिंग या अधिक दाम पर बिक्री की शिकायत आने पर अवैध कार्यो में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध तुरत प्राथमिकी दर्ज करने एवं गिरफ्तार करने तथा उपभोक्ताओं की हर सुविधा का ध्यान रखने का निदेश दिया गया। उपभोक्ताओं के हितों से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता।

# हरित क्रांति : जल-जीवन-हरियाली से बदल रहा पर्यावरण, हरित आवरण हुआ 15 .5 प्रतिशत के पार

**पटना (एनएसबी)।** बिहार में करीब सात वर्ष पहले शुरू जल-जीवन-हरियाली अभियान से पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में क्रांतिकारी बदलाव आया है। पौधशाला सृजन और सघन पौधरोपण से जहां हरित आवरण में तेजी से उछाल आया है। वहीं ग्रामीण आजीविका को भी मजबूती मिली है। अभियान के तहत राज्य में अभी तक 21 करोड़ 24 लाख 97 हजार 366 पौधे लगाए जा चुके हैं। इससे राज्य में हरित आवरण 15.5 प्रतिशत तक पहुंच गया है। ग्रामीण विकास विभाग की ओर से वर्ष 2019 से जल-जीवन-हरियाली अभियान का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पौधरोपण के सहारे हरित क्षेत्र का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। इसी क्रम में राज्य में सबसे अधिक चार करोड़ छह लाख एक हजार 631 पौधे वित्तीय वर्ष 2024-25 में लगाए गए। वर्ष 2025-26 में तीन करोड़ 37 लाख 93 हजार 997, वर्ष 2023-24 में तीन करोड़ 31 लाख आठ हजार 362, वर्ष 2022-23 में दो करोड़ 72 लाख 41 हजार 89, वर्ष 2021-22 में तीन करोड़ 31 लाख आठ हजार 904, वर्ष 2020-21 में तीन करोड़ 26 लाख 19 हजार 678 और वर्ष 2019-20 में एक करोड़ 48 लाख 13 हजार 705 पौधे लगाए गए।

### 7 वर्षो में 21 करोड़ से अधिक हुआ पौधरोपण, नर्सरी की संख्या बढ़ने से खुले रोजगार के द्वार

> विश्व स्तर पर जलवायु परिवर्तन की समस्या एक ज्वलंत मुद्दा है। इससे बचने के लिए पौधरोपण बहुत ही आवश्यक है। जल-जीवन-हरियाली अभियान सरकार की एक गंभीर और महत्वाकांक्षी योजना है। इसके सहारे पर्यावरण संरक्षण और जलवायु संतुलन की दिशा में क्रांतिकारी प्रयास किए गए हैं। पौधरोपण से राज्य के हरित क्षेत्र का तेजी से विस्तार हुआ है। इसके साथ ही लाखों जीविका दीदियों के लिए रोजगार की एक नई राह बनी है।
>
> श्रवण कुमार, ग्रामीण विकास मंत्री, बिहार सरकार

पिछले सात वर्षो में राज्य भर में किए गए सघन पौधरोपण की वजह से आज हरित क्षेत्र का दायरा भी तेजी से बढ़ा है। यह 15.5 फीसदी तक पहुंच चुका है। सरकार की मंशा के अनुसार वर्ष 2028 तक हरित आवरण 17 फीसदी तक करने का लक्ष्य है। विभागीय पदाधिकारियों का कहना है कि राज्य में पौधरोपण अभियान चलाने से ग्रामीण आजीविका की रीढ़ भी मजबूत हुई है। फलदार पौधे लगाने से फल के माध्यम से जहां किसानों की आर्थिक आमदनी बढ़ी है वहीं स्वयं सहायता समूहों और जीविका दीदियों के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार का नया विकल्प तैयार हुआ है।

नर्सरियों में हवादार और फलदार पौधे तैयार कर समूह की सदस्य और जीविका दीदी सालाना लाखों की कमाई कर रही हैं। साथ ही सड़क, नहर, सार्वजनिक स्थल, विद्यालय परिसर, सरकारी कार्यालय और ग्राम पंचायत क्षेत्रों में सघन पौधरोपण से हरित क्षेत्र में तेजी से विस्तार हुआ है।

### अमेरिकी मुक्त व्यापार समझौता, बीज, बिजली एवं कीटनाशक विधेयक के खिलाफ किसान उतरेंगे सड़कों पर

# 9 अप्रैल को पटना में किसान संसद से संघर्ष की होगी हुंकार

**पटना (एनएसबी)।** स्वामी सहजानंद सरस्वती आश्रम पटना में संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार द्वारा आयोजित चिंतन शिविर में शामिल 17 किसान संगठनों ने एक स्वर से बिहार में जुझारू किसान आंदोलन को तेज करने का आह्वान किया।

खासकर अमेरिका के साथ मुक्त व्यापार समझौते में कृषि और संबद्ध काम-धंधों को शामिल करने का पुरजोर विरोध किया। प्रस्तावित बिजली बिल, बीज बिल एवं कीटनाशक बिल विधेयक रद्द करने, किसानों का कर्जा माफी, 1000 किसानों को मासिक पेंशन, एमएसपी की कानूनी गारंटी, दूध एवं गन्ना उत्पादकों की लूट पर रोक, धान अधिप्राप्ति में भयानक लूट पर रोक, भूमि अधिग्रहण में किसानों को जमीन का वाजिब मुआवजा एवं अन्य लाभ, दाखिल खारिज एवं सर्वे के नाम पर हो रहे किसानों की लूट पर कठोर कार्रवाई, खाद की कालाबाजारी पर रोक एवं किसानों को सस्ते दाम पर खाद ,बीज एवं सिंचाई का प्रबंध के साथ सभी फसलों का बीमा के लिए बिहार में एक बड़े आंदोलन का शंखनाद करने से पहले सुबे बिहार में जन अभियान चलाने की ठोस योजना बनाई गई।



स्वामी सहजानंद सरस्वती आश्रम पटना में संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार द्वारा आयोजित चिंतन शिविर।

इसके लिए पटना में 9 अप्रैल को विशाल किसान संसद आयोजित किया जाएगा। जिसमें बिहार में किसानों की हकमारी के खिलाफ संघर्षरत सभी किसान संगठनों को शामिल करने के लिए विशेष पहल और पेशकदमी लेने का निर्णय हुआ।

कार्यक्रम का संचालन के लिए एक संचालन समिति का गठन किया गया और कोषाध्यक्ष शशि कुमार को बनाया गया।

चिंतन शिविर को किसान नेता दिनेश कुमार,अशोक प्रसाद सिंह, रामायण सिंह, प्रदीप प्रियदर्शी, अशोक प्रियदर्शी, जालंधर यदुवंशी, प्रो सुधीर कुमार, देव कुमार,सुरेश कुमार, प्रमोद कुमार सिंह, कृष्णा सिंह, शशि कुमार, शिव शंकर सिंह चितू, सत्येन्द्र नारायण सिंह, अमरेश नंदन, कांति शर्मा, गणेश कुमार, लोरिक यादव आदि ने चिंतन शिविर को संबोधित किया। चिंतन शिविर की अध्यक्षता वशिष्ठ प्रसाद सिंह ने की।

इस अवसर पर सर्वसम्मति से 9 अप्रैल को पटना में किसान संसद लगाने का फैसला लिया गया तथा किसान संसद की सफलता के लिए 9 सदस्यीय संचालन समिति का गठन किया गया।

चिंतन शिविर में अमेरिका के दबाव में किया गया कृषि व्यापार समझौता कृषि और किसानों के लिए विनाशकारी है। इसके खिलाफ लड़ाई लड़ने की उदघोषणा की गई तथा वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की केन्द्र सरकार से मांग की गई।आज अमेरिका पूरी दुनिया में अपनी दादागिरी चलाना चाह रही है।




कबड्डी लीग में मगध वारियर्स और सारण के बीच हो रहे मैच का दृश्य।

## एमेजॉन एमएक्स प्लेयर ने 2026 के लिए अब तक की अपनी सबसे बड़ी कंटेंट सूची पेश की, जिसमें 150 से अधिक नए शो शामिल

**पटना (एनएसबी)।** भारत की प्रमुख मुफ्त स्ट्रीमिंग सेवा एमेजॉन एमएक्स प्लेयर ने 2026 के लिए अब तक की अपनी सबसे बड़ी कंटेंट सूची की घोषणा की, प्लेटफार्म 150 से अधिक नए और पहले से चल रहे शो लेकर आ रहा है। विभिन्न शैलियों, प्रारूपों और कहानी कहने के अंदाज में फैली इस सूची के जरिए प्लेटफर्म का उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाली मनोरंजन सामग्री को देशभर के दर्शकों तक पूरी तरह मुफ्त पहुँचाना है।

सूची में सबसे प्रमुख शो में शामिल है मेड इन इंडियाः द टाइटन स्टोरी, जिसमें नसीरुद्दीन शाह और जिम सरभ हैं। यह एक प्रेरणादायक ड्रामा है, जो महत्वाकांक्षा और विरासत बनाने की कहानी पर केंद्रित है। इसके साथ ही, नाना पाटेकर, संजय कपूर, नीरज काबी और मोहम्मद जीशान अय्यूब की फिल्म संकल्प भी है। यह एक रोमांचक सामाजिक-राजनीतिक थ्रिलर है, जो सत्ता और नेतृत्व की जटिल दुनिया को उजागर करता है।

न्याय, प्रतिशोध और थ्रिलर की थीम वाली फिल्में अब होगा हिसाब के साथ और भी मजेदार हो गई हैं, जिसमें शाहीर शेख, मौनी रय और संजय कपूर हैं। इसके साथ ही द ब्यूरोक्रेट जैसे प्रशासनिक ड्रामा, जिसमें अमोल पराशर मुख्य भूमिका में हैं, इस लाइन-अप को और विविध बनाती हैं। इस रेंज को और बढ़ाते हुए, साकिब सलीम स्टारर कप्तान जैसी जबरदस्त एक्शन एंटरटेनर फिल्में, सनी हिंदुजा स्टारर विमल खन्ना की हाई-स्टेक्स सर्वाइवल थ्रिलर, दिव्येंदु शर्मा और भुवन अरोड़ा स्टारर कप ड्रामा वेटिंग है, और रवि किशन, अमेय वाघ और विशाल जेठवा स्टारर क्राइम ड्रामा क्लीन अप क्रू हैं। ये सभी शीर्षक मिलकर एमेजॉन एमएक्स प्लेयर की विशालता और बदलती रचनात्मक दृष्टि को दर्शाते हैं, जो दर्शकों तक प्रीमियम कहानी कहने का अनुभव लगातार पहुँचाता है।

# एमएसएमई उद्यमियों को सरकारी खरीद प्रक्रिया में भागीदारी के लिए किया प्रेरित

### पटना में दो दिवसीय सीपीएसई स्तर विक्रेता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**पटना (एनएसबी)।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एमएसएमई विकास कार्यालय, पटना द्वारा पावरग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, पूर्वी क्षेत्र-1 क्षेत्रीय मुख्यालय, पटना के सहयोग से 13 मार्च 2026 से 14 मार्च 2026 तक पावरग्रिड, ईआर-1 मुख्यालय, पटना में दो दिवसीय सीपीएसई स्तर विक्रेता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ जोड़ना, उन्हें सरकारी खरीद प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्रदान करना तथा उनके उत्पादों एवं सेवाओं के लिए नए व्यावसायिक अवसर उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम के अंतर्गत विक्रेता मिलन सह उत्पाद प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न एमएसएमई इकाइयों द्वारा अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण से हुई, जिसमें श्री चंदन, महाप्रबंधक , पावरग्रिड, ईआर-1 मुख्यालय, पटना ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम एमएसएमई इकाइयों को बड़े सार्वजनिक उपक्रमों के साथ व्यावसायिक संबंध स्थापित करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं तथा स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहित करने में सहायक सिद्ध होते हैं।

इसके पश्चात श्री एस. के. वर्मा, सहायक निदेशक , एमएसएमई-डीएफओ, पटना ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं एमएसएमई मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि विक्रेता विकास कार्यक्रम का उद्देश्य एमएसएमई उद्यमियों को सीपीएसई की खरीद प्रणाली से अवगत कराना तथा उन्हें सरकारी खरीद में अधिकाधिक भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रम में विभिन्न उद्योग एवं उद्यमी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। श्रीमती प्रीति सिंह, संयुक्त सचिव, पटना, श्री सुमन शेखर, महासचिव, लघु उद्योग भारती, बिहार चैप्टर, श्री मुकेश कुमार, चेयरमैन, पीपी पलिसी, बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, पटना तथा श्री शैलेश कुमार, उप महाप्रबंधक, एनएसआईसी, पटना ने अपने संबोधन में एमएसएमई क्षेत्र के विकास में ऐसे कार्यक्रमों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा उद्यमियों को सरकारी खरीद प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का विशेष भाषण श्री आर एल खेतान, अध्यक्ष, बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, पटना द्वारा दिया गया, जिसमें उन्होंने बिहार में उद्योगों के विकास में एमएसएमई क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उद्यमियों को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के उद्घाटन भाषण श्री आर. के. चौधरी, आईईडीएस, निदेशक, एमएसएमई-डीएफओ, पटना ने अपने उद्घाटन संबोधन में कहा कि भारत सरकार द्वारा एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए अनेक नीतियां एवं योजनाएं लागू की गई हैं। उन्होंने कहा कि विक्रेता विकास कार्यक्रम के माध्यम से एमएसएमई उद्यमियों को सीपीएसई के साथ सीधे संवाद स्थापित करने का अवसर प्राप्त होता है, जिससे उनके उत्पादों की बाजार तक पहुंच बढ़ती है और नए व्यापारिक अवसर सृजित होते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती शीला रानी, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना), पावरग्रिड, ईआर-1 मुख्यालय, पटना द्वारा की गई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि पावरग्रिड एमएसएमई इकाइयों के साथ साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जाता रहेगा।

कार्यक्रम के दौरान तकनीकी सत्रों का भी आयोजन किया गया। प्रथम तकनीकी सत्र में श्री एस. के. वर्मा, सहायक निदेशक (ग्रेड-), एमएसएमई-डीएफओ, पटना द्वारा सार्वजनिक खरीद नीति योजना पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई। इसके अतिरिक्त विभिन्न संगठनों द्वारा वेंडर पंजीकरण प्रक्रिया एवं वार्षिक भंडार आवश्यकताओं से संबंधित जानकारी प्रदान की गई, जिसमें पावरग्रिड, आईओसीएल-बीआर, एनएसआईसी तथा एनटीपीसी के प्रतिनिधियों ने महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।

# एसडीओ एवं एसडीपीओ जुलूसों के मार्ग का शत-प्रतिशत सत्यापन करें

**पटना (एनएसबी)।** जिलाधिकारी, पटना डा. त्यागराजन एस.एम. एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना कार्तिकेय के. शर्मा ने कहा है कि ईद, चैती दुर्गापूजा, चैती छठ, रामनवमी पर्व एवं बिहार दिवस कार्यक्रम के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी इसके प्रति सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहें। अधिकारीद्वय समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में इस विषय पर आयोजित एक बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।




जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा ईद, चैती दुर्गापूजा, चैती छठ, रामनवमी पर्व एवं बिहार दिवस कार्यक्रम के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण तथा अन्य प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी व वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर भीड़ नियंत्रण के सभी उपायों को ध्यान में रखकर वरीय दंडाधिकारियों के नेतृत्व में दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। ड्रोन, वीडियो कैमरा एवं सीसीटीवी से निगरानी रखी जाएगी। असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक, यातायात द्वारा यातायात प्रबंधन एवं पार्किंग का उचित प्रबंध किया जाएगा। जिलाधिकारी ने संवेदनशील स्थानों पर अत्यधिक सतर्कता बरतने एवं अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्ती से निपटने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आपसी समन्वय के द्वारा किसी भी कार्य को बखूबी निभाया जा सकता है। उन्होंने नियंत्रण कक्षों को सतत क्रियाशील रखने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी व वरीय पुलिस अधीक्षक ने निदेश दिया कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए कि रिस्पांस टीम (क्यूआरटी) एवं कि मेडिकल रिस्पांस टीम (क्यूएमआरटी) तैनात रखें। चैती छठ के अवसर पर गंगा नदी एवं अन्य नदियों तालाबों के घाटों पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ एकत्रित होती है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से आपदा की आकस्मिकता से निपटने हेतु एनडीआरएफ एसडीआरएफ टीम की प्रतिनियुक्ति करें।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा पूजा समितियों के प्रतिनिधियों से भी विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने पदाधिकारियों को समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर सुढ़ प्रशासनिक तैयारी सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी पुलिस अधीक्षकों, अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों से एक-एक कर तैयारियों के बारे में जानकारी ली गई। अधिकारीद्वय ने कहा कि शरारती तत्वों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई तथा बंध पत्र भरवाने की कार्रवाई करें। पूर्व की घटनाओं में शामिल व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई करें। असामाजिक तत्वों के विरूद्ध लोक शांति एवं व्यवस्था के हित में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की सुसंगत धाराओं के अर्न्तगत कार्रवाई करें।

जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निदेश देते हुए कहा कि किसी भी घटना को रोकने के लिए सतर्कतामूलक एवं निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें। घाटों पर एनडीआरएफ तथा एसडीआरएफ टीम की प्रतिनियुक्ति करें। जनसुरक्षा हेतु पब्लिक डोमेन में एडवायजरी जारी किया जाए ताकि आम जनता को कोई समस्या न हो। पर्व-त्योहार में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। निर्धारित अवधि के बाद लाउडस्पीकर बजाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

जिलाधिकारी व वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी एसडीओ एवं एसडीपीओ अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिनियुक्त किए जाने वाले दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की स्पॉट ब्रीफिंग सुनिश्चित करेंगे।

## ट्रूकॉलर ने भारत में फैमिली प्रोटेक्शन फीचर लान्च किया

**पटना (एनएसबी)।** जैसे-जैसे डिजिटल अरेस्ट, नकली पहचान और एआई वइस क्लोनिंग जैसे ऑनलाइन धोखाधड़ी के तरीके भारतीय परिवारों की सुरक्षा के लिए सीधा खतरा बन रहे हैं, ट्रूकॉलर, जो कि एक प्रमुख वैश्विक कम्युनिकेशन प्लेटफार्म है, पहचान करने के काम से आगे बढ़कर परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठा रहा है, इसके तहत भारत में फैमिली प्रोटेक्शन लान्च किया गया है। यह फीचर पहले ही स्वीडन, चिली, मलेशिया और केन्या जैसे कई वैश्विक बाजारों में सफलतापूर्वक शुरू हो चुका है। ट्रूकॉलर का फैमिली प्रोटेक्शन एक आधुनिक डिजिटल सुरक्षा कवच है, जिसे पूरे परिवार, विशेष रूप से बुजुर्गो को तेजी से बढ़ती ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाने के लिए बनाया गया है। हर परिवार में आमतौर पर एक टेक-जानकार सदस्य या मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी होता है, जो अपने माता-पिता, बुजुर्गो और बच्चों की डिजिटल सुरक्षा का ध्यान रखता है। फैमिली प्रोटेक्शन इस को तुरंत अलर्ट देता है और रिमोट कॉल हैंग-अप फीचर भी प्रदान करता है, जिससे वे किसी भी सदस्य के लिए संदिग्ध कल तुरंत बंद कर सकते हैं। इसमें साझा ब्लाक लिस्ट, अनुकूलन योग्य (कस्टमाइजेबल) सुरक्षा स्तर और डैशबोर्ड भी शामिल है, जो डिवाइस की सुरक्षा सेटिंग्स की निगरानी करता है और एंड्रइड तथा दोनों डिवाइस पर सुरक्षा सुनिश्चित करता है। सबसे महत्वपूर्ण बात, फैमिली प्रोटेक्शन उपयोग करने के लिए पूरी तरह मुफ्त है, जिससे लोग तुरंत अपने परिवार की सुरक्षा शुरू कर सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### दिव्यांगजनों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील हुई अलीनगर की विधायक मैथिली ठाकुर

**दरभंगा।** अलीनगर विधानसभा क्षेत्र की विधायक एवं गायिका सुश्री मैथिली ठाकुर से नेत्रम् फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष राकेश किरण झा की शिष्टाचार भेंट हुई। इस अवसर पर नेत्रम् फाउंडेशन द्वारा दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु संचालित एवं प्रस्तावित विभिन्न रचनात्मक प्रकल्पों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। भेंट के दौरान राकेश किरण झा ने नेत्रम् फाउंडेशन की भावी योजनाओं तथा दिव्यांगजनों के आत्मसम्मान, स्वावलंबन और सामाजिक सहभागिता को सुदृ करने के उद्देश्य से किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। साथ ही आगामी 6 एवं 7 जून को दरभंगा में आयोजित होने वाले अनुगूंज रू प्रथम ष्टि दिव्यांग अखिल भारतीय सुगम संगीत महोत्सव के उद्देश्य एवं स्वरूप से भी उन्हें अवगत कराया गया।

### मिथिला विवि के 56 केन्द्रों पर 1,62,000 परीक्षार्थी दे रहे हैं स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी के दिशा-निर्देश में विश्वविद्यालय क्षेत्र के अंतर्गत चारों जिलों में ातक प्रथम सेमेस्टर (2025-29) की कला, विज्ञान एवं वाणिज्य की परीक्षा कुल 56 केन्द्रों पर शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त संपन्न हो रही है। इन केद्रों पर लगभग 1,62,000 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। ज्ञातव्य है कि उक्त परीक्षा 11 मार्च से प्रारंभ हुई है जो 1 अप्रैल, 2026 तक चलेगी। परीक्षा प्रारंभ होने के तीसरे दिन पीआरओ ड आर एन चौरसिया ने परीक्षा नियंत्रक ड मो इंसान अली के हवाले से बताया कि दरभंगा में 17, मधुबनी में 14, समस्तीपुर में 17 तथा बेगूसराय में 8 परीक्षा-केन्द्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी केन्द्रों पर केन्द्राधीक्षक के रूप में प्रधानाचार्य के साथ ही कलेज के परीक्षा नियंत्रक तथा विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त स्थायी पर्यवेक्षक सक्रियता पूर्वक कार्य कर रहे हैं।

### लाइन काटे जाने के बाद चार लोग चोरी से जला रहे थे बिजली, एफआईआर दर्ज

**सिंहवाड़ा।** स्थानीय थानाक्षेत्र के भरवाड़ा पठानटोली में जेई राम रतन कुमार के नेतृत्व में पहुंची टीम ने जफीर अहमद एवं भरवाड़ा के ही मो अनवारूल के घर बिजली की चोरी पकड़ ली। सिमरी थाना क्षेत्र के कंसी गांव में बिजली विभाग के जेई प्रमोद कुमार के नेतृत्व में पहुंची टीम ने राजेंद्र चौपाल एवं भराठी गांव में रविंद्र कुमार यादव के यहां बिजली की चोरी पकड़ ली। टीम ने मौके से तार काटकर जप्त कर दिया। जेई ने बताया कि पूर्व से बिजली बिल बकाया के कारण उनकी लाइन काट दी गई थी। इसके बावजूद चोरी से यह लोग बिजली का उपयोग कर रहे थे।

### रंगदारी मांगने वाले के घर पर छापा
### बहेड़ा पुलिस ने बरामद की देसी पिस्तौल

**बेनीपुर।** बहेड़ा पुलिस ने थाना क्षेत्र के मोतीपुर निवासी अभिषेक झा उर्फ टुनटुन झा के घर छापमारी कर उनके घर से एक देशी पिस्तौल बरामद किया है। उक्त जानकारी देते हुए प्रभारी थानाध्यक्ष सह डी एस पी रौशन कुमार ने कहा कि 12 मार्च को मोतीपुर चौक निवासी सुरेश सहनी ने बहेड़ा थाना को सूचना देते हुए कहा कि उनके बेटी के शादी समारोह के बीच गांव के ही अभिषेक झा ने पिस्टल लहराते हुए घर पर पहुंच कर रंगदारी मांगा है। पुलिस ने त्वरीत कार्रवाई करते हुए उनके घर की तलाशी की तो उनके घर से एक देशी पिस्टल बरामद हुआ,जबकि वह भागने में सफल रहा। उनके विरुद्ध अवैध हथियार रखने के आरोप में प्राथमिक की दर्ज की गई है। छापामारी दल में पंकज कुमार, हरिद्वार शर्मा, दीपक कुमार, अनुराधा गौतम कुमार आदि शामिल थे।

### घर से 14 वर्षीया नावालिग लड़की का अपहरण सात लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज

**सिंहवाड़ा।** सिमरी थाना क्षेत्र के एक गांव से एक 14 वर्षीय नावालिग लडकी के घर से अपहरण करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में लडकी के पिता ने सिमरी थाने मे एफआईआर दर्ज कराया है। जिसमें सिमरी निवासी अमित यादव, चंद किशोर यादव, अमित यादव की मां सोनी देवी, पिता सोनेलाल यादव, ललित यादव, अनरजीत यादव सहित सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र के गोभी चौक निवासी चंदन यादव को नामजद किया है। उसने पुलिस को बताया की मेरे ही ग्रामीण सोने लाल यादव के पुत्र अमित यादव हमेशा मेरे नाबालिग पुत्री को आने जाने के क्रम मे परेशान करता था। उसने घटना के दो दिन पूर्व अपने मित्र सिमरी निवासी चन्द्र किशोर यादव एवं सिंहवाडा थाना क्षेत्र के कोभी चौक निवासी चंदन यादव को बताया की एक दो दिन के अंदर इस लडकी का अपहरण कर लेंगे। बारह मार्च की रात अपहर्ता ने मेरी पुत्री का अपहरण कर लिया। उसका मित्र चंदन ने बताया की आपके पुत्री का अपहरण अमित यादव ने किया है। उसने बताया कि जब हमलोग उसके यहां जानकारी लेने गये तो सोनेलाल यादव उसके पत्नी सोनी देवी, ललित यादव एवं अनरजीत कुमार ने गाली-गलौज किया।सिमरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया की एफआईआर दर्ज कर मामले का अनुसंधान किया जा रहा है। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया की एफआईआर दर्ज कर लड़की की बरामी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### फॉगिंग मशीन बेकार, नगरवासियों को नहीं मिल रही मच्छरों से निजात

**बेनीपुर।** नगर परिषद में फौगिंग मशीन मौजूद होने के बावजूद भी मच्छरों से निजात न मिलने से स्थानीय लोग गंभीर रूप से प्रभावित हैं। गर्मियों और मानसून में डेंगू-मलेरिया का खतरा बढ़ जाता है, लेकिन प्रशासन की लापरवाही से फौगिंग का नामोनिसान ही रह गया है।नगर परिषद की फौगिंग मशीनें खराब पड़ी हैं या उपयोग में नहीं लाई जा रही है । जहां करोड़ों की मशीनें धूल खा रही हैं। बेनीपुर में भी कचरा प्रोसेसिंग जैसे प्रोजेक्ट कचरे में दबे पड़े हैं, जो प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है। मच्छरों का आतंक इतना बढ़ गया है कि लोग सो नहीं पाते। बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं, फिर भी घरेलू उपाय जैसे मच्छरदानी ही सहारा बने हुए हैं।अधिकारियों का मौन।कार्यपालक पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हैं।पुछने पर स्वक्षता पदाधिकारी ईन्दजित पाल ने बताया कि फौगींग मशीन ठीक है , कार्यपालक पदाधिकारी से बात कर जल्द ही नगरपरिषद क्षेत्र में फौगिंग करवा देंगे।

# जिले में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है एलपीजी

## गैस की जमाखोरी या कालाबाजारी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी, दरभंगा के आदेश के आलोक में जिले के सभी गैस एजेंसियों के कार्यो पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए वरीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इन पदाधिकारियों की उपस्थिति में गैस सिलेंडरों का वितरण कराया जा रहा है, ताकि आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा वितरण प्रक्रिया पारदर्शी एवं सुचारू रूप से चलते रहें।

उल्लेखनीय है कि दरभंगा जिलान्तर्गत संचालित एलपीजी गैस एजेंसियों द्वारा 13 मार्च को 12 हजार 260 गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया, जबकि 10,055 सिलेंडर एजेसिंयों के पास शेष हैं। दरभंगा जिले में 14 मार्च 2026 को 6,732 एलपीजी सिलेंडर आने की संभावना है। इस प्रकार दरभंगा जिला में संचालित एजेंसियों के पास 16,787 गैस सिलेंडर भंडारित होगा, जिसमें से 14 मार्च को दरभंगा जिलान्तर्गत एजेंसियों द्वारा कुल 11 हजार 970 गैस सिलेंडरों का वितरण किये जाने की संभावना है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है। पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है।




आमजनों से अपील की गई है कि वे सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रही अफवाहों पर ध्यान नहीं दें और किसी भी प्रकार की गलत सूचना से बचें। जिला प्रशासन द्वारा गैस वितरण व्यवस्था की सतत एवं गहन निगरानी की जा रही है, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके।

## गैस की किल्लत ईद की खुशियों पर लगा रही ग्रहण : असलम

**दरभंगा (एनएसबी)।** प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि एवं जिला मीडिया प्रभारी असलम ने जिले में गहराए घरेलू गैस संकट पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने शुक्रवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि ईद-उल-फितर के महापर्व में अब एक सप्ताह से भी कम का समय बचा है, लेकिन गैस की किल्लत ने त्योहार की खुशियों पर ग्रहण लगा दिया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन जिले में पर्याप्त गैस आपूर्ति का दावा कर रहा है, जबकि हकीकत में आम जनता सुबह से ही एजेंसियों के बाहर लंबी कतारों में लगने को मजबूर है और अंत में उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जिले की अधिकांश गैस एजेंसियों के लैंडलाइन फोन खराब हैं और संकट के समय में एजेंसी मालिक अपने मोबाइल बंद कर भूमिगत हो गए हैं। असलम ने अंदेशा जताया कि इस कृत्रिम किल्लत की आड़ में गैस की कालाबाजारी की जा रही है। असलम ने कहा कि आपदा में अवसर तलाशने वाली केंद्र की भाजपा सरकार को जनता की दुःख-तकलीफों से कोई सरोकार नहीं है।

## नियंत्रण कक्ष में प्राप्त हुईं 54 शिकायतें

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी दरभंगा के आदेश के आलोक में जिला में एलपीजी की आपूर्ति में हो रही कठिनाई के समाधान के लिए जिला आपदा प्रबंधन शाखा, दरभंगा द्वारा संचालित जिला नियंत्रण कक्ष में शुक्रवार को 54 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। प्राप्त शिकायतों को नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त कर्मियों द्वारा संज्ञान में लेते हुए संबंधित मार्केटिंग अफसर को अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रेषित कर दिया गया है, ताकि शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06272 -245055 है। प्राप्त शिकायतों में दरभंगा सदर प्रखण्ड से 23, बहादुरपुर प्रखण्ड से 19, बिरौल प्रखण्ड से 7, घनश्यामपुर प्रखण्ड से 1, सिंहवाड़ा प्रखण्ड से 2, तारडीह प्रखण्ड से 2, मनीगाछी प्रखण्ड से 1, बेनीपुर प्रखण्ड से 1, जाले प्रखण्ड से 1, हनुमाननगर प्रखण्ड से 1 तथा हायाघाट प्रखण्ड से 1 शिकायत शामिल हैं।

# दूल्हे की दूसरी शादी के अफवाह से लौटी बारात

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** कलिगांव में 11 मार्च की रात दूल्हे की दूसरी शादी का अफवाह उड़ा देने से दूल्हे को बिना दुल्हनिया के बैरंग लौटना पड़ा। आलम यह हुआ कि दूल्हे के पिता को शादी का पूरा खर्च दूसरे पक्ष के पास जमा करना पड़ा। अगले दिन समाज

**सच्चाई पता चलने पर अगले दिन हुई दुल्हन की बिदागरी**

के हस्तेक्षप से जब सच्चाई सामने आई तब जाकर दूल्हे के पिता एवं परिजनों को बुलाया गया और शादी की रस्म पूरी कर दूल्हा-दुल्हन की विदाई की गई।

बताया गया है कि बुधवार की शाम मंगल गान गा रही महिलाएं मोरो गांव से आ रही बारात का इंतजार कर रही थी। बाजे गाजे के साथ नाचते झूमते बारातियों का झुंड दूल्हे के साथ दुल्हन के घर पहुंची। पंडाल में बैठे बारातियों का चाय नाश्ता एवं तरह-तरह की मिठाई से ग्रमीणों ने भव्य स्वागत किया। इधर बारातियों को खाना खिलाने का कार्यक्रम शुरू हुआ। उधर दूल्हे को शादी के लिए आंगन में बने मंडप पर ले जाया गया। अभी शादी की रस्म चल ही रही थी कि किसी रिश्तेदार ने मौके पर पहुंच कर अफवाह फैला दी कि इस लड़के की शादी पूर्व में राजस्थान में हो चुकी है। इतना सुनते ही लड़की ने शादी से मना कर दिया। इधर बारात खाना खाकर दरवाजे पर बैठी ही थी कि शादी रुकने की जानकारी


सिंहवाड़ा में विवाह समारोह में विवाद के बाद मौके पर जमा दोनों पक्षों के लोग।

मिलते ही भगदड़ मच गई। कई बारात जैसे तैसे मौके से भाग निकले। दूल्हा, दूल्हे के पिता एवं प्रमुख परिजनों को ग्रामीणों ने रोक लिया। बारह मार्च की सुबह शादी समारोह में हुए खर्च का पाई-पाई दूल्हा के पिता ने चुकाया। इसके बाद बिना दुल्हन के ही दूल्हा अपने परिजनों के साथ अपने घर मायूस होकर लौट गया। क्षेत्र के लोग मौके पर पहुंच गए। बातचीत के दौरान पता चला कि लड़का राजस्थान में किसी कंपनी में काम कर रहा था। कम्पनी में ही एक लड़की से उसे प्रेम हो गया था। उसके साथ वह एक माह तक रहा था। इसके बाद बताया गया कि लड़की उसे छोड़कर चली गई। चार वर्ष पूर्व हुई इस घटना के बाद लड़की को बेवफा समझ कर लड़का बार-बार शादी से इनकार करता रहा। वस्तु स्थिति की जानकारी मिलते ही लोगों ने मोरो गांव पहुंचकर दूल्हा-दूल्हे के पिता एवं परिजनों को बारह मार्च की देर शाम आदर सहित बुलाया। रात में फिर से खाने-पीने की अच्छी व्यवस्था की गई। शादी की बाकी रस्म विधि विधान से पूरी की गयी। शुक्रवार की सुबह बाजे-गाजे के साथ धूमधाम से दूल्हा दुल्हन एवं परिजनों की विदाई की गई। कलिगांव से लेकर मोरो गांव तक दिन भर इस बात की चर्चा होती रही।

## विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों के मानदेय का समय पर करें भुगतान : हिमांशु राय

**दरभंगा (एनएसबी)।** आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा हिमांशु कुमार राय की अध्यक्षता में प्रमंडलीय सभागार, दरभंगा में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में दरभंगा प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले जिलों के जिला शिक्षा विभाग से संबंधित अधिकारी सम्मिलित हुए। आयुक्त ने सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारियों को विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों के मानदेय का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। किसी भी परिस्थिति में मानदेय भुगतान में अनावश्यक विलंब नहीं हो।

आयुक्त ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की सुरक्षा व्यवस्था और आधारभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को नियमित रूप से कस्तूरबा विद्यालयों का निरीक्षण करने तथा विद्यालय परिसर की चाहरदीवारी, सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरों को सक्रिय रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शिक्षकों की उपस्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित रहकर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना



सुनिश्चित करें। विद्यालयों में शौचालय, बेंच-डेस्क, पंखा, स्मार्ट टीवी आदि आवश्यक सुविधाएँ कार्यरत हैं या नहीं, इसकी जांच कर विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं।

उन्होंने जर्जर विद्यालय भवनों की स्थिति का सर्वेक्षण कर उसकी रिपोर्ट तैयार कर उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया, ताकि आवश्यकतानुसार मरम्मत या पुनर्निर्माण की कार्रवाई की जा सके। आयक्त ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को अपने-अपने जिलों में कम से कम 10-10 विद्यालयों तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया। साथ ही विद्यालय भवनों का रंग-रोगन कराने, चारदीवारी का निर्माण कराने तथा भूमिहीन विद्यालयों के लिए उपयुक्त भूमि चिन्हित कर उपलब्ध कराने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में उप निदेशक शिक्षा, क्षेत्रीय विकास पदाधिकारी आकाश ऐश्वर्य सहित दरभंगा प्रमंडल के विभिन्न विभागों के संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बच्चों की सुरक्षा के लिए मजबूत कानून और जागरूकता जरूरी : डॉ. धर्मशीला

**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने राज्यसभा में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण संशोधन विधेयक, 2024 पर चर्चा के दौरान कहा कि बच्चों की सुरक्षा केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के भविष्य से जुड़ा गंभीर दायित्व है। उन्होंने कहा कि किसी बच्चे के साथ होने वाला लैंगिक अपराध केवल एक व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि पूरे समाज की आत्मा पर आघात होता है। इसलिए बच्चों की सुरक्षा को लेकर उठाए जाने वाले हर कदम का स्वागत किया जाना चाहिए।

ड. गुप्ता ने कहा कि निजी सदस्य के इस विधेयक में जिन सुधारों की बात कही गई है, उनमें से कई पहल केंद्र सरकार पहले ही लागू कर चुकी है। उन्होंने बताया कि पीड़ित बच्चों को आर्थिक सहायता और पुनर्वास उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने पीड़ित प्रतिकर योजना को मजबूत किया है और



निर्भया फंड के माध्यम से राज्यों को सहायता दी जा रही है।राज्यसभा सांसद ने कहा कि मोदी सरकार ने वर्ष 2019 में कानून में संशोधन कर बच्चों के साथ जघन्य अपराध करने वालों के लिए कठोर दंड का प्रावधान किया है। साथ ही फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट की स्थापना कर मामलों के त्वरित निपटारे की व्यवस्था की गई है, ताकि पीड़ितों को जल्द न्याय मिल सके।

# नीतीश के नेतृत्व में ही बिहार का विकास संभव : प्रो. विनय

**बहेड़ी (एनएसबी)।** प्रखंड के हावीडीह मध्य पंचायत अंतर्गत हावीडीह महादलित टोला में शुक्रवार को मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत अपने ऐच्छिक कोष से नवनिर्मित सड़क का लोकार्पण करते हुए विधायक प्रो. विनय कुमार चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल निर्देशन में ही बिहार का विकास संभव है। वे दो दशक के अपने शासनकाल में आम जनता का दिल जीत कर पुनः सेवा में उपस्थित हो चुके हैं और फिर उससे अधिक ऊर्जावान बनकर बिहार की कायाकल्प करने को तत्पर है। उन्होंने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बहेड़ी प्रखंड के हावीडीह मध्य पंचायत अंतर्गत हावीडीह महादलित टोला में सामुदायिक भवन एवं प्राथमिक विद्यालय आधारपुर के निकट रामनारायण मंडल के घर से शलहेश स्थान तक मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत अपने ऐच्छिक कोष से नवनिर्मित सड़क का लोकार्पण



करते हुए उक्त बातें कही। इस दौरान उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि विरोधियों को आज बोलने के लिए कुछ बचा नहीं है तो आनाप सनाप राग अलाप रहे हैं। हमारे मुख्यमंत्री आज भी उर्जावान होकर राज्य के कोने-कोने में समृद्ध यात्रा के माध्यम से धरातल से जुड़ी योजनाओं एवं समस्याओं का समीक्षा एवं निराकरण कर रहे हैं। वर्तमान समय में पिछले चार दिनों से सीमांचल का दौरा कर विकास योजनाओं का झड़ी लगाने के साथ-साथ जन सरोकारों से जुड़ी समस्याओं को जानने के लिए प्रयासरत है और निदान करने के लिए तत्पर है। इस अवसर पर युवा जदयू जिलाध्यक्ष राम शंकर सिंह,मनीष कुमार,अंकित झा, सुनिल कुमार सिंह,राघवेंद्र प्रसाद,इंद्रलाल देव,अशोक सिंह,निखिल रय,बिंदेशर मांझी,भुट्टू मांझी, प्रकाश झा, तेज नारायण झा, महाकांत झा, जीवछ राम, मनचून पासवान, उमेश राम, रतिकांत सदा, कारी पासवान, नटवर झा,सौरभ झा सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 6जी, हाई-स्पीड इंटरनेट व इमेजिंग तकनीक की दिशा में अप्टिकल फाइबर की भूमिका अहम : प्रो. संजय

**दरभंगा (एनएसबी)।** महाराज लक्ष्मीश्वर सिंह मेमोरियल महाविद्यालय, दरभंगा में शुक्रवार 13 मार्च को प्रधानाचार्य डॉ. शंभु कुमार यादव की अध्यक्षता में महाविद्यालय के भौतिकी विभाग द्वारा दो- दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस ऑप्टिकल फाइबर कम्युनिकेशन हेतु एटॉमिक प्रोसेस, लेजर, नैनो मैटेरियल एवं टेराहर्ट्ज टेक्नोलॉजी का शुभारंभ किया गया। इस दौरान स्मारिका का भी विमोचन किया गया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रधानाचार्य डॉ. यादव ने कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी, आगत अतिथि, शिक्षक, शोधार्थी व छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए कहा कि किसी भी देश के विकास का पैमाना कम्युनिकेशन है और कम्युनिकेशन के लिये ऑप्टिकल फाइबर आज सबसे ज्यादा प्रासंगिक है। ऑप्टिकल फाइबर विश्व स्तर पर कम्युनिकेशन के क्षेत्र में क्रांति ला सकता है।


स्मारिका का लोकार्पण करते कुलपति, प्रधानाचार्य डॉ. वेद प्रकाश झा व अन्य।

बतौर मुख्य अतिथि ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी ने कहा कि वर्तमान युग संचार क्रांति का युग है। इस युग में एटमिक प्रोसेस, लेजर तकनीक व टेराहर्ट्ज प्रौद्योगिकी की भूमिका काफी बढ़ जाती है। एटमिक प्रोसेस के अध्ययन से जहां संचार प्रणाली की क्षमता और दक्षता बढ़ती है। वहीं अप्टिकल फाइबर में डेटा भेजने के लिए लेजर प्रकाश स्रोत के रूप में प्रयोग होता है जिससे उच्च गति इंटरनेट, केबल टीवी और लंबी दूरी के संचार में लेजर अत्यंत आवश्यक है। वहीं नैनो टेक्नोलजी से बने पदार्थ अप्टिकल फाइबर की संवेदनशीलता, मजबूती और दक्षता को बढ़ाते हैं। निष्कर्षतः कहें तो 6जी, हाई-स्पीड इंटरनेट व इमेजिंग तकनीक की दिशा में अप्टिकल फाइबर की भूमिका भविष्य में अहम साबित हो सकती है। अगर आप सब इस विषय पर पहल करें तो भविष्य में इस विषय पर एक वर्षीय एक डिप्लोमा व सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किया जा सकता है, जिससे दरभंगा, मधुबनी सहित मिथिला व पड़ोसी राष्ट्र नेपाल को भी इसका फायदा मिलेगा।

बतौर मुख्य वक्ता योंसे विश्वविद्यालय, दक्षिण कोरिया के स्कूल अफ साइंस एन्ड टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिक डॉ. जेआर अंसारी ने कहा कि आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार के तीव्र विकास में ऑप्टिकल फाइबर कम्युनिकेशन महत्वपूर्ण रखने के रूप में उभरा है। तकनीकी सत्र में जेएनयू के सहायक प्राध्यापक डॉ. आलोक सिंह झा, आईआईईएसटी कोलकाता की डॉ. कुमारी स्वाति, आईआईटी पटना के सह प्राध्यापक डॉ. नवीन निश्छल, नैनोटेक्नोलजी केंद्र के विभागाध्यक्ष सह एकेयू पटना के पूर्व कुलसचिव डॉ. राकेश कुमार सिंह व जेएनयू की डॉ. शिल्पी अग्रवाल आदि ने विस्तार से इस विषय पर तकनीकी सत्र में अपनी-अपनी बातों को रखा। विषय प्रवेश भौतिकी विभाग के डॉ. वेद प्रकाश झा, मंच संचालन हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापिका ड़ सुप्रिता शालिनी व धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष डॉ. एस एमएएच नोमानी ने किया।

# दरभंगा में बनेगा बहुउद्देशीय खेल परिसर

**दरभंगा (एनएसबी)।** केंद्र की मोदी सरकार के कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा देश स्तर पर खेलों के विकास हेतु खेलो इंडिया, राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता, अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में पदक विजेताओं और उनके कोच को नकद प्रोत्साहन, राष्ट्रीय खेल पुरस्कार, मेधावी

**दरभंगा में राष्ट्रीय खेल विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र की स्थापना के लिए लोकसभा में मुखर हुए सांसद गोपाल जी झा**

खिलाड़ियों को पेंशन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कल्याण कार्यक्रम तथा भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन सहित अनेकों कार्यक्रम चलाकर खेल तथा खिलाड़ियों की प्रतिभा को आगे बढ़ाया जा रहा है। लेकिन दरभंगा सहित मिथिला क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेल मैदान एवं परीक्षण केंद्र नहीं होने के कारण यहां के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं


संसद में अपनी बात रखते दरभंगा के सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर।

अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओ में भाग लेने का मौका नहीं मिलता है जिसके लिए शीघ्र पहल करने की आवश्यकता है। दरभंगा में राष्ट्रीय स्तर के खेल स्टेडियम तथा बहुउद्देशीय खेल परिसर की स्थापना के लिए केंद्र सरकार शीघ्र पहल शुरू करे। स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा. गोपाल जी ठाकुर ने लोकसभा में अतारंकित प्रश्न संख्या 2632 के माध्यम से अपनी मांग रखते हुए उपरोक्त बातें कही। सांसद डा ठाकुर ने लोकसभा में अपने प्रश्न के माध्यम से केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मांडवीया के समक्ष इस मुद्दे पर अपनी मांगे रखते हुए कहा कि दरभंगा मिथिला क्षेत्र का केंद्र बिंदु है तथा यहां दो दो विश्वविद्यालय के साथ साथ इन विश्वविद्यालयों से संचालित कलेजों के युवाओं एवं उभरते खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए किसी खेल अकादमी का प्रशिक्षण केंद्र तथा बहुउद्देशीय खेल परिसर का होना नितांत जरूरी है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभा को बढ़ावा मिल सके।

## संक्षिप्त खबरें

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिव्यांगजनों के हितार्थ योजना के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड के साहिट गांव में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिव्यांगजनों के हितार्थ योजना के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान जिले की सुप्रसिद्ध सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था दूर देहात के कलाकारों ने भाव गीत एवं नाटक के माध्यम से लोगों को दिव्यांग जनों को मिलने वाली सरकारी योजनाओं एव कार्यक्रमों को बताया। इस अवसर पर दूर देहात के सचिव प्रभु नारायण झा ने बताया कि कलाकारों की टीम में रामाश्रय दास, राज कुमार प्रिंस, अरुण कुमार, विक्रम कुमार, अवनीश कुमार, हरे राम पासवान,रिंकू राणा, आरती कुमारी, नूतन कुमारी शामिल हैं। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग के सहायक निदेशक श्रीमती सोनाली ने बताया कि दूर देहात कला जत्था के माध्यम से सदर अस्पताल में प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार को लगने वाले दिव्यांग प्रमाणीकरण शिविर में भाग लेने के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया, ट्राई साइकल, श्रवण यंत्र आदि की जानकारी दी जा रही है।



### सुगर, बीपी की जाँच मशीन उपलब्ध कराने की माँग

**विद्यापतिनगर(एनएसबी)।** प्रखंड के सिमरी पंचायत के दर्जनों लोगो ने जिला चिकित्सा पदाधिकारी समस्तीपुर को संयुक्त ज्ञापन देकर हेल्थ एंड वेलनेश सेंटर सिमरी में सुगर और बीपी जांच मशीन उपलब्ध कराने की माँग किया है। दिए ज्ञापन में कहा गया है कि पहले सुगर और बीपी मरीजों का जांच यहाँ होता था लेकिन जाँच मशीन के खराब होने से पिछले पाँच साल से यहाँ पर सुगर और बीपी मरीजों की जाँच नहीं होती है। जिसके कारण मरीजों को प्राइवेट में जाकर मंहगा जाँच कराना पड़ता है जिसमे गरीब लोगो को काफी परेशानी होती है। इस परेशानी को देखते हुए यहाँ सुगर और बीपी जाँच जनहित में उपलब्ध कराने का कष्ट किया जाए। ज्ञापन की प्रति डीएम, एसडीओ को भी आवश्यक कारवाई हेतु दिया गया है। ज्ञापन में हस्ताक्षर करने वाली में मुखिया पुत्र विजय कुमार, अंकित कुमार, रामू कुमार, विक्रांत कुमार, विभा देवी, रेखा देवी, उमेश कुमार, राज कुमार पासवान आदि प्रमुख रूप से शामिल है।

### सालों भर तक निकलने वाले विभिन्न फूल एवं सब्जियों के पैकेट उपलब्ध करा रहा बीज निदेशालय

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा के बीज निदेशालय की ओर से किसानों की सुविधा के लिए सालों भर तक निकलने वाले विभिन्न प्रकार के फूल एवं विभिन्न सब्जियों के पैकेट किसान मेला में उपलब्ध कराया जा रहा है। विश्वविद्यालय के बीज निदेशक डॉ डीके राय ने कहा कि बीज निदेशालय किसानों को धान , गेंहू, सरसो सहित कई बीज उपलब्ध करा रहा है। किसान मेला में श्री अन्न के विभिन्न प्रभेद एवं सालों भर चलने वाले फूल और सब्जियों के पैकेट भी लोगों की सुविधा के लिए बहुत कम दाम में किसान मेला में उपलब्ध है। इन बीजों को लोग घर के आस पास के छोटी जगहों में लगा सकते हैं और सालो भर उन्हें बाजार से सब्जी खरीदने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस पैकेट में लोकी, करेला, नेनुआ समेत हरी सब्जियों के विभिन्न बीज हैं। इसी तरह विभिन्न प्रकार के फूल के बीज भी है जिससे घर के आसपास सालों भर रौनक बनी रहेगी। बीज निदेशालय मे कार्यरत इंजीनियर प्रभाकरन ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पी एस पांडेय के निर्देश पर ढोली मे किसानों को विभिन्न प्रकार के बीज उपलब्ध कराया जाता है। मेला में बिक्री के लिए बीजों के छोटे पैकेट भी बनाये गये हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय किसानों के हित में लगातार सक्रिय है। किसानों को उच्च गुणवत्ता के बीज उपलब्ध करवाने के पूर्ण संकल्प के साथ बीज निदेशालय कार्य कर रहा है।

### गैस की किल्लत को लेकर राजद जिला प्रवक्ता ने जताई चिंता

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** एलपीजी गैस की किल्लत को लेकर राजद ने चिंता जताई है। जिला राजद प्रवक्ता राकेश कुमार ठाकुर ने सरकार से आपूर्ति सुचारू करने, कालाबाजारी रोकने और आम जनता को राहत देने की मांग की है, साथ ही आरोप लगाया कि सरकार स्थिति को नकार रही है ' राजद प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि सिलेंडर की कमी के कारण लोग लाइनों में लगने तथा गैस एजेंसियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं ' उन्होंने सवाल उठाया कि कमी के वीडियो सामने आने के बावजूद सरकार समस्या को क्यों नहीं मान रही है ? उन्होंने 'डबल इंजन' सरकार से जवाब मांगा और कहा कि अगर गैस है, तो उसे उपभोक्ताओं के घरों तक तुरंत पहुँचाया जाए तथा इसके निगरानी हेतु मैजिस्ट्रेट प्रतिनियुक्त किया जाय।

### छह रेलवे स्टेशनों के नाम के साथ जुड़ा 'जंक्शन'

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर मंडल के छह महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों के नाम के साथ अब आधिकारिक रूप से ह्लजंक्शनह्व शब्द जोड़ दिया गया है। यह परिवर्तन 15 मार्च 2026 से प्रभावी होगा। यह जानकारी समस्तीपुर मंडल, पूर्व मध्य रेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है। अधिसूचना के अनुसार हसनपुर रोड, सीतामढ़ी, सरायगढ़, सुपौल, ककरघट्टी और शीशो स्टेशनों के नाम के साथ अब 'जंक्शन' शब्द जोड़ा जाएगा। रेल प्रशासन के अनुसार 'जंक्शन' शब्द जुड़ने से यात्रियों को यह स्पष्ट जानकारी मिलेगी कि इन स्टेशनों से एक से अधिक रेलमार्ग जुड़े हुए हैं। इससे रेल संचालन में स्पष्टता आएगी और यात्रियों को विभिन्न दिशाओं में उपलब्ध रेल संपर्क की जानकारी आसानी से मिल सकेगी। रेलवे के अनुसार इस निर्णय से समस्तीपुर मंडल के महत्वपूर्ण स्टेशनों की पहचान राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क में और मजबूत होगी। साथ ही भविष्य में इन स्टेशनों पर माल ढुलाई, कनेक्टिविटी और यात्री सुविधाओं के विस्तार की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। रेल प्रशासन ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया है कि टिकटिंग, डिजिटल सिस्टम और वाणिज्यिक रिकॉर्ड में इन संशोधित नामों को समय पर अद्यतन किया जाए, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे पांच के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** विद्युत प्रशाखा के कनीय अभियंता गंगा सागर के नेतृत्व में गठित विद्युत कार्यपालक अभियंता दलसिंहसराय अजीत कुमार एवं निलेश कुमार, मानव बल नीतीश कुमार, रोशन कुमार चौरसिया, एमपी राय, गोस्वामी हरीनाथ, कुमार विक्रम सभी कार्यरत विद्युत आपूर्ति प्रशाखा दलसिंहसराय की टीम ने विद्युत बकाया और विद्युत ऊर्जा की चोरी की जांच की। इस दौरान अवैध तरीके से बिजली उपयोग करते विद्यापति नगर थाना अंतर्गत ग्राम दमदम्मा निवासी 1.कौशल कुमार सिंह पिता मुनेश्वर प्रसाद सिंह, सिमरी वार्ड 15 निवासी 2. भोला सदा पिता रामेश्वर सदा 3. शिवकुमारी देवी पति बसंत सदा 4. रामदेव राय पिता सोने लाल सदा 5. फूलों देवी पति रामनरेश सदा को पाया। वे विद्युत बिल बकाया होने के कारण कनेक्शन विच्छेद होने के बावजूद अवैध रूप से विद्युत का उपभोग कर रहे थे। जिस संबंध में उन्होंने पांच उपभोक्ताओ के विरुद्ध विद्यापति नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करने हेतु आवेदन दिया है।

### चार वर्ष की मासूम ने रखा रोजा



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** रमजान माह बरकत और रहमतों के साथ चल रहा है। शहर के धर्मपुर निवासी एवं जिला एथेलेटिक्स संघ के अध्यक्ष मोङ्क रजीउल इस्लाम रिज्जू उर्फ बाबा की पुत्री व पूर्व विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन की 04 वर्षीय भतीजी इकरा इस्लाम ने अपनी जिन्दगी का पहला रोजा रखा ' इकरा इस्लाम का कहना है कि परिवार के बड़े-बुजुर्गो को रोजा रखते और तिलावत करते देखती थी तो उसके मन में भी रोजा रखने की इच्छा रहती थी। अब ऐसा मौका आया तो रोजे रखने की ठान ली। सुबह परिवार के सभी लोगों के साथ उठकर सहरी की और रोजा रखा। इसके बाद नमाज पढ़कर कुरान की तिलावत भी की और अमन चैन की दुआ मांगी। शाम को इफ्तार के वक्त 04 वर्षीय बच्ची इकरा इस्लाम के चेहरे पर खुशी की झलक नजर आई। उसने बताया कि आगे भी रोजा रखूंगी और अल्लाह से अपने मुल्क के अमन-चैन, शांति और भाई-चारे के लिए दुआ करूंगी।

# सर्वर डाउन होने से बढ़ी परेशानी घबराएं नही उपभोक्ता : एसडीओ

**कहा आपूर्ति और वितरण पर प्रशासन की पैनी नजर ● ऑनलाइन बुकिंग नहीं होने से उपभोक्ता परेशान, उजाला योजना के उपभोक्ताओं को केवाईसी कराना अनिवार्य**




राजम इंडेन पहुंचे एम ओ पूसा।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले में रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति कम होने के कारण लोगों के बीच उहापोह की स्थिति बन गई है। एक तरफ जहां लोगों का ऑनलाइन नंबर नहीं लग रहा है, वही दूसरी तरफ गैस के किल्लत की अपवाह ने भी लोगों को परेशान कर रखा है। उपभोक्ताओं ने कहा कि, नए नियम के अनुसार गैस आपूर्ति के 25 दिन के बाद नया नंबर लगेगा। किंतु एजेंसी के द्वारा अभी 4 तारीख का भी डिलेवरी नही किया गया। जब आपूर्ति विलंब से होगा तो नम्बर भी विलंब से लगेगा। अब हमारी बारी कब आएगी, इसमें तो एक महीना से अधिक दिन का समय लगेगा।

**एजेंसी और गोदाम पर जुटने लगी है भीड़ :**

समस्तीपुर जिले के विभिन्न गैस एजेंसी एवं गैस गोदाम पर भी लोगों को भी लोगों के भीड़ जमा होने लगी है। लोग गैस सिलेंडर को लेकर परेशान है। वही गैस सिलेंडर वितरण करने जा रहे हॉकर को भी इस कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समस्तीपुर शहर में किरण इंडियन जहां 2 व 3 मार्च के पुर्जे पर सिलेंडर बांट रहे हैं। वही बुद्धा गैस सर्विस 9 मार्च के पुर्जे पर सिलेंडर दे रहे हैं। इन एजेंसी के संचालकों का कहना है कि रसोई गैस की उपलब्धता में थोड़ी कमी आई है, परंतु इसे पैनिक बनाने की जरूरत नहीं है। एक-दो दिन में सब सामान्य हो जाएगा।

**ऑनलाइन नंबर नहीं लगने से उपभोक्ता परेशान:**

दूधपुरा के कंचन कुमारी, चंदन कुमार, रेखा कुमारी आदि दर्जनों उपभोक्ताओं ने बताया कि उनका ऑनलाइन बुकिंग नहीं हो रहा है। इसीलिए वे एजेंसी पर आए हैं। इन उपभोक्ताओं का बताना था कि उनके यहां चूल्हा बंद होने के कगार पर है। जब ऑनलाइन नंबर ही नहीं लगेगा तो फिर गैस की आपूर्ति कैसे की जाएगी। वही सुंदर देवी ने बताया कि उनका केवाईसी नहीं हो पाया है। जिस कारण वह परेशान है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 के बाद उनका केवाईसी नहीं हो पाया है। वहीं जिन उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति हो रही है। उन्हें डीएसी नंबर के आधार पर सिलेंडर तो दिया जा रहा है, लेकिन सर्वर डाउन होने कारण उनका खाता अपडेट नहीं हो रहा है। इन उपभोक्ताओं का कहना है कि सिलेंडर आज मिला और एजेंसी के द्वारा 10 दिन के बाद अपडेट किया जाएगा। ऐसे में अगली बुकिंग में समस्या खड़ी होगी।

**उजाला योजना के उपभोक्ताओं को साल में एक बार कराना होता है केवाईसी:**

किरण इंडेन के मैनेजर विजय कुमार ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं का उजाला योजना से गैस कनेक्शन मिला है, उन उपभोक्ताओं को साल में एक बार केवाईसी कराना अनिवार्य है। शेष उपभोक्ताओं को इसके लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने बताया कि होली को लेकर बैकलॉग हुआ है। गैस की आपूर्ति कम हो रही है। इसलिए वितरण की गति थोड़ी कम है। दो मार्च को लगाए गए नंबर का गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। वही सर्वर डाउन होने का ऑनलाइन बुकिंग अभी बंद है। लोग उसी को लेकर ज्यादा परेशान है। रजत गैस एजेंसी के मैनेजर मनोज कुमार ने बताया कि सभी उपभोक्ताओं को केवाईसी कराना अनिवार्य है। वही बुद्धा गैस एजेंसी के गोदाम इंचार्ज नून्न सिंह ने बताया कि कमर्शियल गैस की आपूर्ति बंद कर दी गई है। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर वितरण किया जा रहा है। 9 मार्च तक के लगाए गए नंबर के आधार पर आपूर्ति की जा रही है। उपभोक्ताओं द्वारा केवाईसी नहीं करने कारण भी भीड़ बढ़ रही है। जबकि राजम इंडेन का निरीक्षण करने पहुंचे विपणन पदाधिकारी पूसा अमरनाथ पाण्डेय ने भी लोगों से धैर्य रखने की अपील की। इस दौरान राजम इंडेन के अतुल राज ने संवाददाता को बताया कि, वास्तविक एवं नियमित उपभोक्ताओं को दिक्कत नहीं है। लोग शादी ब्याह आदि प्रयोजनों के लिए अतिरिक्त घरेलू गैस सिलेंडर की मांग कर रहे हैं और नहीं मिलने पर हाय तौबा मचा रहे हैं। श्री राज ने कहा कि, सर्वर की गड़बड़ी के कारण बुकिंग में विलंब होने से थोड़ी परेशानी हो रही है। लेकिन थोड़ी देर से ही सही बुकिंग और आपूर्ति बंद नहीं है।

वहीं विभिन्न गैस एजेंसियों और गोदामों पर भीड़ की खबर मिलने पर अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार ने तमाम उपभोक्ताओं को आश्वासन देते हुए अपील किया है कि, गैस की किल्लत जैसे अफवाहों पर बिल्कुल भी ध्यान न दें, गैस की आपूर्ति और वितरण दोनों पर प्रशासन की पैनी नजर है। सर्वर की समस्या के अलावा और कोई परेशानी की बात नहीं है। इसलिए घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। एसडीओ श्री कुमार ने कहा कि, ऑनलाइन बुकिंग सहज और सरल है, मिस्ड कॉल, एसएमएस, व्हाट्सएप किसी माध्यम से बुकिंग करने के बाद धैर्य रखें और इंतजार करें।

# एसडीओ के निर्देश पर होटलों में हुई छापेमारी



शहर के एक होटल पहुंचे एसडीओ।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार के निर्देश पर आज समस्तीपुर शहर विभिन्न होटलों पर औचक छापामारी की गई। छापामारी का उद्देश्य होटलों में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के अवैध व्यावसायिक उपयोग को नियंत्रित करना था। बताते चलें कि, व्यावसायिक कार्यों में घरेलू गैस के उपयोग द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस आपूर्ति एवं वितरण विनियमन आदेश, 2000 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। हालांकि जांच के क्रम में किसी होटल से घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग नही पाया गया। इस दौरान एसडीओ ने स्पष्ट किया कि, घरेलू उपयोग के लिए निर्धारित एलपीजी सिलेंडरों का किसी भी प्रकार के व्यावसायिक प्रतिष्ठान में उपयोग करना नियमों के विरुद्ध है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा तथा गैस आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सजग और संकल्पित है। उन्होंने सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को निर्देश दिया कि वे केवल व्यावसायिक उपयोग हेतु निर्धारित गैस सिलेंडरों का ही प्रयोग करें तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता से बचें। वहीं, गैस वितरकों को पुनः निर्देशित किया कि जरूरतमंद और वास्तविक घरेलू गैस उपभोक्ता को सामान्य गैस उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस छापामारी अभियान में अनुमंडल पदाधिकारी के साथ प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कुमार शुभम सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे। प्रशासन द्वारा आगे भी इस प्रकार की जांच एवं छापामारी अभियान जारी रखने की बात कही गई है, ताकि नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# रसोई गैस की किल्लत के खिलाफ भाकपा माले का जुलूस, समाहरणालय पर प्रदर्शन




जुलूस में शामिल माले नेता व कार्यकर्ता।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले में इन दिनों रसोई गैस की किल्लत से परेशान उपभोक्ताओं की समस्या को लेकर भाकपा माले ने शुक्रवार को शहर में जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया और गैस सिलिंडर की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की।

शुक्रवार को बड़ी संख्या में गैस उपभोक्ता शहर के सरकारी बस स्टैंड पर एकत्रित हुए। यहां से भाकपा माले नगर कमिटी के झंडे, बैनर और मांगों से संबंधित तख्तियां लेकर जुलूस निकाला गया। जुलूस स्टेडियम गोलंबर, सर्किट हाउस, सदर अस्पताल और स्टेडियम मार्केट होते हुए समाहरणालय पहुंचा, जहां सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। इसके बाद आयोजित सभा की अध्यक्षता भाकपा माले के जयंत कुमार ने की। सभा को आइसा के दीपक यदुवंशी, राजू झा, इनौस के कुंदन कुमार, भाकपा माले के अनील चौधरी, उमेश राय, दीनबंधु प्रसाद, विजय कुमार राम, रामनारायण सिंह, रमेश कुमार महतो, विलबहार सहनी, पवन दास सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया।

भाकपा माले जिला स्थायी समिति सदस्य सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि कई गैस एजेंसियों पर सिलिंडर की आपूर्ति कम होने के कारण लोगों को समय पर गैस नहीं मिल पा रही है, जिससे खासकर गृहिणियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस बुकिंग के कई दिन बाद भी सिलिंडर की डिलीवरी नहीं हो रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि ऑनलाइन बुकिंग नंबर कई बार बंद रहता है और बुकिंग के बाद भी स्वीकृति का मैसेज नहीं आता। इससे उपभोक्ताओं को एजेंसियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं और कई लोग मजबूरी में महंगे दाम पर बाजार से गैस सिलिंडर खरीदने को विवश हैं।

सभा को संबोधित करते हुए जयंत कुमार ने प्रशासन से गैस की आपूर्ति जल्द सामान्य करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# आध्यात्मिक सम्मेलन, राजयोगिनी शारदा दीदी ने बताया जीवन में शक्तियां बढ़ाने का मार्ग




**समस्तीपुर (एनएसबी)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय आबू रोड से पधारीं वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका एवं महिला प्रभाग की नेशनल कोऑर्डिनेटर राजयोगिनी शारदा दीदी ने आध्यात्मिक प्रवचन दिया। इस अवसर पर जिले भर से बड़ी संख्या में भाई-बहन शामिल हुए।

अपने व्याख्यान में शारदा दीदी ने कहा कि जीवन में आध्यात्मिक शक्तियों को बढ़ाने के लिए दिनचर्या की शुरूआत ब्रह्ममुहूर्त में करनी चाहिए। प्रातः चार बजे जागकर परमात्मा पिता को गुडमॉर्निंग कहने के साथ उनका स्मरण करना चाहिए और प्रतिदिन सुबह चार से पांच बजे तक एकाग्र होकर परमात्मा का ध्यान करना चाहिए। इससे मन, बुद्धि और आत्मा में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से सेंटर पर आकर परमात्मा के महावाक्य का श्रवण करना चाहिए तथा अपने दैनिक जीवन में परमात्मा की श्रीमत और मयार्दाओं का पालन करते हुए हर कार्य को निमित्त भाव से करना चाहिए। रात में पूरे दिन का समाचार परमात्मा को सच्चे मन से सुनाकर मन को हल्का कर विश्राम करने की आदत भी आत्मिक शांति देती है। कार्यक्रम के दौरान शारदा दीदी को चुनरी, फूलों के मुकुट एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सविता बहन, रंजना बहन, कुंदन बहन, सोनिका बहन तथा पूजा बहन सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण भाई ने किया, जबकि ओम प्रकाश भाई ने गीत के माध्यम से दीदी के सम्मान में भावांजलि अर्पित की।

# उजाड़े गए 907 परिवारों के पुनर्वास को लेकर माले का आंदोलन दूसरे दिन भी जारी

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** हसनपुर प्रखंड के मंगलगढ़ (सुंदरैयानगर) से उजाड़े गए 907 दलित परिवारों को पर्चा देकर पुनः बसाने की मांग को लेकर भाकपा माले का जिलाधिकारी के समक्ष चल रहा 'घेरा डालो-डेरा डालो' आंदोलन शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। भाकपा माले कार्यकताओं ने भूमिहीनों को वासभूमि और आवास उपलब्ध कराने, सरकारी जमीन पर बसे परिवारों को पर्चा देने तथा दलितों और गरीबों की झोपड़ियों पर बुलडोजर चलाने पर रोक लगाने की मांग की। मौके पर आयोजित सभा की अध्यक्षता भाकपा माले जिला सचिव प्रो. उमेश कुमार ने की, जबकि संचालन खेग्रामस जिला अध्यक्ष उपेंद्र राय ने किया। सभा को जीबछ पासवान, ललन कुमार, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, दिनेश कुमार, महावीर पोद्दार, जयंत कुमार, गंगा प्रसाद पासवान, अनील चौधरी, रंजीत कुमार राम, रौशन कुमार सहित कई नेताओं ने संबोधित किया।

मुख्य वक्ता के रूप में भाकपा माले के पूर्व विधायक एवं खेग्रामस के राज्य अध्यक्ष मनोज मंजिल ने कहा कि हसनपुर के मंगलगढ़ (सुंदरैयानगर) में वर्ष 1992 से करीब एक हजार परिवार सरकारी जमीन पर बसे हुए थे। इन परिवारों का नाम मतदाता सूची में था और उन्हें राशन कार्ड, बिजली व पानी जैसी सुविधाएं भी मिल रही थीं। इसके बावजूद पुलिस और सामंती ताकतों के गठजोड़ से उन्हें उजाड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि जिले के कई क्षेत्रों में सरकारी जमीन पर बसे दलितों और गरीबों को पर्चा नहीं दिया जा रहा है, जबकि उन्हें वासभूमि और आवास देने का सरकारी प्रावधान है। उन्होंने मांग की कि सुंदरैयानगर के उजाड़े गए 907 परिवारों को पर्चा देकर बसाया जाए तथा जिले के सभी भूमिहीनों को वासभूमि और आवास उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक प्रशासन इस संबंध में ठोस आश्वासन नहीं देता, तब तक अनिश्चितकालीन ह्लघेरा डालो-डेरा डालोह्व आंदोलन जारी रहेगा। वहीं छात्र संगठन आइसा के राष्ट्रीय महासचिव प्रसेनजीत कुमार ने कहा कि अत्याचार किसी का अधिकार नहीं है। उन्होंने छात्र-युवाओं से 16 मार्च को पटना में आयोजित राजभवन मार्च में भाग लेने की अपील की।



अनशन पर बैठे माले नेता व कार्यकर्ता।

## संक्षिप्त खबरें

### पुरे देश को भाजपा सरकार ने एल पी जी गैस के लिए लाईन मे खरा करवा दिया : हनुमान राऊत

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुरे देश को भाजपा सरकार ने एल पी जी गैस के लिए लाईन मे खरा करवा दिया पहले नोट बंदी मे फिर जी एस टी. और कोरना वैसिसन अब एल पी गैस केलिए. ये बाते राजद के प्रदेश महाचिव हनुमान प्रसाद राउत ने प्रेस बिजप्ति जारी कर कहा हैं. राउत ने बताया कि भारत सरकार अ दूर दृष्टि के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुआ है. ! उन्होंने शासन और प्रशासन इस संबंध मे गलत ब्यानबाजी कर रहा है कि कोई दिक्कत नहीं है पैनिक होने की जरूरत नहीं हैं. जब कि बसतबिक स्थिति ये है कि कई घरो मे चूल्हा बंद हो गया हैं तो कई होटल बंद हो गया हैं. ऑन लाईन बुकिंग बंद हो गया जिनका नंबर लगा हुआ है उसको डी सी नम्बर नहीं आया˝ तो उसको कोंटर से भी गैस नहीं मिल  है. यंहा तक कि न तो कोंटर से बुकिंग और नंबर लग रहा हैं और न ही ऑनलाइन. लोग दिन भर कामकाज छोड़ कर गैस एजेंसी का चक्कर लगारहे है और शाम मे निराश होकर घर लौटना पड़ता है. मधुबनी मे भी लोग परेशान है ! एजेंसी कहता है डी एम से कहिए. जिला प्रशासन से मांग करते है कि लोगो को गैस उपलब्ध कराने की ब्यबस्था करे अन्यथा राजद आम लोगो के साथ संघर्ष करने को बाध्य होगा. !

### रास्ते में रोका, लूट की कोशिशङ्कविरोध किया तो बदमाशों ने चला दी ताबड़तोड़ गोली

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिले के बिस्फी थाना क्षेत्र में शादी समारोह में जा रहे दो युवकों को बाइक सवार बदमाशों ने घेरकर मोबाइल और पैसे छीनने की कोशिश की। विरोध करने पर फायरिंग कर दी, जिसमें एक के हाथ और दूसरे की कमर में लगी गोली। जिले के बिस्फी थाना क्षेत्र में बीती रात शादी समारोह में जा रहे दो युवकों को बदमाशों ने गोली मार दी। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर डायल 112 और बिस्फी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों की मदद से दोनों घायलों को देर रात इलाज के लिए डीएमसीएच (दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल) में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार एक युवक के हाथ में गोली लगी है, जबकि दूसरे युवक की कमर में गोली लगी है।

### नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म के आरोप में आरोपी गिरफ्तार

**लदनियां (एनएसबी)।** लड़नियां थाना क्षेत्र के एक गांव में गांव के ही एक लड़का द्वारा  नावालिग बच्ची को तकरीबन दो वर्षो से यौन शोषण करने का सनसनी मामला  प्रकाश में आया है । पिड़िता ने आवेदन में  लड़का पऱ आरोप लगायी है कि उन्होंने उनसे से करीब दो वर्षो से यौन शोषण करता रहा है ।8 मार्च 026 को वे शादी के नीयत से झांसा देकर बहला फुसलाकर मुझे अपने साथ चम्पत हो गया । तीन दिनों तक रखा यौन शोक्षण करता रहा । इंचार्ज थाना अध्यक्ष एस आई पुलिस चौधरी ने 11 मार्च को नाबालिग पीड़िता के आवेदन के अलोक में कांड संख्या - 100/ 026 में आरोपी ओम कुमार सहनी को नामजद बनाया है ।एस आई व मामला की अनुसंधानक नीतू कुमारी ने पूछने बताया कि आधार कार्ड एवं मैट्रिक सर्टिफिकेट के अनुसार आरोपी नाबालिग है ।जानकारी के मुताबिक पुलिस पिड़िता एवं आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में मेडिकल जांच में मधुबनी भेज दिया गया है।

### प्राथमिक विद्यालय, विष्णुपूरा बेलहा महार, ठाढ़ी, में 'भामती वाचस्पति महोत्सव' होगी आयोजित

**मधुबनी (एनएसबी)।** कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार एवं जिला प्रशासन, मधुबनी के संयुक्त तत्वावधान में भामती वाचस्पति महोत्सव- 2026 15-16 मार्च को आयोजन किया जायेगा।विदित हो कि मिथिला के महान दार्शनिक पंडित वाचस्पति मिश्र को समर्पित "भामती वाचस्पति महोत्सव" का आयोजन प्राथमिक विद्यालय, विष्णुपूरा बेलहा महार, ठाढ़ी, प्रखंड- अंधराठाढ़ी, जिला- मधुबनी के प्रांगण में आयोजन किया जायेगा। इस महोत्सव में मिथिला की समृद्ध ज्ञान-परंपरा, साहित्य, संस्कृति एवं दर्शन से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा 15 मार्च को प्रसिद्ध मैथिली गायिका, रंजना झा एवं मैथिली भजन गायक अरविन्द सिंह की प्रस्तुति पर झूमेंगे दर्शक। वही पंचनाद (क्लासिकल फ्यूजन बैण्ड), नेहा कुमारी एवं समूह ओडिसी नृत्य, प्रिया कुमारी एवं समूह लोक नृत्य प्राचि झा (गायिका), डेजी ठाकुर (गायिका), आनन्द मोहन झा उद्घोषक तनमय नाग गायक वर्षा झा (मैथिली गायिका) के द्वारा भी प्रस्तुति दी जायेगी।16 मार्च संध्या 06:00 बजे को प्रसिद्ध मैथिली गायिका, पूनम मिश्रा के द्वारा सुमधुर गीतों की प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया जायेगा तथा रवि शंकर मिश्रा एवं समूह (ताल कचहरी), सर्वश्रेष्ठ मिश्रा (शास्त्रीय गायक),  जय प्रकाश नारायण पाठक (कथक एवं ओडीसी नृत्य), लोक कला कुम्भ (समूह लोक नृत्य),कुन्दन कुमार (गायक), अक्षय आनन्द (उद्घोषक) के द्वारा भी अपने-अपनी कला की प्रस्तुति दी जायेगी।

### देशी पिस्टल, कट्टा एवं कारतूस के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि 10 मार्च को राजनगर थाना को संध्या गश्ती के क्रम में समय करीब सात बजे गुप्त सुचना प्राप्त हुआ कि राजनगर थाना काण्ड सं०-62/26 का अप्राथमिकी अभियुक्त अमित मंडल उर्फ कोबरा, महिनाथपुर नहर पुलिया से बलाट जाने वाली नहर के छोटा पुल के पास हथियार लेकर घूम रहा है। जो पुनः किसी घटना को अंजाम दे सकता है। उक्त सुचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु वरीय पदाधिकारी को अवगत करने के पश्च्यात प्राप्त निदेर्शानुसार समय करीब 19:15 बजे राजनगर थाना की पुलस टीम तत्काल उक्त स्थल पर पहुंची तो 01 व्यक्ति पुलिस वाहन को देखकर तेजी से भगाने लगा। जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से खदेड़ कर पकड़ा तथा पकड़ाये व्यक्ति से नाम/पता पूछा तो अपना नाम अमित मंडल उर्फ कोबरा बताया। तत्पश्च्यात उनका विधिवत तलाशी लेने पर उनके पास से 01 लोडेड देशी कट्टा, 01 गोली, मोबाईल तथा लोडेड कट्टा को अनलोड करने पर 01 जिन्दा गोली मिला। बरामद देशी कट्टा, गॉली एवं मोबाइल को विधिवत जप्त कर गिरफ्तार अभियुक्त अमित मंडल उर्फ कोबरा को थाना लाया गया। राजनगर थाना में प्राथमिक की दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है एवं अन्य विधि-सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं।

### देसी पिस्टल के साथ एक युवक गिरफ्तार

**मधुबनी (एनएसबी)।**  पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि 11 मार्च को रात्रि गश्ती के क्रम में बासोपट्टी थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि बासोपट्टी बभदई पुल के पास एक व्यक्ति हथियार के साथ हैं। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुए बासोपट्टी थाना की पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई कर एक व्यक्ति को बासोपट्टी बभदई पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया हैं। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान ललित कुमार मंडल के रूप में की गई। जिनका विधिवत तालाशी लेने पर उनके पास से एक देशी पिस्टल एवं एक मोबाईल बरामद हुआ। जिस संदर्भ में बासोपट्टी थाना कांड संख्या-71/26, अंकित कर गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा हैं एवं अन्य विधि-सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं।

### बिजली चोरी करते पकड़े गए. उपभोक्ता पर प्राथमिक की

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ बिजली विभाग के द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया. इस दौरान बिस्फी, गढ़िया भैरवा,चहुटा,बैगरा सहित गांव कई में अभियान चलाए गए. छापे मारे अभियान के दौरान एलटी लाइन से तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी करते चहुटा गांव निवासी प्रदीप चौधरी, प्रभु कुमार चौधरी, राम लखन महतो, बैगरा गांव निवासी मनोज महतो, कमोद सहनी, गढ़िया गांव निवासी तौसीफ अहमद मो अदनान, वही तीसी गांव निवासी रुदल महतो एव अर्जुन महतो,  को अवैध रूप से बिजली उपयोग करते हुए पकड़ा है.इस मामले में विभाग की ओर से थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है. छापेमारी अभियान में कनीय विद्युत अभियंता पंकज कुमार, सुपरवाइजर शम्भू कुमार तथा मानव बल संजय साह और राजेश पंडित शामिल थे. जेई ने कहा कि बिजली चोरी के खिलाफ आगे भी लगातार अभियान चलाया जाएगा और ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. साथ ही विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे वैध कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें. ताकि बिजली व्यवस्था सुचारू बनी रहे !

# एलपीजी गैस एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर जिला प्रशासन की कड़ी निगरानी अनियमितता पाए जाने पर होगी सख्त कार्रवाई : डीएम

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु, पारदर्शी एवं उपभोक्ता हितों के अनुरूप बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा सभी एलपीजी गैस एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। हाल के दिनों में कुछ एजेंसियों की कार्यप्रणाली में गंभीर अनियमितताओं की शिकायतें प्राप्त होने के बाद जिला प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया है।जिलाधिकारी आनंद शर्मा के निर्देश पर जिले में संचालित सभी एलपीजी गैस एजेंसियों के निरीक्षण एवं जांच के लिए संबंधित पदाधिकारियों की टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें एजेंसियों के स्टॉक, वितरण व्यवस्था, बुकिंग प्रक्रिया, उपभोक्ताओं को समय पर गैस आपूर्ति तथा निर्धारित मानकों के अनुपालन की गहन जांच करेंगी।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि यदि जांच के दौरान किसी भी एजेंसी द्वारा गैस की जमाखोरी, कालाबाजारी, उपभोक्ताओं के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार, अनियमित वितरण या नियमों का उल्लंघन पाया जाता है, तो संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। आवश्यक होने पर लाइसेंस निलंबन अथवा रद्द करने की कार्रवाई भी


जिलाधिकारी आनंद शर्मा।

की जा सकती है।जिलाधिकारी ने सभी गैस एजेंसी संचालकों को सख्त निर्देश दिया है कि वे पूरी पारदर्शिता के साथ उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा सरकार द्वारा निर्धारित सभी नियमों का पालन करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।साथ ही जिलाधिकारी ने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता पर्याप्त है और घबराने या अनावश्यक रूप से सिलेंडर जमा करने

**जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले में संचालित सभी एलपीजी गैस एजेंसियों के निरीक्षण एवं जांच के लिए संबंधित पदाधिकारियों की टीमों का हुआ गठन**

**एजेंसियों के स्टॉक, वितरण व्यवस्था, बुकिंग प्रक्रिया, उपभोक्ताओं को समय पर गैस आपूर्ति तथा निर्धारित मानकों के अनुपालन की होगी गहन जांच**

की कोई आवश्यकता नहीं है।

यदि किसी उपभोक्ता को गैस आपूर्ति से संबंधित कोई समस्या या अनियमितता दिखाई देती है तो वे इसकी सूचना जिला प्रशासन को दें, ताकि त्वरित जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## गैस की किल्लत से हर परिवार परेशान, सुबह से लंबी लाइन

**खजौली (एनएसबी)।** गैस एजेंसी के गोदाम पर शुक्रवार को रसोई गैस सिलिंडर की प्राप्ति को लेकर उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। पांच बजे पूर्वाह्न से ही उपभोक्ताओं की लाइन लगनी शुरू हो गई थी, किन्तु लाइन में आगे पहुंचने की होड़ में उपभोक्ताओं को हो हल्ला एवं आपाधापी करते भी देखा गया। गुरुवार की देर रात ही गैस सिलिंडर



गैस के लिए लंबी कतार।

लेकर ट्रक गैस गोदाम पर पहुंच चुका था। गैस का वितरण तकरीबन आठ बजे शुरू हुआ। बाद में उपभोक्ताओं की भीड़ को नियंत्रित करने हेतु स्थानीय थाना पुलिस भी वहां पहुंची। उपभोक्ताओं के बीच शांतिपूर्वक गैस का वितरण किया गया। वहीं उपभोक्ताओं में डीएसी नंबर के आधार पर गैस के वितरण को लेकर असमंजस भी देखा गया, किन्तु गैस वितरक ने वहां मौजूद सभी उपभोक्ताओं के बीच गैस का वितरण किया। तकरीबन एक बजे अपराह्न तक 450 उपभोक्ताओं के बीच उपलब्ध 450 गैस सिलिंडर वितरित कर दिया गया। बावजूद गैस सिलिंडर उपलब्ध नहीं होने के कारण करीब 100 उपभोक्ताओं को गैस सिलिंडर लिए बिना ही लौटना पड़ा। गैस गोदाम प्रबंधक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आज 450 उपभोक्ताओं के बीच शांतिपूर्वक गैस का वितरण किया गया।

## डीएम ने अनुश्रवण प्रणाली के आमजनों  की समस्याएं सुनीं,और  त्वरित समाधान हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश


शिकायत सुनते जिलाधिकारी।

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने समाहरणालय परिसर में सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत ह्यह्यसबका सम्मान-जीवन आसान ह्ल कार्यक्रम के तहत  अपने कार्यालय कक्ष में आमजनों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।इस जनसंवाद कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों में होने वाली कठिनाइयों को दूर करना तथा प्रशासन और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना है। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए दर्जनों लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इसी क्रम में प्रखंड झंझारपुर पंचायत सुखेत के  रुना देवी ने महादलित भूमिहीन परिवारों को तीन डिसमल भूमि देने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया। वही शोभा कुमारी पंचायत धमौरा जिला मधुबनी निवासी ने शिक्षित बेरोजगार अति पिछड़ा जाति के महिला को गव्य विकास योजना में ॠण वित्त पोषण नहीं देने के संबंध में आवेदन दिया।  ग्राम मरुकिया थाना अंधराठाढ़ी के बुलन राय ने  पिता के नाम से जमाबंदी नंबर 729 पर दर्ज खाता खेसरा को फर्जी तरीके से ललन राय के द्वारा पिता वाला खेसरा को अपने नाम से जमाबंदी पर परिमार्जन करा कर जमीन पर दाबी करने के संबंध में शिकायत किया। मधुबनी निवासी राधा कुमारी ने इंटर पास गरीब दिव्यांग शिक्षित बेरोजगार महिला को विगत छः वर्षो से एमटीएस परिचारी पद पर नियुक्ति लंबित रहने हेतु आवेदन दिया। प्रखंड बिस्फी के राम सरोबर साफी के द्वारा रोगी कल्याण समिति सदर अस्पताल मधुबनी के द्वारा कपड़ा धुलाई कार्य से हटाने हेतु शिकायत किया। परिवादी उषा देवी प्रखंड पंडौल पंचायत जमसम के द्वारा अजीत मिश्र के द्वारा जमीन नापी नही होने देने के लिए शिकायत किया। इसके अतिरिक्तकार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने कक्षों में उपस्थित होकर जिले भर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए। उल्लेखनीय है कि सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत 'सबका सम्मान-जीवन आसान' कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सम्मानपूर्वक उनकी समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराना तथा प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक जन-हितैषी, पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाना है।जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें बेहतर प्रशासनिक सेवा प्राप्त हो सके। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों द्वारा बारी-बारी से सभी आवेदकों की शिकायतें सुनी गई तथा उनके त्वरित समाधान के लिए अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी गई।

## एक देशी पिस्टल, मैगजीन, 5 जिंदा कारतूस एवं मोटरसाईकिल के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**मधुबनी (एनएसबी)।** पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने प्रिया से विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि अवैध हथियार की तस्करी एवं अपराधियों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही हैं। इसी क्रम में11. मार्च को समय करीब 1:30 बजे जयनगर थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि बेतोन्हा में 01 मोटरसाईकिल पर 02 अपराधी अवैध हथियार से लैश होकर गुजरने बाले हैं जो किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु जयनगर थाना की पुलिस टीम द्वारा समय करीब 13:45 बजे बेतौन्हा पहुँच कर वाहन चेकिंग प्रारंभ की गई। वाहन चेकिंग के क्रम में 01 मोटरसाईकिल पर सवार 02 व्यक्ति पुलिस बल को वाहन चेकिंग करता देख, दूर से ही अपना मोटरसाईकिल घुमकार भागने का प्रयास करने लगा। मोटरसाईकिल घुमाने के क्रम में मोटरसाईकिल जमीन पर गिर गया उसके बाद दोनों व्यक्ति मोटरसाईकिल छोड़कर भागने लगे। जिसे सशस्त्र बलों द्वारा पीछा कर भाग रहे 02 व्यक्ति में से 01 व्यक्ति को पकड़ लिया गया एवं एक व्यक्ति जंगल झाड़ी का फायदा उठाकर भाग निकले। पकड़ाये व्यक्ति से नाम/पता पूछने पर अपना नाम धीरज कुमार यादव बताये तथा भागने बाले व्यक्ति का नाम आनंद महतो, पे०-देवन महतो, सा० वीरपुर पिंड्रौन, थाना-लदनियों, जिला मधुबनी बताया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार व्यक्ति का विधिवत तालाशी लेने पर उनके पास से लोडेड देशी पिस्टल, जिसे अनलोड करने पर 05 जिंदा कारतूस पाया गया। उक्त व्यक्ति से जब मोटरसाईकिल एवं हथियार के संबंध मे कड़ाई से पूछ-ताछ की गई तो बताया गया कि यह हथियार आनंद महतो का है, आज वे अपने पास कट्टा रखा था एवं पिस्टल हमको दे दिया था तथा इस मोटरसाईकिल को मैं अपने दोस्त आनंद महतो के साथ दरभंगा से चोरी कर लाया हूँ। जिसका प्रयोग हमदोनों लूटपाट में करते हैं। आज हमदोनों नेपाल से पैसा लेकर आ रहे 01 व्यक्ति को हथियार के बल पर लूटपाट करने वाले थे। परंतु घटना कारित करने से पूर्व ही पुलिस द्वारा उनकी गिरफ्तारी कर ली गई। तत्पश्वात पुलिस द्वारा बरामद हथियार, मैगजीन, कारतूस एवं मोटसाईकिल को विधिवत जप्त कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा हैं एवं अन्य विधि सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं। फरार अभियुक्त आनंद महतो की गिरफ्तारी हेतु भी पुलिस द्वारा छापामारी की जा रही हैं।


गिरफ्तार अभियुक्त।

### सेवानिवृत प्रधानाध्यापक रामशरण यादव का निधन

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के केरवार गांव निवासी सह सरयुग अनंत +2 उच्च बिद्यालय जफरा के सेवानिवृत्ति प्रधानाध्यापक. रामशरण यादव का निधन गुरुवार को पैतृक निवास स्थान केरवार गांव मे हो गया. वे 85 वर्ष के थे.अपने पीछे दो पुत्र एव  एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं. उनके निधन से शिक्षा जगत के साथ बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों, शिक्षाविदों ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है. प्रखंड क्षेत्र  में शोक की लहर है. शोक संवेदना प्रकट करने वालों में रबिन्द्र कुमार यादव, सुरेन्द्र कुमार यादव, गीता देवी,राज सभा सांसद डॉ फैयाज अहमद, विधायक आसिफ अहमद, पूर्व विधायक हरीभूषण ठाकुर बचोल, प्रखंड प्रमुख रीता कुमारी  मुखिया संघ के अध्यक्ष सतीश प्रसाद मेहता,  सूरज यादव सहित कई लोग शामिल हैं.

## राजनगर-मोतीपुर-खैरा पथ के मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य हेतु प्रशासनिक स्वीकृति

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी जिले के पथ प्रमंडल अंतर्गत राजनगर-मोतीपुर-खैरा पथ के मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण के निर्माण कार्य के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना से क्षेत्र में आवागमन को सुगम, सुरक्षित एवं तेज बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार इस पथ की कुल लंबाई 12.50 किलोमीटर निर्धारित की गई है। इसके निर्माण कार्य के लिए ₹7337.73 लाख (लगभग ₹73.37 करोड़) की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इस योजना के तहत सड़क का सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण किया जाएगा, जिससे सड़क की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा यातायात अधिक सुरक्षित और सुचारु रूप से संचालित हो सकेगा। यह सड़क राजनगर, मोतीपुर, खैरा सहित आसपास के कई गांवों एवं बाजारों को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है। सड़क के सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण से स्थानीय लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा प्राप्त होगी। साथ ही व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं तथा अन्य सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।इस परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र में परिवहन व्यवस्था अधिक व्यवस्थित होगी तथा लोगों को आवागमन में होने वाली कठिनाइयों से राहत मिलेगी।

## जयनगर में अलविदा जुमा की नमाज अकीदत के साथ अदा, अमन-चैन की मांगी दुआ

**जयनगर (एनएसबी)।** पवित्र रमजान माह के अंतिम शुक्रवार को जयनगर के विभिन्न मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रोजेदार और नमाजी मस्जिदों में एकत्रित हुए तथा अल्लाह से अमन-चैन, तरक्की और आपसी भाईचारे की दुआ मांगी। नमाज को लेकर शहर में सुबह से ही धार्मिक और आध्यात्मिक माहौल देखने को मिला।

जयनगर के भेलवा चौक स्थित जामा मस्जिद सहित शहर की अन्य मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। नमाजी साफ-सुथरे कपड़े पहनकर और सिर पर टोपी लगाकर मस्जिदों की ओर पहुंचे। मस्जिदों के आसपास लोगों की आवाजाही के कारण विशेष रौनक देखी गई। नमाज से पहले जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मो. सिराज बरकाती ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए रमजान के महत्व और इसकी बरकतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।मौलाना सिराज बरकाती ने कहा कि मुसलमानों के लिए रमजान का महीना सबसे पवित्र और बरकतों वाला माना जाता है। इस महीने में अल्लाह तआला अपने बंदों पर विशेष रहमत बरसाते हैं। उन्होंने बताया कि रमजान के महीने को तीन असरों (भागों) में बांटा गया है। पहला असरा रहमत का होता है, दूसरा असरा मगफिरत यानी गुनाहों की माफी का और तीसरा असरा जहन्नम से निजात का होता है।उन्होंने कहा कि रमजान महीने के अंतिम शुक्रवार को जुमातुल विदा या अलविदा जुमा कहा जाता है। यह दिन मुसलमानों के लिए बहुत अहम होता है, क्योंकि इसके बाद रमजान का पाक महीना समाप्ति की ओर बढ़ने लगता है। इस दिन मुसलमान खास तौर पर नमाज, दुआ, तौबा और अस्तगफार में लगे रहते हैं और अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं।मौलाना ने यह भी बताया कि रमजान के महीने में सदका-ए-फितर अदा करना जरूरी होता है, ताकि गरीब और जरूरतमंद लोग भी ईद की खुशियों में शामिल हो सकें। साथ ही जिन लोगों के पास आर्थिक क्षमता होती है, उन्हें जकात निकालने का भी हुक्म दिया गया है। जकात और सदका के माध्यम से गरीब परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है और वे भी खुशी-खुशी ईद का त्योहार मना पाते हैं।अलविदा जुमा की नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर रमजान की मुबारकबाद दी और समाज में शांति, भाईचारे तथा खुशहाली की कामना की।इस दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया। जयनगर के डीएसपी राघव दयाल विभिन्न मस्जिदों का भ्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते नजर आए। पुलिस बल की तैनाती के बीच पूरे शहर में अलविदा जुमा की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।


नवाज अदा करते।

## संक्षिप्त खबरें

### कुढ़नी विधायक ने जनता दरबार लगाकर सुनी जनता की समस्याएं, सम्बंधित अधिकारियों को समाधान का दिया निर्देश

**मुजफ़्फरपुर/एनएसबी।** कुढ़नी विधायक सह पूर्व मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने अपने आवासीय कार्यालय परिसर गोबरसही डुमरी में जनता दरबार लगाकर कुढ़नी विधानसभा क्षेत्र के आमजनों की अनेकों समस्याओं को सुना। उन्होंने मौके से ही सम्बंधित कई विभागों के कई अधिकारियों को दूरभाष पर ही बात कर जनता के आये हुए जनसमस्याओं को दूर करने की आदेश दिया। क्षेत्रीय विधायक केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान कुढ़नी विधानसभा क्षेत्र के आमजनों



की लगातार कई जनसमस्याओं की शिकायत मिल रही थी इस मद्देनजर जनता दरबार के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर समस्याओं को दूर करने की निर्देश अधिकारियों को दिया गया है। उन्होंने कहा कि जनता के परेशानियों को त्वरित दूर नही करने वाले सम्बंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मियों पर अब जिम्मेदारी तय करते हुए कड़ी कार्रवाई की जायेंगी। श्री गुप्ता ने सीधे तौर पर कहा कि जनसरोकारों व जनउपयोगी से जुड़ी हुई मामले के निदान के लिए सभी अधिकारियों व कर्मियों को अपनी नैतिक जिम्मेदारी को पूर्णरूपेण निभानी होगी। उन्होंने कहा कि जनता की सभी परेशानियों अब हर हाल में दूर होंगी। श्री गुप्ता ने कहा की कुढ़नी विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायत व गांव कस्बे में लगातार विकास के हर पैमाने पर हर कार्य हुई है और वे अन्य तरहों के विकासात्मक कार्य करवाने के लिए वे लगातार संबंधित क्षेत्र के जनता से फीडबैक लेकर कार्य को करवाने में लगातार सक्रिय भूमिका भी निभा रहे हैं।

### औराई में एईएस व जेई को लेकर समन्वय समिति की बैठक, सतर्कता बढ़ाने का निर्देश

**औराई(एनएसबी)।** औराई प्रखंड स्थित प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम एवं जापानी इंसेफेलाइटिस से संबंधित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों की समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संभावित मरीजों की शीघ्र पहचान, समय पर उपचार, रेफरल व्यवस्था तथा दवा एवं आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, एईएस नियंत्रण के लिए प्रभावी रणनीति अपनाने तथा आम लोगों के बीच जनजागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। साथ ही सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ गांव स्तर पर सतर्कता बढ़ाने और बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि एईएस से बचाव के लिए समय पर पहचान और उपचार बेहद जरूरी है। इसलिए स्वास्थ्य कर्मियों को गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करने और संदिग्ध मरीजों को तुरंत स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। बैठक में बीडीओ रजनीश शंकर झा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औराई की प्रभारी दिव्या कुमारी, सीडीपीओ रीना सिंह, स्वास्थ्य प्रबंधक संजीव कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे।

### रामचरितमानस का 61 वां जिला सम्मेलन 15 और 16 मार्च को

**मोरवा (एनएसबी)।** अखिल भारतीय रामचरितमानस प्रचार महासंघ के समस्तीपुर जिला का 61 वां जिला सम्मेलन 15 और 16 मार्च को सूर्यपुर यती स्थान महाविष्णु यज्ञ के दौरान आयोजित किया जाएगा। सूर्यपुर यती स्थान में जिला सम्मेलन की सफलता के लिए आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय रामचरितमानस प्रचार महासंघ के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य डॉक्टर सत्यनारायण मिश्र सत्य की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि 15 और 16 मार्च को महा विष्णु यज्ञ के दौरान समस्तीपुर जिला का 61 वां जिला सम्मेलन आयोजित किया गया है। अखिल भारतीय रामचरितमानस के समस्तीपुर जिला सम्मेलन का संयोजक सूर्यपुर निवासी फूल बाबू झा एवं स्वामी विवेकानन्द मिशन विद्यालय के निदेशक श्यामलाल राय बनाए गए हैं। 15 एवं 16 मार्च को दिन के 12:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक रामचरितमानस का पाठ सुंदरकांड पाठ हनुमान चालीसा पाठ एवं प्रवचन कीर्तन आयोजित किया जाएगा। जिला सम्मेलन में रामचरितमानस प्रचार महासंघ के प्रांतीय एवं राष्ट्रीय अधिकारियों सहित संपूर्ण देश के प्रवचन करता एवं प्रवक्ताओं को आमंत्रित किया गया है। सम्मेलन को उद्घाटन करने के लिए ऐतिहासिक नरघोघी ठाकुरवाड़ी के महंत आचार्य शिवराम दास जी महाराज एवं श्रीपुर गाहर के महंत आचार्य सदानंद झा जी महाराज को आमंत्रित किया गया है। इस आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आचार्य सदानंद झा के द्वारा महासंघ के अधिकारियों को सम्मानित किया गया।बैठक को महा विष्णु यज्ञ करने वाले प्रयागराज के संत महात्मा आचार्य ऋषिकांत जी महाराज, जिला अध्यक्ष इंद्रकांत झा, कार्यकारी जिला अध्यक्ष डॉक्टर अरुण कुमार झा, डॉक्टर मित्र कुमार ठाकुर, रामलगन सिंह, फूल बाबू झा, श्यामलाल राय ,पुजारी सुबोध कुमार झा , व्यासपुर सूर्यपुर रामायण गोष्ठी के अध्यक्ष अंजनी कुमार झा, कृष्ण कुमार झा ,प्रोफेसर अवधेश कुमार झा, सीताराम ठाकुर ,दीपक कुमार ठाकुर, हर्षवर्धन झा ,प्रशांत कुमार झा, धर्मेंद्र कुमार झा, लोजपा नेता अभय कुमार सिंह, प्रियंका कुमारी, अमित कुमार झा, जयंती कुमारी, राम मोहन झा, पवन कुमार झा, आलोक कुमार आदि ने बैठक को संबोधित किया। मौके पर संघ के अधिकांश सदस्य एवं यज्ञ समिति के सदस्य मौजूद थे।

### मोख्तारखाना भवन में शौचालय निर्माण के निर्णय का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** नगर निगम, समस्तीपुर द्वारा जिला अदालत परिसर स्थित मोख्तारखाना भवन में शौचालय निर्माण कराने के निर्णय का अधिवक्ता संघ ने स्वागत करते हुए नगर निगम प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस निर्णय से अधिवक्ताओं के बीच खुशी का माहौल देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार अधिवक्ता संघ ने नगर निगम की महापौर अनिता राम से मोख्तारखाना भवन में एक आधुनिक शौचालय निर्माण की मांग की थी। मांग के बाद महापौर ने अपने सहयोगियों और निगम कर्मियों के साथ मोख्तारखाना भवन स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महसूस किया कि वहां शौचालय की व्यवस्था बेहद आवश्यक है। बताया गया कि परिसर में पहले से एक शौचालय मौजूद है, लेकिन वह लंबे समय से अनुपयोगी स्थिति में है, जिससे आसपास दुर्गंध फैलती रहती है। इसके कारण अधिवक्ताओं, मुवक्किलों तथा विशेष रूप से महिला अधिवक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अधिवक्ता संघ ने उम्मीद जताई है कि नगर निगम जल्द ही शौचालय निर्माण के इस निर्णय को अमलीजामा पहनाएगा, जिससे परिसर में स्वच्छता और सुविधा दोनों सुनिश्चित हो सकेंगी। इस पहल में जिला अधिवक्ता संघ के वरीय अधिवक्ता हेमेंद्र कुमार यादव, डॉ. परमानंद लाभ, रमेश कुमार वर्मा, बसुंधरा खुर्शीद, अकबर रजा सोज, मेराज आलम, शिवेश कुमार, अब्दुल सलाम सहित भूपनेश्वर राम, उदयशंकर सिंह और अशोक कुमार वर्मा समेत कई सामाजिक लोगों की विशेष भूमिका रही।

# मिशन मोड में जनसंख्या नियंत्रण का करें काम, हर पात्र तक पहुंचाएं सुविधाएं : आयुक्त

**प्रमंडल स्तरीय ओरिएंटेशन सह सम्मान समारोह में आयुक्त ने सौ हेल्थ वॉरियर्स को अवार्ड देकर किया सम्मानित**

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मियों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा है कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए सभी को मिशन मोड में काम करना होगा। ताकि फैमिली प्लानिंग की सुविधाएँ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े हर पात्र व्यक्ति तक अनिवार्य रूप से पहुँच सकें। उन्होंने जोर देकर कहा कि फैमिली प्लानिंग केवल एक सरकारी कार्यक्रम मात्र नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि आने वाले समय में तिरहुत प्रमंडल की हेल्थ सर्विसेज को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए विभाग के हर स्तर पर एक्टिव सहयोग और अकाउंटेबिलिटी अपेक्षित है। तिरहुत प्रमंडलीय आयुक्त नगर के मझौलिया रोड



समारोह के मंच पर हेल्थ वॉरियर्स को सम्मानित करते प्रमंडलीय आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह।

स्थित एक होटल के सभागार में आयोजित फैमिली प्लानिंग लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम पर केंद्रित प्रमंडलस्तरीय ओरिएंटेशन सह सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। संबोधन से पूर्व प्रमंडलीय आयुक्त ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रोग्राम की सफलता केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने एफपीएलएमआईएस पोर्टल की महत्ता पर जोर देते हुए निर्देश दिया कि टेक्नोलॉजी के बेहतर उपयोग से कॉन्ट्रासेप्टिव दवाओं और लॉजिस्टिक्स की उपलब्धता को पूरी तरह ट्रांसपेरेंट बनाया जाए, ताकि जमीनी स्तर पर किसी भी प्रकार की कमी न रहे। उन्होंने आशा कार्यकताओं और कम्युनिटी हेल्थ वर्कर्स को इस मिशन की असली रीढ़ बताते हुए आह्वान किया कि "सीमित परिवार, सुखी परिवार" के संदेश को अब एक जन-आंदोलन का रूप देने की आवश्यकता है। उन्होंने आगामी वित्तीय वर्ष के लिए प्रमंडल के सभी जिलों को निर्धारित लक्ष्य को समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए प्रेरित किया। समारोह के दौरान वित्तीय वर्ष 2025-26 में परिवार नियोजन कार्यक्रम जैसे महिला व पुरुष नसबंदी, पीपीआईयूसीडी, आईयूसीडी और अंतरा इंजेक्शन के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सौ हेल्थ वॉरियर्स को आयुक्त ने अवार्ड देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, वैशाली, शिवहर एवं सीतामढ़ी जिले के सिविल सर्जन से लेकर जमीनी स्तर पर कार्यरत आशा कार्यकर्ता तक शामिल थी। कार्यक्रम में टेक्निकल सपोर्ट प्रदान करने वाले डेवलपमेंट पार्टनर पीएसआई इंडिया के प्रतिनिधियों को भी उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस समारोह में आरएडी, आरडीडी, आरपीएम सहित प्रमंडल के सभी जिलों के सिविल सर्जन, एसीएमओ, डीपीएम, अस्पतालों के सुपरिटेंडेंट, मेडिकल ऑफिसर और बड़ी संख्या में स्टाफ नर्स और सीएचओ उपस्थित थे। जिन्होंने प्रमंडलीय आयुक्त के विजन को धरातल पर उतारने का संकल्प लिया।

## आईटीआई परिसर गन्नीपुर में तीन दिवसीय 'प्रदर्शनी सह व्यापार मेला' का जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन



प्रदर्शनी सह रोजगार मेला का फीता काटकर उद्घाटन करते डीएम।

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एमएसएमई-विकास एवं सुविधा कार्यालय मुजफ्फरपुर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'प्रदर्शनी सह व्यापार मेला' का शुभारंभ शुक्रवार को गन्नीपुर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने विधिवत फीता काटकर किया। मौके पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य प्रमेश प्रशर तथा जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक विजय कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में एमएसएमई-विकास एवं सुविधा कार्यालय मुजफ्फरपुर के सहायक निदेशक अंबुरी सालिमु राजुलु द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इस आयोजन के कार्यक्रम समन्वयक के रूप में एमएसएमई-डीएफओ, मुजफ्फरपुर के अन्वेषक भीमसेन भी उपस्थित रहे। यह प्रदर्शनी सह व्यापार मेला 15 मार्च 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस मेले में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना लाभार्थियों द्वारा निर्मित विभिन्न प्रकार के पारंपरिक एवं आधुनिक उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई है, जिससे कारीगरों एवं उद्यमियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन, विपणन तथा संभावित खरीदारों से सीधे संपर्क का एक सशक्त मंच प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित उद्यमी, कारीगर एवं आम नागरिकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में 10 पीएम विश्वकर्मा लाभार्थी को सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। मेला में 18 विभिन्न ट्रेड से जुड़े 54 स्टॉल भी लगाए गए हैं। कार्यक्रम के अंत में सहायक निदेशक अंबुरी सालिमु राजुलु द्वारा सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं उपस्थित जनों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## एचआईवी एड्स जागरूकता को लेकर जिलास्तरीय नुक्कड़ नाटक व भाषण प्रतियोगिता आयोजित




एचआईवी एड्स जागरूकता रैली में शामिल विभिन्न कॉलेजों के छात्र छात्राएं।

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** झपहां स्थित तिरहुत कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन में 95 : 95 : 99 अभियान के तहत एचआईवी / एड्स विषयों पर केंद्रित जिलास्तरीय नुक्कड़ नाटक और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही एचआईवी एड्स से बचाव के लिए जागरूकता रैली निकाली गई।इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न कॉलेजों के छात्र छात्राएं शामिल हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन तिरहुत कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन के प्राचार्य डॉ शक्तिवान सिंह, रेड रिबन क्लब के जिला नोडल अधिकारी प्रो रंजन कुमार, प्रो विकास कुमार व प्रो बीरेंद्र कुमार यादव ने संयुक्त रूप से किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एमडीडीएम कॉलेज की वंदना विजय लक्ष्मी, द्वितीय स्थान एलएस कॉलेज की संजना कुमारी व तृतीय स्थान एलएनटी कॉलेज की पलक कुमारी ने हासिल किया। वहीं पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर एमडीडीएम कॉलेज की श्रेया सिंह, द्वितीय स्थान पर एलएस कॉलेज की संजना कुमारी तथा तृतीय स्थान पर एलएनटी कॉलेज की पलक कुमारी रहीं। वही नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एलएस कॉलेज व द्वितीय स्थान एमडीडीएम कॉलेज ने हासिल किया। मौके पर रेड रिबन क्लब के जिला नोडल अधिकारी प्रो रंजन कुमार ने कहा कि हमारा लक्ष्य (95:95:99): 95 प्रतिशत उच्च जोखिम समूह के व्यक्तियों को एचआईवी की जानकारी एवं जाँच से जोड़ना, 95 प्रतिशत एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों को निःशुल्क एआरटी उपचार से जोड़ना, 99 प्रतिशत उपचाररत व्यक्तियों में वायरल लोड को न्यूनतम स्तर तक लाना है। साथ ही उन्होंने आव्हान किया कि आइए, सब मिलकर 95:95:99 के लक्ष्य को साकार करें तथा एचआईवी मुक्त, स्वस्थ समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।

## अमन और चैन की दुआओं के साथ मुजफ्फरपुर में रोजेदारों ने अता की अलविदा जुमे की नमाज

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** माह ए रमजान के अंतिम शुक्रवार को रोजेदारों ने अलविदा जुमे की नमाज अदा की। अलविदा जुमे की नमाज को लेकर शुक्रवार को नगर के सभी मस्जिदों औऱ ईदगाहों में रोजेदारों की भारी भीड़ उमड़ी। आखिरी जुमे की नमाज को लेकर रोजेदारों की उमड़ने वाली भीड़ के मद्देनजर नगर क्षेत्र में व्यापक व्यवस्था की गई थी। नगर के सभी प्रमुख मस्जिदों औऱ ईदगाहों में रोजेदारों की सुविधा औऱ सुरक्षा को देखते हुए सुरक्षा का प्रबंध किया गया था। इन व्यवस्था के बीच रोजेदारों ने कंपनीबाग रोड स्थित बड़ी मस्जिद, तिलक मैदान रोड स्थित मस्जिद, माड़ीपुर,



बड़ी मस्जिद में आखिरी जुमे पर अलविदा की नमाज अता करते रोजेदार।

मिठनपुरा, गौशाला रोड स्थित ईदगाह के अलावा नगर के कई अन्य मस्जिदों में रोजेदारों ने आखिरी जुमे की नमाज अता कर अमन चैन की दुआ मांगी। कंपनीबाग रोड स्थित बड़ी मस्जिद में सैकड़ों रोजेदारों की भीड़ देखने लायक थी, जहां सभी लोगों ने अलविदा जुमे की नमाज अता कर देश प्रदेश औऱ समाज मे अमन चैन औऱ खुशहाली की दुआ मांगी। रमजान के आखिरी जुमे की नमाज के बाद रोजेदारों ने बताया कि माहे रमजान का आखिरी जुमा मुसलमानों के लिए बेहद अहम और बरकतों से भरा होता है।रोजेदारों का कहना था कि इस पाक महीने में रोजेदार अल्लाह को राजी करने के लिए रोजे रखते हैं, तरावीह की नमाज पढ़ते हैं। सदका-खैरात करते हैं और जकात अदा करते हैं। रमजान को बरकतों वाला महीना माना जाता है, जिसमें अल्लाह की रहमत और मगफिरत की बारिश होती है।

### जिला भारोत्तोलन टीम का सलेक्शन ट्रायल 15 मार्च को

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** 28 से 30 मार्च को सुगौली मोतिहारी में आयोजित तृतीय कैडेट बिहार राज्य बालक एवं बालिका भारोत्तोलन चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए मुजफ्फरपुर जिला भारोत्तोलन टीम का सलेक्शन ट्रायल 30 मार्च को शाम 3 बजे जी डी मदर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित की जाएगी। मुजफ्फरपुर जिला भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष अंजनी कुमार ओझा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सलेक्शन ट्रायल के आधार पर जिला टीम का गठन किया जाएगा, जो राज्य स्तरीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में मुजफ्फरपुर का प्रतिनिधित्व करेगी। चयन प्रतियोगिता बालक एवं बालिका अंडर 11 एवं बालक एवं बालिका अंडर 13 आयु वर्ग में आयोजित की जाएगी। सभी खिलाड़ियों को 2 रंगीन फोटो आधारकार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र की छाया प्रति लाना अनिवार्य किया गया है।

# रोजगार तालाश करने के वजाय स्वयं उद्यमी बनें युवा : जिलाधिकारी

**स्वरोजगार में बृद्धि व युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर मेगा ऋण वितरण शिविर आयोजित**

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** जिले में स्वरोजगार को बढ़ावा देने तथा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से उद्योग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत समाहरणालय सभागार में मेगा ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लाभुकों को विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण की स्वीकृति एवं वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित

युवक युवतियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आज के दौर में स्वरोजगार ही आर्थिक सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि युवाओं को उद्यमी बनाने तथा उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से युवाओं को व्यवसाय शुरू करने और उसे आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक वित्तीय



युवक को स्वरोजगार के लिए ऋण स्वीकृति प्रमाणपत्र प्रदान करते जिलाधिकारी।

सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इसी उद्देश्य से इस मेगा ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया है। ताकि अधिक से अधिक युवाओं को इन योजनाओं का लाभ मिल सके।

जिलाधिकारी ने उद्यमियों को संबोधित करते हुए सुझाव दिया कि अधिक से अधिक युवा रोजगार के अवसरों की तलाश करने के बजाय स्वयं उद्यम स्थापित करें और दूसरों को भी रोजगार उपलब्ध कराएं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे सरकार की इन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाएं और अपने कौशल तथा मेहनत के बल पर सफल उद्यमी बनें। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 6 लाभुकों को 64.55 लाख रुपये के ऋण की स्वीकृति प्रदान की गई। जबकि 6 लाभुकों के बीच 39.55 लाख रुपये की राशि का वितरण किया गया। वहीं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत 36 लाभुकों को 364. 36 लाख रुपये के ऋण की स्वीकृति दी गई तथा 19 लाभुकों को 288.68 लाख रुपये की राशि वितरित की गई। ऋण वितरण शिविर के उपरांत जिलाधिकारी ने उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने बैंकों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बैंकों के पदाधिकारियों को जिलाधिकारी की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा, जिससे अन्य बैंकों को भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ समय पर पात्र लाभुकों तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस मेगा ऋण वितरण शिविर में उप विकास आयुक्त श्रेष्ठ अनुपम, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र विजय शंकर प्रसाद, मुख्य प्रबंधक एसबीआई रंजीत कुमार राय, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दिनेश प्रसाद सिंह, परियोजना प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र अभिलाषा भारती, आशुतोष कुमार झा सहित कई अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## डायट डुमरा में एआई पर राष्ट्रीय सेमिनार, बदलते शैक्षिक परिदृश्य पर हुआ मंथन

# एआई का उपयोग नैतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं के साथ किया जाना अत्यंत आवश्यक : जिलाधिकारी

### कार्यक्रम में देशभर के शिक्षकों और शोधार्थियों ने प्रस्तुत किए शोध-पत्र

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), डुमरा में शुक्रवार को ह्लकृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में बदलता शैक्षिक परिदृश्यह्व विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के डॉ. गोपाल कृष्ण ठाकुर, केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ की डॉ. किरण लता गंडवाल, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी की डॉ. रश्मि श्रीवास्तव, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी नगमा शादाब और डायट प्राचार्य कुमारी अर्चना ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिलाधिकारी रिची पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तेजी से शिक्षा, प्रशासन और समाज के विभिन्न क्षेत्रों को प्रभावित कर रही है। ऐसे में इसका उपयोग नैतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं के साथ किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि तकनीक का उपयोग विवेक, जिम्मेदारी और नैतिक दृष्टिकोण के साथ किया जाए तो यह समाज के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में एआई का उपयोग शिक्षण-अधिगम की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, रोचक और परिणामोन्मुख बना सकता है। उन्होंने शिक्षकों और प्रशिक्षुओं को नई तकनीकों को सीखने तथा उन्हें सकारात्मक और रचनात्मक तरीके से अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि तकनीकी विकास के इस दौर में युवाओं और शिक्षकों के लिए कौशल विकास और क्षमता संवर्धन अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस प्रकार के सेमिनार न केवल ज्ञान के आदान-प्रदान का मंच प्रदान करते हैं, बल्कि शिक्षकों और विद्यार्थियों को नई सोच और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में नैतिक मूल्यों को मजबूत करते हुए आधुनिक तकनीकों का संतुलित उपयोग ही आने वाले समय में समाज को सही दिशा प्रदान कर सकता है।कार्यक्रम की शुरूआत में डायट के व्याख्याता डॉ. जमाल अहमद ने संस्थान के इतिहास और सेमिनार के विषय पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रभाव के कारण शिक्षा के क्षेत्र में नई संभावनाएं और चुनौतियां सामने आ रही हैं, जिन पर गंभीर चर्चा की जरूरत है। सेमिनार में विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए विशेषज्ञों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रभाव, शिक्षा में इसके उपयोग तथा नैतिकता के महत्व पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में संस्थान के व्याख्याताओं, प्रशिक्षुओं एवं शिक्षकों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। मुख्य वक्ता डॉ. गोपाल कृष्ण ठाकुर ने कहा कि नैतिक विवेक के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग शिक्षा को अधिक प्रभावी बना सकता है और सीखने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देता है। केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ की डॉ. किरण लता गंडवाल ने कहा कि एआई के उपयोग में मानवीय संवेदना का समावेश आवश्यक है और मौलिक बुद्धिमत्ता की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। डॉ. रश्मि श्रीवास्तव ने एआई को आधुनिक युग का क्रांतिकारी आविष्कार बताते हुए इसके संतुलित और सावधानीपूर्वक उपयोग पर जोर दिया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आज के समय की जरूरत बन चुकी है, इसलिए शिक्षकों को अपने शिक्षण कार्य में इसका उपयोग करना चाहिए। डायट मोतिहारी के डॉ. प्रवीण कुमार ने भी इसे शिक्षक प्रशिक्षण के लिए उपयोगी बताया। सेमिनार का आयोजन ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों माध्यमों से किया गया। ऑफलाइन सत्र का संचालन डॉ. कुमारी नेहा, नंद किशोर सिंह और नरेंद्र कुमार ने किया, जबकि ऑनलाइन सत्र का संचालन डॉ. जमाल अहमद, डॉ. सिम्मी एजार और जिला टेक्निकल टीम के सदस्य शिक्षक अभिषेक वर्मा तथा प्रियंका कुमारी ने किया। सेमिनार में विभिन्न राज्यों के विश्वविद्यालयों के शोधार्थियों और शिक्षकों ने अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्थान के व्याख्याताओं अकील अख्तर, शंभू कुमार मंडल, डॉ. मनोज कुमार, संजीव कुमार झा, डॉ. कुंदन निशाकर, डॉ. विनय कुमार, अनुनय कुमार, अवध किशोर, नीरज कश्यप, मनीष कुमार और नरेंद्र कुमार सहित सभी कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंत में व्याख्याता अनुनय कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।


कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि, विषय विशेषज्ञ व अन्य।


कार्यक्रम को सम्बोधित करते डीएम रिची पांडेय व मंचासीन अन्य अतिथिगण।

## "सबका सम्मान-जीवन आसान" कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सुनीं जन समस्याएं


कार्यक्रम में आमजनों की समस्याओं को सुनते जिलाधिकारी।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सात निश्चय-3 अंतर्गत सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जिला पदाधिकारी रिची पांडेय ने आमजनों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखीं जहां परिवादों को सुना गया एवं उसके समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए गए। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामले, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आईसीडीएस, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, सड़क, राशन कार्ड,अतिक्रमण, सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी परिवाद प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मामले की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल एवं प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी श्री पांडेय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनसमस्याओं के निष्पादन में जिले के सभी पदाधिकारी पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत काजिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल समाधान निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

जिलाधिकारी ने कहा कि सेवा-संवाद-समाधान कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ है। इससे न केवल समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया तेज हुई है, बल्कि प्रशासन के प्रति आम लोगों का भरोसा भी और अधिक मजबूत हुआ है। वहीं जिलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के द्वितीय अपील की सुनवाई की गई। कुल 12 मामलों की सुनवाई की गई।

# एसएसबी के डीआईजी ने की सीमावर्ती सुरक्षा विकास व सामाजिक चुनौतियों को लेकर बैठक

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के भिट्ठामोड़ स्थित सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के कैंप में डीआईजी मानेंदर सिंह नेगी ने सीमावर्ती क्षेत्र की सुरक्षा, विकास और सामाजिक चुनौतियों को लेकर बुद्धिजीवियों, जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के साथ-साथ युवाओं को हुनरमंद बनाना और उन्हें सही दिशा देना भी एसएसबी की प्राथमिकता है।

बैठक के दौरान सीमा सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई तथा क्षेत्र की समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा हुई। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार ने क्षेत्र में बढ़ती नशाखोरी, शराब तस्करी, अशिक्षा, बेरोजगारी, जल संकट और पर्यावरणीय समस्याओं पर चिंता जताते हुए कहा कि अशिक्षा, नशा और अवैध तस्करी विकास तथा सामाजिक स्थिरता के सबसे बड़े बाधक हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे जीविकोपार्जन के लिए अवैध कार्यों से दूर रहें, अपने श्रम और कौशल पर भरोसा करें तथा सकारात्मक कार्यों में जुड़ें, जिससे क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि आए। डॉ. कुमार ने सीमावर्ती क्षेत्र की सुरक्षा एवं सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए एसएसबी द्वारा स्थानीय अधिकारी पवन खराटे के नेतृत्व में चल रही गतिविधियों की सराहना की। साथ ही शराब तस्करी रोकने हेतु भिट्ठा थाना प्रभारी मनोज कुमार के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियानों की भी प्रशंसा करते हुए एसएसबी, प्रशासन और आम जनता से मिलकर काम करने का आह्वान किया, जिस पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक के दौरान लेखिका नैना साहू ने लड़कियों की शिक्षा और महिला रोजगार को बढ़ावा देने के लिए अधिक कौशल विकास कार्यक्रम चलाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि यदि महिलाओं और युवतियों को उचित शिक्षा और प्रशिक्षण मिले तो वे आत्मनिर्भर बनकर समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। इस अवसर पर उन्होंने अपनी पुस्तक ह्लनैना लिखते ऐसी पातीह्व डीआईजी नेगी को भेंट की। कार्यक्रम में कमांडेंट जीसी पांडेय, सेकेंड कमांडेंट आशीष पांडेय, भिट्ठा थाना प्रभारी मनोज कुमार, असिस्टेंट कमांडेंट पवन खराटे तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि राम विवेकी साह, अरुण कुमार यादव, राजेश पासवान, संजय कुमार साह, भरत पासवान, राजीव नंद सहित अन्य लोग उपस्थित थे। सभी ने क्षेत्र की सुरक्षा और विकास के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया।


एसएसबी कैंप में डीआईजी के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि, पुलिस अधिकारी व अन्य।

## मुस्लिम भाइयों ने हर्षोल्लास के साथ अलविदा जुमे की नमाज अदा की, भाईचारा व अमन-चैन की दुआ मांगी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** माह-ए-रमजान में मुस्लिम भाइयों ने उत्साह के साथ अलविदा जुम्मा की नमाज अदा की। इस दौरान अलविदा जुमा की नमाज को लेकर हरेक उम्र के लोगों में खासकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया।

इसके साथ ही मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा पवित्र पर्व ईद की तैयारी तेज कर दी गयी है। 20 मार्च या 21 मार्च को ईद मनाया जाएगा। वहीं अलविदा जुमा की नमाज के दौरान लोगों को बताया गया कि इस्लाम धर्म में जुमा का दिन बेहद महत्वपूर्ण होता है। रमजान में जुमा का महत्व और बढ़ जाता है। जुमा को छोटी ईद का दर्जा हासिल है। इस माह-ए-रमजान में लोगों को चार जुमा का अवसर मिला। ईद से पहले और रमजान के आखिरी जुम्मा को अलविदा जुम्मा कहते है। मौलाना मो. मजहर कासमी ने बताया कि अलविदा जुमा रमजान 2026 के विदाई का संकेत है। रमजान के आखिरी जुमा को हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाता है। वहीं अलविदा जुमा के दिन लोगों ने नये कपड़े पहने थे। खासतौर से बच्चों ने रंग-बिरंगें नये-नये कपड़े पहनकर नमाज अदा करने को विभिन्न मस्जिद में पहुंचे थे। इस दौरान बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। बड़े बुजुर्ग के साथ बच्चें भी मस्जिद में अलविदा जुमा की नमाज अदा करने के लिए रास्तों से जाते नजर आये। वहीं अलविदा जुमा में समाज में आपसी सदभाव, भाईचारे की विशेष रूप से दुआ की गई। इस मौके पर मदरसा रहमानिया मेहसौल के पूर्व अध्यक्ष मो. अरमान अली, फैयाज आलम उर्फ सोनू बाबू, मो. बशारत करीम गुलाब, हाजी मो. हशमत हुसैन, मौलाना मो. सोहराब, इमाम खुर्शीद आलम, अब्दुल वदूद, मो. जौहर अली ताज, अरशद सलीम, हाफिज मो. निजाम, मो. मुतुर्जा, मो. अलीमुल्लाह, मो अफरोज आलम, तौकीर अनवर उर्फ सिकंद,मो. मजहर अली राजा, हाजी अब्दुल्लाह रहमानी, मो जुनैद आलम, मो सोहैल अख्तर, अताउल्लाह रहमानी समेत सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।


मस्जिद में अलविदा जुम्मा की नमाज अदा करते रोजेदार ।

## सीतामढ़ी को अमृत भारत ट्रेन की सौगात दिल्ली-जयपुर की यात्रा होगी आसान

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** नवरात्रि के अवसर पर भारतीय रेलवे ने सीतामढ़ी समेत उत्तर बिहार के यात्रियों को बड़ी सौगात दी है। समस्तीपुर मंडल के तहत तीन नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरूआत की जा रही है, जिनमें से दो का सीधा लाभ सीतामढ़ी क्षेत्र को मिलेगा। इन ट्रेनों के शुरू होने से यात्रियों को दिल्ली, राजस्थान और दक्षिण भारत के प्रमुख शहरों तक बेहतर रेल कनेक्टिविटी मिलेगी। रेल मंत्री रविवार को दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से इन ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। नई व्यवस्था के तहत मदार (अजमेर)झदरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस (19623/19624) का साप्ताहिक परिचालन शुरू होगा। यह ट्रेन सीतामढ़ी मार्ग से कमतौल, रक्सौल, नरकटियागंज, गोरखपुर, लखनऊ और कानपुर होते हुए जयपुर व अजमेर तक जाएगी। इसके अलावा मुजफ्फरपुरझचरलापल्ली (तेलंगाना) अमृत भारत एक्सप्रेस से भी जिले के यात्रियों को दक्षिण भारत जाने में सुविधा मिलेगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार नई ट्रेनों में यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया है। इन सेवाओं के शुरू होने से सीतामढ़ी, रक्सौल और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा में काफी सहूलियत मिलेगी।

स्थानीय लोगों का मानना है कि बेहतर रेल कनेक्टिविटी से व्यापार, रोजगार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। रविवार को ट्रेन के उद्घाटन को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह

## गोयनका कॉलेज में मोबाइल से नकल का वीडियो वायरल, प्रशासन में हड़कंप

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** शहर के प्रतिष्ठित श्री राधाकृष्ण गोयनका कॉलेज में स्नातक सत्र 2024-28 के सेमेस्टर-3 की परीक्षा के दौरान एक छात्र द्वारा मोबाइल से नकल करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। वीडियो में छात्र परीक्षा हॉल में डेस्क पर मोबाइल रखकर उत्तर लिखते हुए दिखाई दे रहा है। उस समय कक्ष में वीक्षक भी मौजूद थे, जिसके बावजूद घटना पर ध्यान नहीं दिया गया। कॉलेज के नियमों के अनुसार परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल या किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। इसके बावजूद छात्र के पास मोबाइल मिलने से कॉलेज की सुरक्षा व्यवस्था और जांच प्रक्रिया पर सवाल उठने लगे हैं।

## स्कूल समय में बाहर घूमते दिखे छात्र, वीडियो वायरल होने पर प्रधानाध्यापक से जवाब-तलब

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सुप्पी प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय, मोहनी मंडल के छात्रों का स्कूल समय में परिसर से बाहर घूमने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग सख्त हो गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) राघवेन्द्र मणि त्रिपाठी ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक से 48 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। डीईओ द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि वायरल वीडियो में छात्र-छात्राएं विद्यालय अवधि के दौरान परिसर से बाहर घूमते दिखाई दे रहे हैं, जो विद्यालय की निगरानी और अनुशासन व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने प्रधानाध्यापक से पूछा है कि स्कूल समय में छात्र बाहर कैसे पहुंचे, उपस्थिति और अनुशासन बनाए रखने के लिए क्या व्यवस्था थी तथा घटना के बाद क्या कार्रवाई की गई। साथ ही प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) सुप्पी को विद्यालय की स्थलीय जांच कर दो दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। डीईओ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय सीमा में संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो संबंधित के विरुद्ध विभागीय और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## स्वास्थ्य सूचकांकों पर 46 सीएचओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित


प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल अधिकारी व अन्य ।

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला स्वास्थ्य समिति (ऊ्नर) सीतामढ़ी में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और विभिन्न स्वास्थ्य सूचकांकों में सुधार लाने के उद्देश्य से 46 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन, सीतामढ़ी द्वारा की गई। प्रशिक्षण सत्र का संचालन जिला कार्यक्रम प्रबंधक असित रंजन, जिला कार्यक्रम समन्वयक दिनेश कुमार, डीएम एंड ई संतोष कुमार तथा पीरामल फाउंडेशन की टीम से प्रभाकर कुमार और दुर्गा प्रसाद द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों जैसे जन आरोग्य समिति, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस, डिजिटल वैक्सीन बेनिफिशियरी मैनेजमेंट सिस्टम, परिवार नियोजन पखवाड़ा तथा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही इन कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन और निगरानी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी साझा किए गए।

इसके अतिरिक्त सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने पंचायत क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर समुदाय में स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं की पहचान करें तथा उनके समाधान के लिए सक्रिय रूप से कार्य करें, ताकि स्वस्थ पंचायत के निर्माण की दिशा में ठोस पहल सुनिश्चित की जा सके। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों के साथ संवादात्मक सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर क्रियान्वयन से जुड़ी चुनौतियों और उनके समाधान पर चर्चा की गई।

### संपूर्णता अभियान 2.0 की समीक्षा बैठक आयोजित

# विभागों को सूचकांकों में संतृप्ति का निर्देश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय के निर्देश पर उपविकास आयुक्त संदीप कुमार की अध्यक्षता में नीति आयोग (भारत सरकार) के आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखण्ड के अंतर्गत संचालित संपूर्णता अभियान 2.0 की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत आकांक्षी जिला के अंतर्गत कुल 5 सूचकांकों तथा आकांक्षी प्रखण्ड के अंतर्गत 6 सूचकांकों में संतृप्ति हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उपविकास आयुक्त ने सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित सूचकांकों में संतृप्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें तथा निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करें। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी (आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखण्ड) संतोष कुमार सुमन, सहायक योजना पदाधिकारी अमित कुमार, डीपीएम असित रंजन, पीरामल फाउंडेशन के जिला प्रबंधक प्रभाकर कुमार, कार्यक्रम लीड दुर्गा प्रसाद सिंह, रोहित कुमार सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला एवं प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।


समीक्षा बैठक करते उपविकास आयुक्त।

## बकरी चोरी के आरोप में युवक की पीट-पीटकर मार डाला

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिले के बथनाहा थाना क्षेत्र के महुआवा पंचायत में बकरी चोरी के संदेह में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान मोतीलाल राऊत के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया है और परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार, मोतीलाल राऊत पर बकरी चोरी का आरोप लगाकर कुछ लोगों ने उसे घेर लिया और लाठी-डंडों से बेरहमी से पिटाई कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पप्पू राय और उसके साथियों ने युवक को इतना पीटा कि वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों द्वारा अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही बथनाहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने पप्पू राय को मुख्य आरोपी बताते हुए शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है तथा इलाके में शांति बनाए रखने के लिए गश्त बढ़ा दी गई है।

# भारतीय ज्ञान परम्परा मानव जीवन के समग्र विकास का मार्ग : डा. श्याम नन्दन

## महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय में 'भारतीय ज्ञान परम्परा एवं समकालीन परिप्रेक्ष्य' पर कार्यशाला आयोजित

**मोतीहारी(एनएसबी)।** महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय में 'भारतीय ज्ञान परम्परा एवं समकालीन परिप्रेक्ष्य' पर आयोजित सप्तदिवसीय कार्यशाला में दूसरे दिन डा. श्याम नन्दन ने 'भारतीय ज्ञान परम्परा और कबीरदास' विषय पर व्यख्यान देते हुए कहा - भारतीय संस्ति विश्व की प्राचीनतम और समृद्ध संस्तियों में से एक है। इसकी आधारशिला भारतीय ज्ञान परम्परा है, जिसमें मानव जीवन के आध्यात्मिक, नैतिक, सामाजिक और दार्शनिक सभी आयामों का गहन चिंतन मिलता है। यह परम्परा केवल धार्मिक ग्रन्थों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की एक संपूर्ण पद्धति है। वेद, उपनिषद्, पुराण, रामायण, महाभारत और भगवद्गीता जैसे ग्रन्थ भारतीय चिंतन की मूल धारा को प्रस्तुत करते हैं। इन ग्रन्थों में ज्ञानयोग, भक्तियोग, कर्मयोग, धर्म, मोक्ष, मर्यादा, नैतिकता तथा समाज-व्यवस्था के सिद्धांतों का अत्यंत गहन विवेचन मिलता है। मध्यकाल में कबीर दास ने इन्हीं सिद्धांतों को लोकभाषा में प्रस्तुत किया, जिससे भारतीय ज्ञान परम्परा जन-जन तक पहुँची। ड़ श्याम नन्दन ने आगे कहा कि -'भारतीय ज्ञान परम्परा मानव जीवन के संपूर्ण विकास का मार्ग प्रस्तुत करती है।

वेदों की आध्यात्मिकता, उपनिषदों का दर्शन, भगवद्गीता का कर्मयोग, रामायण की मर्यादा, महाभारत की नीति आदि सभी मिलकर भारतीय संस्ति की महान धरोहर बनाते हैं। यह परम्परा हमें सिखाती है कि जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक सुख प्राप्त करना नहीं है बल्कि आत्मिक उन्नति, नैतिकता, धर्म और मोक्ष की प्राप्ति भी है। आज आवश्यकता है कि हम इस महान ज्ञान परम्परा को समझें, अपनाएँ और आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाएँ। तभी भारत की सांस्तिक धरोहर सुरक्षित रह सकेगी और मानव समाज का कल्याण होगा।


संबोधित करते डा.श्याम नन्दन।

प्रो शिरीष मिश्र ने अपने व्याख्यान में भारतीय ज्ञान परम्परा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्त भाषा सभी भाषाओं में विशेष स्थान है। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था और स्टक मार्केट के संदर्भ में भारतीय ज्ञान परम्परा की उपयोगिता को रेखांकित किया तथा तकनीक और प्राचीन ग्रंथों के समन्वय की आवश्यकता बताई। उन्होंने प्रतिभागियों को एआई के साथ-साथ मूल ग्रंथों के अध्ययन के लिए भी प्रेरित किया और कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा विश्व में अद्वितीय है।

प्रो बैद्यनाथ मिश्र ने भारतीय ज्ञान परम्परा में नक्षत्र विज्ञान और आयुर्वेद के महत्व को स्पष्ट किया। उन्होंने आयुर्वेद में वर्णित तंत्र-युक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय शास्त्र लोककल्याण की भावना से परिपूर्ण हैं और हमारे ग्रंथों में वर्णित विद्या अत्यंत व्यापक है।

डा.उमेश पात्रा ने अपने वक्तव्य में समकालीन वैश्विक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान समय में विश्व विभिन्न संघर्षो से गुजर रहा है, जिसका प्रभाव सामान्य जनजीवन पर भी पड़ रहा है। उन्होंने भारतीय ज्ञान परम्परा में प्रति, जीवन और संस्ति के समन्वय को रेखांकित करते हुए इसकी वर्तमान प्रासंगिकता पर विचार प्रस्तुत किए।

# मेहसी व आसपास के क्षेत्रों में अकीदत व सादगी के साथ अदा की गई अलविदा की नमाज

## जुम्मतुल-विदा की तरह अन्य नमाजों को भी नियमित अदा करें : कारी इशितयाक

**मेहसी(एनएसबी)।** रमजान माह के अंतिम जुम्मे यानी जुम्मतुल-विदा के अवसर पर चकिया तथा आसपास के प्रखंड क्षेत्रों की मस्जिदों में अलविदा की नमाज बड़ी अकीदत, सादगी और शांति के साथ अदा की गई। नमाज के बाद देश-दुनिया में अमन, भाईचारा और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं की गईं।

मेहसी नगर पंचायत सहित आसपास की पंचायतों की मस्जिदों में भी बड़ी संख्या में नमाजियों ने अलविदा की नमाज अदा की। बारा चकिया जामा मस्जिद में नमाज साी और शांति के साथ संपन्न हुई। मस्जिद के इमाम मौलाना महताब आलम कासमी, जो जमीयत उल उलेमा बारा चकिया के सचिव भी हैं, ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी को समाज में शांति और सौहार्द स्थापित करने के लिए प्रयास करना चाहिए तथा अल्लाह से दुआ करनी चाहिए कि विश्व में अमन कायम रहे और हमारा देश निरंतर विकास के मार्ग पर आगे बढ़े।

मदरसा जिया-उल-उलूम कुआवां शरीफ के सचिव कामरेड इशितयाक आलम ने बताया कि मदरसा परिसर स्थित मस्जिद में हाफिज मौलाना मखदूम ने अलविदा की नमाज पढ़ाई। वहीं बिचला टोला जामा मस्जिद के केयरटेकर दिल मोहम्मद अंसारी के अनुसार उनकी मस्जिद में दोपहर एक बजे हजरत मौलाना तारिक अनवर की इमामत मे नमाज अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में बुजुर्गो, युवाओं और बच्चों ने भाग लिया।

पीपरा बाजार की मस्जिद में इमाम व खतीब हजरत अल्लामा मौलाना कारी इशितयाक असदिकी ने नमाज पढ़ाई। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जिस जोश और अकीदत के साथ लोग आज मस्जिद में आए हैं, उसी भावना के साथ हर रोज नमाज के लिए मस्जिद में आना चाहिए, ताकि इंसान अपने रब की बारगाह में कामयाब हो सकेसहरदियाबाद में भी बड़ी संख्या में लोगों ने जुमे की नमाज अदा कर अल्लाह का शुक्र अदा किया। बारा चकिया की नूरी मस्जिद में भी अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई। चकिया नगर परिषद के नगर अध्यक्ष कौसर रजा ने बताया कि नूरी मस्जिद में बड़ी संख्या में नमाजियों ने शिरकत की।कुआवां पश्चिम टोला की मस्जिद में इमाम कारी इमरान हाशमी ने नमाज पढ़ाई। मस्जिद के मुतवल्ली मकसूद आलम अंसारी ने बताया कि नमाज के लिए विशेष तैयारी की गई थी, ताकि नमाजियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। कुआवां दक्षिण टोला की मस्जिद के सचिव परवेज आलम टिंकू के अनुसार उनकी मस्जिद में भी तय समय पर नमाज अदा की गई और देश में शांति, व्यवस्था तथा सुरक्षा के लिए दुआ की गई।

इसके अलावा हरपुर किशुनी, इमादपट्टी, शेखी चकिया सहित अन्य गांवों में भी रमजान के अंतिम जुम्मे की नमाज बड़े उत्साह और अकीदत के साथ अदा की गई।

वहीं मेहसी के मिर्जापुर तेगिया मस्जिद, अजमेरी मस्जिद, सुलह जंगी मस्जिद समदपुरा समेत अन्य मस्जिदों में भी अलविदा का जुमा बड़ी अकीदत, सी और एहतराम के साथ अदा किया गया।

### एलपीजी गैस डिस्ट्रीब्यूटर के कार्यालय एवं गोदाम का औचक निरीक्षण

**रक्सौल(एनएसबी)।** अनुमंडल पदाधिकारी, रक्सौल मनीष कुमार द्वारा एडीएसओ,एमओ आदापुर,रक्सौल एवं थाना रक्सौल के साथ एलपीजी गैस डिस्ट्रीब्यूटर के कार्यालय एवं गोदाम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के द्वारा यह तथ्य सामने आया की भारतगैस , गैस के बुकिंग सर्वर में कोई समस्या नहीं है।लोगो को सामान्य रूप से गैस होम डिलीवरी दी जा रही है।उनको प्लांट से जितना सिलेंडर पूर्व में मिलता था वो अभी भी मिल रहा है। समस्या केवल इंडेन गैस के डिस्ट्रीब्यूटर के साथ हो रही है क्योंकि वह बुकिंग सर्वर 3 दिनों से पूरी तरह फेल्ड है। जिसके कारण बुकिंग सर्वर पर नहीं हो पा रही है। मैनुअल बुकिंग का एजेंसी को कोई प्रावधान नहीं है। इंडेन गैस की सप्लाई में पूर्व से 20 प्रतिशत कटौती भी हुई है। जहाँ पहले डिस्ट्रीब्यूटर को प्रति दिन 600सिलेंडर दिए जाये थे। अब आज कल 450 सिलेंडर दिया जा रहे हैं।मौके पर एडीएसओ,एमओ सहित गैस कर्मी मौजूद थे।

# पीपराकोठी में मछली पालकों को मिला पांच दिवसीय प्रशिक्षण

## आजीविका और उद्यमिता विकास के लिए मत्स्य पालन पर

**पीपराकोठी ।** महात्मा गांधी समेकित षि अनुसंधान संस्थान में 9 से 13 मार्च तक पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के बस्ती मंडल के तीन जिलोंबस्ती, संत कबीर नगर और सिद्धार्थनगरके 20 प्रगतिशील मछली पालकों के लिए था। इसका उद्देश्य 'आजीविका सुधार और उद्यमिता विकास के लिए मत्स्य पालन' था। इस कार्यक्रम का प्रायोजन उत्तर प्रदेश मत्स्य विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष योजना के तहत किया गया। संस्थान के निदेशक ड़ सुशील कुमार पूर्वे ने किसानों को संबोधित करते हुए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में समेकित षि प्रणाली अपनाकर उत्पादन और आय बढ़ाने के तरीके बताए। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मछली पालन, एकीत मत्स्य पालन, बायोफ्लक प्रणाली और आधुनिक प्रबंधन तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें मछलियों की विभिन्न प्रजातियों की पहचान, सही चयन, स्टकिंग, तालाब के पानी की गुणवत्ता बनाए रखने और मछलियों के स्वास्थ्य प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण पहलू शामिल थे। किसानों को संस्थान के अनुसंधान फार्म का भ्रमण भी कराया गया। यहां मछली-सह-मुर्गी पालन, मछली-सह-बत्तख-बागवानी, मछली-सह-बकरी पालन, धान-सह-मछली पालन और मछली-फसल उत्पादन के लिए लैंड शेपिंग जैसे मछली आधारित एकीत षि प्रणाली (आईएफएस) मडल दिखाए गए। एक्सपोजर विजिट के तहत, किसानों ने बरियरिया गांव स्थित कश्यप फिशरीज फार्म का दौरा किया। मत्स्य उद्यमी यतीन्द्र कश्यप ने उन्हें कमन कार्प प्रजनन, बीज उत्पादन, सजावटी मछली पालन और मछली आहार निर्माण के बारे में बताया। इसके अतिरिक्त आईसीएआर-सीआईएफई क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र का भी भ्रमण कराया गया, जहां वरिष्ठ वैज्ञानिक ड़ अकलाकुर ने पानी की गुणवत्ता, पोषण, स्वास्थ्य प्रबंधन और बायोफ्लक प्रणाली पर जानकारी दी। कार्यक्रम का समन्वय ड़ रवि कुमार और ड़ प्रताप एमज़ी ने किया। विभिन्न तकनीकी सत्रों में कई वैज्ञानिकों ने किसानों को उन्नत मत्स्य पालन तकनीकों से अवगत कराया। प्रशिक्षण के समापन पर, किसानों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताते हुए अपनी संतुष्टि व्यक्त की।

# आज फाइनल मुकाबले में झारखंड व यूपी टीम में होगी खिताबी जंग

**चकिया।** महात्मा गांधी अल इंडिया फुटबल टूर्नामेंट के छठे दिन शुक्रवार को दूसरा व अंतिम सेमीफाइनल फाइनल मुकाबला स्थानीय गांधी मैदान में मोहम्मडन एथलेटिक फुटबल क्लब कोलकाता व कंक्रीटो फुटबल क्लब कुशीनगर यूपी टीम के बीच हुआ। यूपी ने कोलकाता को 2-0 से मात देकर फाइनल मुकाबले में स्थान पक्का कर लिया। पहले हाफ में यूपी की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए टीम के जर्सी नंबर 6 मैखवर बोरो ने 32 वें मिनट पर शानदार प्रथम गोल दाग 1-0 की बढ़त बना ली। पहले हाफ के निर्धारित समय की समाप्ति तक यूपी 1-0 की बढ़त बनाई रही। दूसरे


आयोजन समिति के साथ खिलाड़ी।

हाफ में मैदान में उतरी दोनों टीमों में यूपी ने बेहतर खेल जारी रखा। यूपी टीम के जर्सी नंबर 6 मैखवर बोरो ने 56 वें मिनट में दूसरा गोल दाग टीम को 2-0 की बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ के निर्धारित समय के अंत तक कोलकाता गोल के लिए संघर्ष करती रही। यह मुकाबला यूपी ने 2-0 से अपने नाम कर लिया। मैन अफ द मैच का पुरस्कार यूपी टीम के खिलाड़ी जर्सी नम्बर 6 मैखवर बोरो व बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार यूपी टीम को आयोजन समिति के मुख्य अतिथि के द्वारा दिया गया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को कोलहान सकर चाईबासा झारखंड व कंक्रीटो फुटबल क्लब कुशीनगर यूपी बीच खेला जाएगा। कमेंटेटर के रूप में रोहित सिंह स्कोरर सुकेश कुमार जबकि रेफरी मनीष कुमार,दिनेश कुमार गुप्ता,संतोष पांडेय,विशाल कुमार थे। मौके पर सभापति पवन सर्राफ,उप सभापति सुभाष कुमार,टूर्नामेंट अध्यक्ष हरजीत सिंह राजू,सहायक विद्युत अभियंता मनोज कुमार, चकिया बीडीओ रजनीश कुमार, जदयू नेता चंद्रभूषण प्रसाद,दाउद्ध आलम, ष्णा शर्मा व अन्य सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

# पूर्वी चम्पारण में आरएलएम होगा मजबूत : डा. दीपक कुमार

**मोतिहारी(एनएसबी)।** शुक्रवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा पार्टी कार्यालय मोतिहारी में पूर्वी चम्पारण जिला इकाई द्वारा चलाये जा रहें सदस्यता अभियान का समीक्षा किया गया।

समीक्षा बैठक जिला संयोजक ई रमेश पासवान के अध्यक्षता में हुया। समीक्षा बैठक में जिले के सभी प्रखंड से पार्टी के निवार्तमान पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता उपस्थित होकर सदस्यता अभियान के स्थिति के बारे में बताया।

आज के बैठक में कई सारे नए नेताओं ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा का सदस्यता ग्रहण किया, जिसमें मुख्य महिला नेत्री प्रिया कुमारी है।

समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय लोक मोर्चा चिकित्सा प्रकोष्ठ बिहार के अध्यक्ष ड़दीपक कुमार ने बताया की पूर्वी चम्पारण में संगठन काफी तेजी से विस्तारित हो रहा है एवं लक्ष्य के अनुसार



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

सदस्यता रसीद काटा जा रहा है।
तेजी से अभियान चलाएं जाने हेतु ड. कुमार ने पार्टी के सभी पदाधिकारियों को बधाई व धन्यवाद भी दिया।

संत सिंह कुशवाहा ने कहा की रास्ट्रीय लोक मोर्चा पूर्वी चम्पारण में लाखों की संख्या में नये सदस्य बनाएगा। जिला प्रधान महासचिव सुरेन्द्र प्रसाद कुशवाहा ने चलाये जा रहें अभियान का लेखा जोखा प्रस्तुत किया व बताया की लक्ष्य के अनुरूप सदस्यों की भर्ती हो रही है।

आज के समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से रुपलाल कुशवाहा, मुजीबूर रहमान, नंदकिशोर कुशवाहा, रवि कुशवाहा, मुन्ना यादव, राज कुमार कुशवाहा, राजू कुशवाहा, प्रिया कुमारी, विजय कुमार सिंह, धनंजय चंदेल, नीतीश कुमार, राजनारायण कुशवाहा, राजन शुक्ला, रौशन कुमार, मुकेश कुमार, हनीफ हवारी आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन

**रक्सौल(एनएसबी)।** कमांडेंट 47वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, रक्सौल के दिशानिर्देशानुसार सामुदायिक कल्याण कार्यक्रम, वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत सीमावर्ती युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने, अनुशासित और सशक्त बनाने, युवाओं में खेल भावना विकसित करने, नशे जैसी गलत आदतों से दूर रखने व सामाजिक एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वाहिनी मुख्यालय प्रांगण में एक दिवसीय वलीबल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वाहिनी के कार्यक्षेत्र के झुमका वलीबल टीम, ग्राम-सिकटा व वलीबल टीम, महादेवाध्गम्हरिया ने भाग लिया तथा झुमका वलीबल टीम, ग्राम-सिकटा 4-0 से विजयी रही द्य उक्त प्रतियोगिता के समापन उपरांत एसएसबी 47वीं वाहिनी कमांडेंट संजय पांडेय के द्वारा विजेता टीम को विजेता ट्राफी तथा दोनों ही टीमों को वलीबल एवं वलीबल नेट प्रदान किया गया।जिससे सीमावर्ती युवाओं में खेल को बढ़ावा दिया सके। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त खिलाड़ियों को वाहिनी द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के प्रतिक चिन्ह वाले टी-शर्ट प्रदान किया गया ताकि समाज में नशा मुक्ति का सन्देश जन-जन तक पहुँच सके तथा यहाँ उपस्थित युवा वर्ग स्वयं एवं दूसरे को नशा के खिलाफ आवाज उठाने हेतु जागरूक करें प आयोजित प्रतियोगिता के दौरान एसएसबी 47वीं वाहिनी द्वितीय कमान कमांडेंट संजय रावत, दीपक ष्ण उप कमांडेंट, आगले प्रियदर्शन अरुण उप कमांडेंट, रजत मिश्रा, सहायक कमांडेंट, अविनाश पटेल, सहायक कमांडेंट,ग्रामीण जनता एवं वाहिनी के बलकार्मिक सदस्य उपस्थित रहे। जिन्होंने मैच के दौरान खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया। इसके अतिरिक्तसामुदायिक कल्याण कार्यक्रम वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत वाहिनी द्वारा वाहिनी के कार्यक्षेत्र के दो वाइब्रेंट विलेज, ग्राम-भरतमही एवं ग्राम-हरिपुर के युवाओं के मध्य वलीबल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसके तहत उन गावों को भी वलीबल तथा वलीबल।

### विधायक व एसपी ने फेनहारा मंडल थाना का किया उद्घाटन

**फेनहारा।** थाना वर्ष 1982 से पंचायत भवन फेनहारा में चल रहा था। थाना का कोई अपना भवन नहीं होने के कारण प्रशासनिक लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था।फेनहारा थाना का अपना भवन मिलने से सभी थाना कर्मी व आम लोगों में काफी खुशी देखने को मिला। वही थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने गृह प्रवेश का कार्य पूरे विधी विधान के साथ किया। चंपारण की धरती पर विकास और सुरक्षा के संगम की एक नई पटकथा लिखी गई है। दशकों का इंतजार, कई सरकारों का दौर और जनता की उम्मीदों के बीच आखिरकार जिले के सुदूर नक्सल प्रभावित क्षेत्र फेनहारा को अपना भव्य और अत्याधुनिक थाना भवन मिल गया है। यह सिर्फ एक सरकारी इमारत नहीं, बल्कि पूर्व सांसद स्वर्गीय सीताराम सिंह के उस सपने का साकार रूप है, जिसे उन्होंने क्षेत्र की सुरक्षा के लिए देखा था। शुक्रवार को स्थानीय भाजपा विधायक राणा रणधीर सिंह और पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात, डीएसपी कुमार चंदन, अनुमंडल पदाधिकारी मंगला कुमारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इस तीन मंजिला श्मडल थानाश भवन का लोकार्पण किया। 'एक ही छत के नीचे स्मार्ट पुलिसिंग' 24 फरवरी 2024 को इस भवन की आधारशिला रखी गई थी और रिकर्ड 25 महीनों में यह तैयार हो गया। यह तीन मंजिला भवन पूरी तरह भूकंपरोधी है, जिसमें करीब 33 कमरे बनाए गए हैं। खास बात यह है कि इसी एक छत के नीचे पुलिस अधिकारियों और जवानों के रहने के लिए आवास, आधुनिक कार्यालय और महिला बैरक की सुविधा उपलब्ध है। विधायक राणा रणधीर सिंह ने कहां कि आज मेरे पिता स्वर्गीय सीताराम सिंह का सपना पूरा हुआ है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी समृद्धि यात्रा के दौरान इस भवन का वादा किया था, जो आज धरातल पर है। एसपी स्वर्ण प्रभात जिस तरह से अपराधियों पर लगाम लगा रहे हैं और जनता के बीच लोकप्रिय हुए हैं, वह काबिले तारीफ है। 'डेढ़ लाख की आबादी को सुरक्षा का कवच' पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने उद्घाटन के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस का प्राथमिक लोगों को न्याय और सुरक्षा देना है। उन्होंने बताया कि इस नए भवन के बन जाने से फेनहारा, बारा परसौनी, रूपौलिया, खान पिपरा, मनकरवा और मधुबनी जैसी 6 पंचायतों की डेढ़ लाख आबादी की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद होगी। एसपी ने विधायक द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे विकासात्मक कार्यो की भी सराहना की। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने कहा कि थाना भवन की स्थापना से इस संवेदनशील क्षेत्र की जनता खुद को सुरक्षित महसूस करेगी। पुलिस अब और अधिक मुस्तैदी के साथ जनता की सेवा में तत्पर रहेगी। इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और जनप्रतिनिधि पहुंचे थे। कार्यक्रम में पकड़ीदयाल डीएसपी कुमार चंदन, अनुमंडल पदाधिकारी मंगला कुमारी ,मोहम्मद अकिलूर रहमान, प्रखंड प्रमुख राधेश्याम सिंह, पूर्व प्रमुख रंजीत कुमार, ब्रजकिशोर पासवान पूर्व मुखिया वशिष्ठ बलिंदर राम, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि रविंद्र तिवारी, समाजसेवी राजीव सिंह, नवीन सिंह स1हित सैकड़ों ग्रामीण व पुलिस बल उपस्थित थे।

### धोनी ने छात्रों को दी सलाह : पढ़ाई के साथ दिमाग को रिचार्ज करना भी जरूरी

**पटना।** एलेन करियर इंस्घ्टीट्यूट के डिजिटल प्लेटफर्म एलेन अनलाइन ने अपनी स्टूडेंट कन्वर्सेशन सीरीज 'राइज टू द टप' का दूसरा एपिसोड जारी किया है। इसमें महेन्घ्द्र सिंह धोनी ने दो युवा ओलंपियाड विजेताओंहरियाणा के आदिश जैन और पश्चिम बंगाल के ष्णार्घ्य प्रमाणिकसे बातचीत की। यह एपिसोड आज शाम 7 बजे यूट्यूब पर एलेन अनलाइन चौनल पर उपलब्ध होगा। इस एपिसोड में हरियाणा के आदिश जैन की प्रेरक कहानी सामने आती है। पहले प्रयास में सफलता नहीं मिलने के बाद उन्होंने कड़ी मेहनत और ढ़ संकल्प के साथ दोबारा तैयारी की और आगे चलकर इंटरनेशनल जूनियर साइंस ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीता। वहीं पश्चिम बंगाल के ष्णार्घ्य प्रमाणिक ने कम उम्र में अनलाइन पढ़ाई के जरिए इंटरनेशनल मैथेमैटिक्घ्स ओलंपियाड में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहला स्थान हासिल किया। यह सीरीज प्रतिभाशाली छात्रों और प्रेरणादायक व्यक्तित्वों को एक मंच पर लाती है, जहाँ वे खुलकर महत्वाकांक्षा, अनुशासन और उत्ष्टता हासिल करने के लिए जरूरी सोच पर बातचीत करते हैं। इस एपिसोड में धोनी ने छात्रों से जिज्ञासा, ओलंपियाड की तैयारी और बड़े लक्ष्यों की ओर बढ़ते समय दबाव को संभालने के तरीकों पर चर्चा की। बातचीत के दौरान धोनी ने प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के समय संतुलन बनाए रखने के महत्व पर भी जोर दिया। खेल और पढ़ाई के बीच समानता बताते हुए उन्होंने कहा कि छात्रों को अपनी तैयारी पर पूरा ध्यान देना चाहिए, लेकिन साथ ही अपने मन को तरोताजा रखने के लिए भी समय निकालना जरूरी है। एपिसोड में एमएस धोनी ने कहा, पढ़ाई के दौरान 'स्विच अन' और 'स्विच अफ' करना बहुत जरूरी है। मेरे लिए बाइक चलाना या बैडमिंटन और पैडल जैसे खेल खेलना दिमाग को तरोताजा करने का तरीका है। छात्रों को भी कम उम्र में अलग-अलग खेलों को आजमाना चाहिए, क्योंकि जब तक आप कुछ नया नहीं करते, तब तक यह पता नहीं चलता कि आपकी असली क्षमता किस क्षेत्र में है। उन्होंने यह भी कहा कि सीखने की प्रक्रिया में जिज्ञासा और सवाल पूछना बेहद जरूरी है। छात्रों को संकोच किए बिना सवाल पूछने चाहिए, क्योंकि यही आदत उन्हें आगे बढ़ने में मदद करती है। बातचीत में यह भी सामने आया कि युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में मेंटर्स और माता-पिता की भूमिका बेहद अहम होती है। छात्रों ने भी माना कि परिवार और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने उन्हें प्रेरित रहने और अपने शैक्षणिक लक्ष्यों पर लगातार ध्यान बनाए रखने में बड़ी मदद की। राइज टू द टप के माध्यम से एलेन अनलाइल ऐसा मंच तैयार करना चाहता है, जहाँ छात्र प्रेरणादायक अनुभवों से सीख सकें और प्रतिस्पर्धी माहौल में सफलता पाने के लिए जरूरी अनुशासन, जिज्ञासा और सही सोच को समझ सकें। इस एपिसोड में महेन्घ्द्र सिंह धोनी के साथ छात्र आदिश जैन और ष्णार्घ्य प्रमाणिक की खास बातचीत देखने को मिलेगी। यह एपिसोड एलेन अनलाइन के यूट्यूब चौनल पर आज शाम 7 बजे उपलब्ध होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बनबारी शंकर कालेज के डॉ दीपक कुमार सिंह नें यूआर पद के लिए किया नामांकन दाखिल

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा के सीनेट चुनाव में सी ग्रूप से यू आर पद पर डॉ दीपक कुमार सिंह भूगोल विभागाध्यक्ष, बनवारी शंकर महा विद्यालय सिमरहा ने निवार्ची पदाधिकारी सह कुलसचिव को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के समय प्रस्तावक और समर्थक के रूप में प्रो घनश्याम यादव, प्रो नंदकिशोर यादव, प्रो प्रमोद सिंह, प्रो टुन्ना सिंह आदि दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे। डॉ दीपक कुमार सिंह ने शिक्षक के मान मयार्दा और वित्तीय शोषण से मुक्त कराने हेतु आवाज बुलन्द करने का संकल्प व्यक्त किया। वही नामांकन दाखिल कर बाहर निकलते ही अभ्यर्थियों के समर्थकों एवं शुभचिंतकों ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।ज्ञात हो कि नामांकन के अंतिम दिन 13 मार्च है जबकि सीनेट सदस्य का चुनाव 28 मार्च को कराए जाएंगे।इस हेतु कुल सचिव द्वारा आदर्श आचार संहिता पालन को लेकर गाइडलाइन जारी किया गया है।



### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाने वाली सड़क बनी, मरीजों को मिलेगी सुविधा

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक जाने वाली सड़क अब बनकर तैयार हो गई है। सड़क बनने से अब स्वास्थ्य कर्मियों और मरीजों को काफी सुविधा मिलेगी। पहले सड़क की स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण लोगों को अस्पताल आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। स्थानीय लोगों का कहना है कि खासकर बारिश के दिनों में रास्ता खराब होने से मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने में काफी दिक्कत होती थी। इस संबंध में चिकित्सक संजीत कुमार ने बताया कि सड़क नहीं रहने के कारण मरीजों को काफी परेशानी होती थी। अब सड़क बन जाने से मरीजों के साथ-साथ स्वास्थ्य कर्मियों को भी अस्पताल आने-जाने में काफी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि सड़क बन जाने से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लोगों तक आसानी से पहुंच सकेगा।



### गैस सिलेंडर की किल्लत से उपभोक्ता परेशान

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड स्थित जय माँ भगवती गैस एजेंसी में गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं होने से घरेलू उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गैस लेने पहुंचे उपभोक्ताओं ने बताया कि बीते कई दिनों से एजेंसी में गैस सिलेंडर नहीं होने के कारण उन्हें सिलेंडर नहीं दिया जा रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस नहीं मिलने से घरों में खाना बनाने में भी दिक्कत हो रही है और उन्हें बार-बार एजेंसी का चक्कर लगाना पड़ रहा है। वहीं एजेंसी के कर्मी विनोद पासवान ने बताया कि बीते 8 मार्च से गैस सिलेंडर की आपूर्ति नहीं हुई है। इसी कारण फिलहाल गैस का वितरण नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जैसे ही सिलेंडर की आपूर्ति होगी, उपभोक्ताओं के बीच वितरण शुरू कर दिया जाएगा।



### ऑटो व बाइक की टक्कर में एक युवक घायल

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के इस्लामिया हाई स्कूल पहलाम के समीप ऑटो और बाइक के बीच हुई टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार एक ऑटो बाइक से टकरा गया, जिससे ऑटो पलट गया और बाइक सवार युवक जख्मी हो गया। घटना के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना बनमा ईटहरी थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना के एसआई रवि कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायल युवक को तुरंत इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल सिमरी बख्तियारपुर में भर्ती कराया। घायल की पहचान बथनाही गांव निवासी नाथों शर्मा के पुत्र अनुज कुमार के रूप में हुई है। अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है। इस संबंध में एसआई रवि कुमार ने बताया कि घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसका उपचार जारी है।



### आरजेएम कॉलेज के मैथिली प्राध्यापक ने सीनेट चुनाव को लेकर किया नामांकन।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय अंतर्गत आगामी 28 मार्च को होने वाले सीनेट चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया आज संपन्न हुई। अब तक तेरह लोगों ने अपना नामांकन दाखिल किया है।बी एन मंडल विश्वविद्यालय में सीनेट सदस्य के चुनाव को लेकर रमेश झा महिला महाविद्यालय मैथिली विभाग के वरीय सहायक प्राध्यापक डॉ अभय कुमार द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया। नामांकन दाखिल कर निकालने के बाद अभ्यर्थी को उनके समर्थक फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। कुल सचिव प्रोफेसर अशोक कुमार ठाकुर ने बताया कि सीनेट चुनाव 2026 के संचालन को लेकर गाइडलाइन जारी किया गया है। सीनेट निर्वाचन 2026 में शामिल अभ्यर्थी शांतिपूर्ण ढंग से कार्यालय की मयार्दा नियम और आचार संहिता का पालन करते हुए ही चुनाव प्रचार करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यालय अवधि की दौरान प्रचार करने के लिए संबंधित कार्यालय से अवकाश की अनुमति लेना अनिवार्य होगा। ज्ञात हो कि नामांकन का अंतिम दिन है। इसके बाद नामांकन पत्र की समीक्षा की जाएगी।नामांकन दाखिल करने के बाद डॉक्टर अभय कुमार ने कहा कि सीनेट चुनाव में सफलता मिलने पर छात्र अध्यापक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के समस्याओं को लेकर सतत समाधान के लिए तत्पर रहूंगा।साथ ही बेहतर पठन-पाठन एवं शैक्षणिक माहौल तैयार करूगा।



### हाईटेक सिस्टम से हुआ चोरी, चारपहिया वाहन से दर्जनों बकरी व खस्सी की किया चोरी

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरी के नए नए सिस्टम लागू हो रहा है। जिससे लगातार क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ रही है। ये ताजा मामला शाहमौरा, नवटोलिया व शाहपुर गांव से गुरुवार की देर रात चार पहिया वाहन पर सवार करीब आधे दर्जन अज्ञात चोरों ने खुद को पुलिस बताकर दर्जनों बकरी व बकरे की चोरी कर लिया है। घटना के बाद से पशुपालकों में हडकंप मचा हुआ है। वहीं इस तरह की घटना से पुलिस की रात्रि गश्ती पर भी एक बडा सवाल खडा हो रहा है। घटना के बाबत मिली जानकारी अनुसार शाहमौरा वार्ड नंबर 13 महादलित टोला में गुरुवार की रात करीब डेढ़ बजे एक उजले रंग की चार पहिया वाहन से करीब पांच व्यक्ति को घूमते देख नींद से जगे एक ग्रामीण ने जब पूछा तो उनलोगों ने खुद को पुलिस बताते हुए अवैध शराब के खिलाफ जांच की बात बताया। इस दौरान उनलोगों ने लालमोहर राम का एक बकरी और एक बकरे एंव रंजू देवी के एक बकरी चोरी कर लिया।हो हल्ला सुनने के बाद जब दूसरा व्यक्ति जगा और पूछा तो एक व्यक्ति ने बताया कि भनेश्वर कौन है उस पर हत्या का आरोप है। जब उसके द्वारा गाडी पर टार्च दिया तो चोर ने कहा कि बाबा सो जाइये काम हो गया है चलते हैं। उसके बाद नवटोलिया निवासी धनंजय यादव का एक बकरे की चोरी कर ली गई। वहीं दूसरी ओर शाहपुर गांव स्थित भगवती स्थान के समीप से भी दो व्यक्ति का तीन बकरे की चोरी कर वाहन से फरार हो गया। एक ही रात अलग अलग जगहों पर मवेशियो की चोरी वो भी खुद को पुलिस बताने से घटना से पुलिस की गश्ती दल पर सवाल खडा कर रहा है। जिससे क्षेत्र के पशुपालकों में हडकंप मचा हुआ है।

# समृद्धि यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री का सहरसा आगमन, जीविका स्टॉल रहा आकर्षण का केंद्र

**मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार दूध मछली एवं अंडा के उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि की है, शाहपुर में समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने विभागीय स्टॉलों का किया निरीक्षण।**




सीएम व उप सीएम का स्वागत करते कार्यकत्त्रा




उपस्थित जनसमुह का अभिनन्दन करते सीएम




सभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री।

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** समृद्धि यात्रा के क्रम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को सहरसा पहुंचे। सहरसा के शाहपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने राज्य सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए लगाए गए विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया ।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जीविका द्वारा लगाए गए स्टॉल का भी भ्रमण किया और वहां उपस्थित जीविका दीदियों से संवाद किया। जीविका स्टॉल पर जिले के विभिन्न प्रखंडों में संचालित मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत स्वरोजगार कर रही जीविका दीदियों की गतिविधियों को मॉडल एवं जीवंत प्रदर्शन के माध्यम से प्रदर्शित किया गया था।इसमें कृषि, पशुपालन, गैर-कृषि सहित विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जुड़े कार्यों को प्रमुखता से दिखाया गया। मुख्यमंत्री ने जीविका से लाभान्वित महिलाओं से उनके द्वारा शुरू किए गए व्यवसायों की जानकारी ली और कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर प्रयासरत है।उन्होंने जीविका एवं जीविका दीदियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। समृद्धि यात्रा के दौरान जीविका से संबद्ध उत्पादक समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसकी मुख्यमंत्री ने प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान जिले के मेंटर गिरीश कुमार तथा राज्य परियोजना प्रबंधक समीर कुमार द्वारा जीविका टीम का मार्गदर्शन किया गया।वहीं डीपीएम श्लोक कुमार ने जीविका दीदियों से संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित किया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा जीविका दीदियों को 133 करोड़ 65 लाख रुपये की राशि का सांकेतिक चेक भी प्रदान किया गया। साथ ही जीविका दीदियों की ओर से मुख्यमंत्री को उनका तैलीय चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जीविका स्टॉल पर डीपीएम श्लोक कुमार, सुधा दास, राकेश रंजन, प्रेम शंकर, प्रवीन कुमार, विक्रमादित्य चैधरी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। वही दुसरी ओर जिले के शाहपुर गांव में आयोजित मुख्यमंत्री समृद्धि यात्रा कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का मुख्य मंत्री नितीश कुमार ने निरीक्षण किया। कार्यक्रम स्थल पर राज्य सरकार के कई विभागों ने अपनी योजनाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए आकर्षक स्टाल लगाए थे। जिसका निरीक्षण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किया गया।इस अवसर पर टूरिज्म विभाग, बुडको, भवन निर्माण निगम, कला संस्कृति विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, जीविका हाट, उद्योग विभाग, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा कृषि विभाग द्वारा अपने-अपने स्टाल लगाए थे।इन स्टालों के माध्यम से विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं, विकास कार्यो और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदर्शित की गई थी।मुख्यमंत्री ने एक-एक कर सभी स्टालों का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति एवं लाभार्थियों को मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी ली। कई स्टालों पर स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प सामग्री, कृषि तकनीक और सरकारी योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई गई थी।विशेष रूप से जीविका हाट के स्टाल पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को प्रदर्शित किया गया, जिसकी मुख्यमंत्री ने सराहना की, वहीं कृषि, पशुपालन और मत्स्य विभाग द्वारा किसानों के लिए आधुनिक तकनीक और योजनाओं की जानकारी दी गयी।तत्पश्चात मुख्यमंत्री नें बंगाली बाजार स्थित आर ओ बी निर्माण कार्य का निरीक्षण कर स्टेडियम मैदान में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले 5 वर्षों में बिहार में और ज्यादा काम होगा। इससे बिहार और विकसित होगा। और देश के टॉप राज्यों में शामिल हो जाएगा। यह देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा।उन्होंने कहा कि 2005 से पहले बिहार का बहुत बुरा हाल था। शिक्षा व्यवस्था बदहाल थी, सड़के बहुत कम थी, बिजली की आपूर्ति कम थी। उन्होंने कहा कि 24 नवंबर 2005 को एनडीए सरकार बनने के बाद तब से लगातार कानून का राज्य है और न्याय के साथ विकास हो रहा है। इससे पहले बुरा हाल था लोग शाम के बाद घर से बाहर नहीं निकलते थे। समाज में हिंदू मुस्लिम के बीच बराबर झगड़ा हो रहे थे। पढ़ाई, इलाज, सड़क, बिजली का बुरा हाल था। बिहार विकास में बहुत आगे बढ़ रहा है। वहीं केंद्र सरकार से विशेष सहायता मिल रही है। वही सभी के हित में कार्य किया जा रहा है। बिहार का विकास निरंतर हो रहा है। किसी प्रकार का डर या भय नहीं है।शांति एवं भाईचारा कायम है।इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट चैधरी ने कहा कि यह बदला हुआ बिहार है। यहां एक करोड़ 16 लाख महिलाओं को रोजगार के अवसर के प्रदान करने हेतु आर्थिक सहायता प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि सहरसा का कायाकल्प होने वाला है। मुख्यमंत्री के प्रयास से सहरसा में मेडिकल कॉलेज, मत्स्यगंधा में अंतरराष्ट्रीय पर्यटक ग्लास ब्रिज, उग्रतारा स्थान का विकास, मंडन धाम का विकास, आरओबी निर्माण के साथ-साथ हवाई जहाज सेवा भी के लिए एक महीने के अंदर टेंडर आएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जहां भी रहेंगे उनके आशीर्वाद से और उनके मार्गदर्शन में बिहार का विकास होता रहेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार दूध मछली एवं अंडा के उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि की है। वही मछली उत्पादन में बिहार आत्मनिर्भर बन गया है। उन्होंने कहा कि अब तक 50 लाख युवाओं को नौकरी और रोजगार दिया गया है। वही आने वाले दिनों में एक करोड़ लोगों को नौकरी एवं रोजगार प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में पहले 6 मेडिकल कॉलेज थे जिनकी संख्या बढ़कर 12 हो गई है। अब आने वाले दिनों में बिहार की 21 जिलों में मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे। वहीं पटना एवं एम्स अस्पताल में 5400 बेड का अस्पताल निर्माण किया जा रहा है। शिक्षक आनंद मिश्र के संचालन में आयोजित इस सभा को मंत्री विजय चैधरी,सांसद दिनेश चंद्र यादव,सिमरी बख्तियारपुर विधायक संजय कुमार सिंह,विधान पार्षद ललन सर्राफ, पूर्व मंत्री आलोक रंजन, सोनबरसा विधायक रत्नेश

## 9 ग्राम स्मैक, 9 लीटर विदेशी शराब, एक डिजिटल तराजू और 30,400 रुपए नकद बरामद

**पुलिस ने घर की घेराबंदी कर ली तलाशी, तीन युवकों को गिरफ्तार।**

**सहरसा सदर (एनएसबी)।** सहरसा पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सदर थाना क्षेत्र के जरसैन गांव में स्मैक और विदेशी शराब की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से 9 ग्राम स्मैक, 9 लीटर विदेशी शराब, एक डिजिटल तराजू और 30,400 रुपए नकद बरामद किए हैं। इस मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। यह जानकारी शुक्रवार को सहरसा सदर थाना अध्यक्ष ने दी। सदर अस्पताल चैकी प्रभारी को गुप्त सूचना मिली थी कि जरसैन गांव निवासी मनीष कुमार अपने साथियों के साथ घर से ही स्मैक और विदेशी शराब की खरीद-फरोख्त कर रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए वरीय अधिकारियों को अवगत कराया गया। निर्देश मिलने के बाद पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मनीष कुमार के घर पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने घर की घेराबंदी कर सघन तलाशी ली। एक कमरे से 9 ग्राम स्मैक, 9 लीटर विदेशी शराब और नशीले पदार्थों को तौलने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला डिजिटल तराजू बरामद किया गया। उसी कमरे में मौजूद तीन युवकों को पुलिस ने मौके पर ही हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से कुल 30,400 रुपए नकद भी बरामद हुए, जिसे पुलिस ने नशे के कारोबार से जुड़ी रकम बताया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जरसैन गांव निवासी मनीष कुमार, बबन कुमार और रजनीश कुमार के रूप में हुई है। सदर थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि इस संबंध में कांड संख्या 267/2026 दर्ज किया गया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8(सी)/21(बी) और बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम की धारा 30(ए) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। आवश्यक पूछताछ के बाद तीनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। पुलिस अब इस गिरोह के नेटवर्क की जांच में जुट गई है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि किन इलाकों में इन नशीले पदार्थों की सप्लाई की जा रही थी। इस कार्रवाई में सदर थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक सुबोध कुमार, चैकी प्रभारी गुंजन कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक हंशलाल सिंह और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



गिरफ्तार युवक को जेल लेकर जाती पुलिस।

## महिला शिक्षिका को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने किया सम्मानित

**सहरसा षहर (एनएसबी)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से पटना में समापन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें जिले की शिक्षिका प्रबंधन नेटवर्क संयोजिका अंजना सिंह, डॉक्टर स्नेहा कुमारी, रेनू लता, अनु कुमारी, भारती कुमारी, पुनीता कुमारी,संजना सिंह, सादिया जफर एवं कल्पना कुमारी को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर सम्मानित किया गया।वही इंटरनेशनल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के बिहार प्रेसिडेंट अंजना सिंह ने सम्मानित शिक्षिकाओं को संघ के अध्यक्ष जय राम शर्मा, महासचिव दिनेश सिंह, अभय सिंह, उमेश सिंह, चैबे जी, रंजन सिंह एवं पवन प्रतापी के साथ मिलकर केक काटकर मुंह मीठा कराया गया। अंजना सिंह ने कहा कि महिलाएं आज जीवन के सभी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में भी महिलाओं ने जो अभूतपूर्व सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है।उनका योगदान सराहनीय है। महिलाएं अपने बाल बच्चे एवं पारिवारिक जीवन निर्वहन के बाद सरकारी दायित्व के निर्वहन में काफी मेहनत करती है। महिलाओं के कारण ही घर और जीवन स्वर्ग बन जाता है। आज सभी सरकारी विभागों में भी महिलाएं सफलता के साथ आगे बढ़ रही है। इन महिलाओं से हम सबों को काफी प्रेरणा मिलती है। महिलाओं में विशेष वात्सल्य एवं सृष्टि सृजन गुणों से उन्हें महान बनाती है।महिलाएं आज अबला नही बल्कि सबला बनकर पुरुषों से कंधा मिलाकर सीमा की रखवाली से लेकर लड़ाकू विमान चला रही है।



# समृद्धि यात्रा में मधुरेंद्र का सैंड आर्ट बना मुख्य आकर्षण

**मुख्यमंत्री ने कहा, धन्यवाद, समृद्ध बिहार की थीम पर एक विशाल सैंड आर्ट कलाकृति की तैयार, 100 टन बालू से तैयार हुआ नीतीश कुमार की सैड आर्ट कलाकृतिः मधुरेंद्र कुमार**

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** बिहार समृद्धि यात्रा 2026 के तहत शुक्रवार को जिले में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रेत कलाकार मधुरेंद्र कुमार की भव्य सैंड आर्ट कलाकृति पूरे आयोजन का सबसे बड़ा आकर्षण बन गई। शाहपुर स्थित निगम पार्क परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कलाकार मधुरेंद्र कुमार ने समृद्ध बिहार की थीम पर एक विशाल सैंड आर्ट तैयार किया। जिस पर समृद्ध बिहार के शिल्पकार नीतीश कुमार अंकित था। कार्यक्रम के दौरान जब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विभिन्न स्टालों का निरीक्षण करते हुए योजना शिलान्यास स्थल पर पहुंचे। तब उनकी नजर बालू से बनी अपनी ही भव्य तस्वीर पर पड़ी। मुख्यमंत्री कुछ क्षणों तक रुककर इस कलाकृति को निहारते रहे और मुस्कुराते हुए वहां मौजूद कलाकार मधुरेंद्र कुमार को धन्यवाद कहा। मुख्यमंत्री की यह प्रतिक्रिया वहां मौजूद लोगों के लिए खास क्षण बन गई।विश्वविख्यात सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार ने इस कलाकृति को तैयार करने में लगभग 15 घंटे की कड़ी मेहनत की। उन्होंने कोशी नदी की उजली बालू का उपयोग करते हुए लगभग 100 टन एक लाख किलोग्राम रेत से करीब 20 फीट ऊंची मुख्यमंत्री की मनमोहक तस्वीर बनाई। इस अद्भुत सैंड आर्ट को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और यह समृद्धि यात्रा का प्रमुख आकर्षण बन गया।मुख्यमंत्री के प्रस्थान के बाद भी बड़ी संख्या में लोग इस कलाकृति को देखने पहुंचे। लोगों ने कलाकार के साथ सेल्फी लेकर तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं, जिससे यह सैंड आर्ट तेजी से वायरल हो गई।ज्ञात हो कि सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार इससे पहले भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कई महत्वपूर्ण यात्राओ न्याय यात्रा, विकास यात्रा,धन्यवाद यात्रा,प्रवास यात्रा,विश्वास यात्रा,अधिकार यात्रा, संवाद यात्रा,निश्चय यात्रा,समीक्षा यात्रा,जल-जीवन-हरियाली यात्रा और समाज सुधार यात्रा के दौरान 50 से अधिक सैंड आर्ट बनाकर लोगों को जागरूक कर चुके हैं।इस अवसर पर कलाकार मधुरेंद्र कुमार ने अपनी कलाकृति के माध्यम से ॠसमृद्ध सहरसा, समृद्ध बिहारॠ का संदेश दिया। समृद्धि यात्रा के इस आयोजन में सैंड आर्ट ने न केवल जनजागरूकता का संदेश दिया, बल्कि कला के माध्यम से विकास की अवधारणा को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के दौरान बिहार सरकार के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चैधरी, डीजीपी विनय कुमार, सुपौल के डीएम दीपेश कुमार, एसपी हिमांशु सहित अन्य वरीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने कलाकार की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।




मुख्यमंत्री की तस्वीर बनाते मधुरेंद्र।

# त्रिवेणीगंज में एमओ द्वारा होटल व रेस्टूरेंट का किया जांच गैस के अभाव में बंद होने के कगार पर हैं होटल व रेस्टूरेंट

**त्रिवेणीगंज (सुपौल) ।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों एलपीजी गैस की भारी किल्लत से होटल और रेस्टोरेंट संचालक गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। शुक्रवार को इस समस्या का खुलासा उस समय हुआ जब दोपहर बाद प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न होटल और रेस्टोरेंटों की जांच के लिए एमओ नेहा कुमारी पहुंचीं।

जांच के दौरान कई होटलों की रसोई में चूल्हे बंद मिले, जबकि कुछ स्थानों पर साफ-सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं पाई गई। कई रसोईघरों में मक्खियां भिनभिनाती नजर आईं, जिससे साफ जाहिर हो गया कि गैस की कमी के कारण कई होटल पूरी तरह से बंद के कगार पर है ।

जांच के दौरान होटल संचालकों ने अपनी समस्या अधिकारियों के सामने खुलकर रखी। रेस्टोरेंट संचालक प्रियंका कुमारी, होटल संचालक मिथुन कुमार, मंटू साह, संतोष कुमार, सोनू कुमार, अविनाश कुमार सहित कई लोगों ने बताया कि पिछले दस दिनों से एलपीजी गैस की स्थिति बेहद खराब हो गई है। जैसे-तैसे जुगाड़ कर शुक्रवार तक होटल चलाया जा रहा है, लेकिन यदि शनिवार से गैस की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हुई तो होटल बंद करने की नौबत आ सकती है।


होटलों में गैस संकट की जांच करते एमओ।

होटल संचालकों का कहना है कि गैस की कमी का असर सिर्फ उनके व्यवसाय पर ही नहीं, बल्कि उनके घरेलू जीवन पर भी पड़ रहा है। कई संचालकों ने बताया कि उनके घरों में भी तीन दिनों से गैस खत्म है, जिसके कारण खाना बनाना मुश्किल हो गया है। मजबूरी में वे होटल पर कोयले की भट्ठी जलाकर किसी तरह परिवार और स्टाफ के लिए खाना बना रहे हैं। उनका कहना है कि गैस की ऐसी किल्लत उन्होंने अपने जीवन में पहले कभी नहीं देखी।

बाजार में संचालित गुरुकृपा स्नैक्स एंड स्वीट्स के संचालक अविनाश कुमार ने बताया कि गैस की समस्या के कारण उनका पूरा कामकाज लगभग ठप पड़ गया है। उन्होंने कहा कि अब कोई दूसरा विकल्प नहीं बचा तो उन्होंने फिर से पुरानी तकनीक अपनाने का निर्णय लिया है। अब वे कोयले की भट्ठी बनवाकर उसी पर नाश्ता, खाना, मिठाई आदि बनाने की तैयारी कर रहे हैं।

अविनाश कुमार ने बताया कि पिछले दो दिनों से किसी तरह काम चलाया जा रहा था, लेकिन अब स्थिति ऐसी हो गई है कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था के होटल चलाना संभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि गैस नहीं मिलने के कारण होटल व्यवसायियों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। होटल संचालकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द एलपीजी गैस की आपूर्ति सामान्य कराई जाए, ताकि उनका कारोबार और घरेलू जीवन दोनों पटरी पर लौट सके। अगर स्थिति जल्द नहीं सुधरी तो बाजार के कई होटल और रेस्टोरेंट बंद होने की कगार पर पहुंच सकते हैं ।

एमओ नेहा कुमारी ने बताया कि जिला आपूर्ति पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र के 8 होटलों, रेस्टोरेंटों में कमर्शियल गैस सिलेंडर की जांच की गई है जांच के दौरान जो भी पाया गया उसकी रिपोर्ट जिला आपूर्ति पदाधिकारी को भेजी जाएगी।

उन्होंने बताया कि जांच के दौरान कुछ होटल संचालक स्वेच्छा से पुरानी पारंपरिक तकनीक मिट्टी के चूल्हे और कोयले की भट्ठी का इस्तेमाल कर रहे हैं।

## सुपौल बीडीओ को स्पष्टीकरण से किया गया मुक्त, कार्य भार संभालने का निर्देश

**सुपौल (एनएसबी) ।** डीएम सावन कुमार ने सुपौल बीडीओ श्रीमती ष्णा कुमारी के विरुद्ध स्पष्टीकरण की कार्रवाई की थी वहीं बीडीओ ने स्पष्टीकरण का जवाब समर्पित किया है । स्पष्टीकरण के अवलोकन पश्चात डीएम सावन कुमार ने कड़ी चेतावनी के साथ बीडीओ को स्पष्टीकरण से मुक्त करते हुए पुनः सुपौल प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर कार्यभार संभालने का निर्देश दिया है ।



# कृषि कोर्डिनेटर के पुत्र द्वारा यूपीएससी में 75 वां रैंक हासिल करने पर पदाधिकारी और कार्यालय कर्मियों ने दी बधाई

**किशनपुर (सुपौल) ।** प्रखंड कृषि कार्यालय में प्रतिनियुक्त कृषि को-ऑर्डिनेटर पूजा कुमारी एवं गोविंद बल्लभ कृषि विश्वविद्यालय पंतनगर के प्रोफेसर डा. बीरेंद्र प्रसाद के पुत्र राहुल शेखर ने यूपीएससी में 75वां रैंक लाकर परिवार / समाज व राज्य का नाम रोशन किया है ।

प्रखंड कृषि कार्यालय के कर्मियों द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर पुत्र की सफलता पर कर्डिनेटर पूजा कुमारी को बधाई दिया है। मूल रूप से नालंदा जिला स्थित कतरीसराय थाना के लोहराजपुर निवासी पूजा कुमारी फिलहाल किशनपुर प्रखंड कृषि कार्यालय में नियुक्त है। जहां खुशी व्यक्त करते हुए कृषि कोर्डिनेटर पूजा कुमारी ने बताया कि मेरे पुत्र राहुल शेखर को यूपीएससी में 75 वां रैंक मिला है। अभी वो आईआरएस के पद पर तैनात है। मुझे एक पुत्र राहुल व एक पुत्री आति है, जो भेटनरी से पीजी कर रही है।


कार्यालय में मौजूद पदाधिकारी व कर्मी।

बताया कि राहुल 2024 में यूपीएससी में 242 रैंक लाकर आईआरएस में चयन हुआ। 2024 में हीं आईएफएस में 46वां रैंक लाया। 2025 में यूपीएससी में 75वां रैंक लाकर आईएएस में चयन हुआ। वे आईआईटी कानपुर से अपनी ातक की शिक्षा ग्रहण किया है।

बधाई देने वालों में बीएओ प्रवीण कुमार, षि कर्डिनेटर धनंजय कुमार झा, एटीएम प्रेम प्रकाश, बीटीएम कुमारी यती, लेखपाल रंजू कुमारी, किसान सलाहकार विजय कुमार, रणविजय कुमार, सुशील कुमार, प्रमोद कुमार सहित अन्य शामिल है।

# लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के चापाकल मरम्मति दल को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**सुपौल (एनएसबी) ।** जिलाधिकारी, सुपौल ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के चलंत चापाकल मरम्मति दल को हरी झंडी दिखाकर प्रखंड क्षेत्र में रवाना किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि पी एच ई डी द्वारा नगर निकाय एवं प्रखंडों के ग्रामीण इलाके में स्थापित किए गए सरकारी चापाकल के रख-रखाव एवं मरम्मति के लिए सभी प्रखंडों में कुल 11 चलंत मरम्मति दल जिसमें चापाकल मिस्त्री, खलासी व अन्य कर्मी हैं, भेजी जा रही हैं। लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सुपौल अन्तर्गत कुल 1,595 चापाकल एवं 16,353 साधारण चापाकल है।
चापाकल मरम्मति हेतु लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सुपौल के नियंत्रण कक्ष नंबर 06473-223669 या टल फ्री नम्बर 18001231121 पर शिकायत दर्ज की जा सकती है। इस जिला नियंत्रण कक्ष नंबर पर जैसे हीं कल आएगा, तो चापाकल मिस्त्री, खलासी व अन्य कर्मी को सूचित की जायेगी एवं अविलम्ब चलंत मरम्मति दल को समाधान हेतु भेजी जायेगी। इससे आम जनता को बहुत फायदा होगा।


हरी झंडी दिखाते डीएम सावन कुमार।

लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सुपौल से संबंधित क्षेत्रीय पदाधिकारियों का मोबाईल संपर्क संख्या निम्नवत है जिसपे भी पेयजल सम्बन्धित शिकायत दर्ज की जा सकती है।

जिलाधिकारी ने कहा कि गर्मी के दिनों में जितने भी चापाकल है, वह सुचारू रूप से काम करें । उन्होनें कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि सरकारी संस्थान ६ विधालयों में जितने भी चापाकल है वे चालू रहे। उन्होंने नल-जल योजना को क्रियाशील रखने को कहा। जिलाधिकारी के द्वारा पी एच ई डी के सभी पदाधिकारी एवं कनीय अभियंता को कार्य की देख-रेख व अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया ।

## खबरें : एक नजर में

### सुपौल में सुचारू रूप से मिल रहा है घरेलू गैस सिलेंडर, उपभोक्ताओं में खुशी

**सुपौल (एनएसबी) ।** जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत से परेशान उपभोक्ताओं में आज खुशी देखी गई, जहां उपभोक्ताओं को सुचारू रुप से गैस मिल रहा हैं, जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस के सामने शकुन इंडेन के द्वारा बुकिंग किए हुए उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेंडर दिया जा रहा है, इस बाबत उपभोक्ता ने बताया कि गैस सिलेंडर मिलने पर खुशी हो रही हैं, पिछले कई दिनों से परेशान थे, वही एक उपभोक्ता गुड्डू चौधरी ने बताया कि सुपौल में कोई दिक्कत नहीं है, अन्य देशों में तो गैस मिल ही नहीं रहा है, सुपौल में गैस मिल रहा है, वही व्यवस्थापक ने बताया कि गैस की कोई कमी नहीं है, कई गाड़ी गैस उपलब्ध है, जो भी उपभोक्ता बुकिंग किए हैं, वो अपना गैस उठाव कर सकते हैं। दरअसल गैस किल्लत की समस्या पर जिला प्रशासन की सक्रियता एवं सख्त निगरानी से आज सुचारु रूप से गैस सिलेंडर मिलने लगा, इस बाबत बताया गया कि खुद जिलाधिकारी सावन कुमार द्वारा क्षेत्र में गैस वितरण का निरीक्षण कर सभी योग्य उपभोक्ताओं को ससमय गैस की आपूर्ति के लिए दिशा निर्देश दिए गए हैं ।


गैस सिलेंडर प्राप्त करते उपभोक्ता।

### जिला जनता दरबार में 63 आवेदन प्राप्त, कार्रवाई के दिए निर्देश

**सुपौल (एनएसबी) ।** समाहरणालय, सुपौल में आयोजित जिला जनता दरबार में सावन कुमार, जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा कुल 63 आवेदन लिए गए। जिला जनता दरबार में उक्त आवेदनों से संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने हेतु जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया। उक्त अवसर पर सच्चिदानंद सुमन, अपर समाहर्ता, सुपौल, गयानंद यादव, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सुपौल, विकास कुमार कर्ण, विशेष कार्य पदाधिकारी, गोपनीय शाखा, एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



फरियाद सुनते डीएम सावन कुमार।

### डीएम ने बाल गृह, विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान आदि का लिया जायजा, दिए कई निर्देश

**सुपौल (एनएसबी) ।** सावन कुमार, जिलाधिकारी, सुपौल की अध्यक्षता में बाल देखरेख संस्थानों के त्रैमासिक निरीक्षण के लिए गठित जिलास्तरीय निरीक्षण समिति द्वारा आज सुपौल जिले में समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित बाल देखरेख संस्थानों का निरीक्षण किया गया। सबसे पहले सुखपुर में स्थित पर्यवेक्षण गृह का निरीक्षण किया गया। विधि विवादित बच्चों के आवासन, देखरेख एवं संरक्षण के लिए संचालित इस गृह का निरीक्षण करने के दौरान जिलाधिकारी द्वारा इस गृह के बेहतर संचालन के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए । इसके बाद पिपरा रोड के यादव कम्प्लेक्स में संचालित विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान के निरीक्षण के दौरान उपस्थित चिकित्सा पदाधिकारी को यह निर्देश दिया गया कि जिले में स्थित सभी चिकित्सा संस्थानों को यह जानकारी दी जानी चाहिए कि किसी भी बच्चे को कानूनी प्रक्रिया से गोद देने का कार्य विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान द्वारा ही किया जाता है, इसलिए किसी चिकित्सा केन्द्र द्वारा अवैध रूप से किसी भी परित्यक्त बच्चे को गोद नहीं दिया जाए। किसी भी चिकित्सा केन्द्र द्वारा अवैध रूप से किसी भी बच्चे को किसी व्यक्ति को गोद देना कानूनन अपराध एवं दण्डनीय है। विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान के निरीक्षण के पश्चात् जिला निरीक्षण समिति द्वारा चौनसिंह पट्टी स्थित वृहद आश्रय गृह में देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों के लिए संचालित दो बाल गृहों का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा वृहद आश्रय गृह एवं इसके दोनों बाल गृहों की स्वच्छता एवं बच्चों के आवासन के लिए समुचित व्यवस्था की प्रशंसा की गई। इन दोनों बाल गृहों में आवासित कुल 57 बच्चों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया गया तथा बच्चों से इनकी नियमानुसार उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। विदित हो कि किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के प्रावधानानुसार अनाथ, बेसहारा, घर से भागे हुए एवं परित्यक्त बालकों की देखरेख एवं संरक्षण के लिए बाल गृह का संचालन किया जाता है। इन बच्चों के बरामद होने के पश्चात् इन्हें बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है तथा ऐसे बच्चों को तब तक के लिए इन बाल गृहों में संरक्षित रखा जाता है जब तक कि उनके परिवार का पता नहीं चल जाए। इनके माता-पिता या परिवार का पता चलने पर इन्हें इनके परिवार में पुनर्वासित कर दिया जाता है। इसलिए निरीक्षण समिति द्वारा इन बाल गृहों में आवासित बच्चों के उनके परिवारों में पुनर्वासन की संभावनाओं का भी आकलन करते हुए इससे संबंधित आवश्यक सभी कानूनी प्रक्रियाओं को ससमय पूरा करने का निदेश दिया गया। निरीक्षण के दौरान इन बाल गृहों में बच्चों के लिए आवासन, भोजन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए समुचित व्यवस्था की सराहना की गई तथा इनके कर्मियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रोत्साहित किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा बाल देखरेख संस्थानों में आवासित बच्चों के कौशल विकास पर पर्याप्त ध्यान देने तथा इसके लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निदेश दिया गया। निरीक्षण समिति के सदस्य के रूप में जिलाधिकारी के साथ सहायक निदेशक बाल संरक्षण, प्रभारी सिविल सर्जन, सर्वशिक्षा अभियान के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित थे।



जायजा लेने के उपरांत कर्मियों के साथ तस्वीर खींचाते डीएम।

# पिपरा में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की पाठशाला का शुभारंभ

**पिपरा (सुपौल) ।** पिपरा बाजार स्थित शिव बाबा हार्डवेयर प्रांगण में शुक्रवार को प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की नई पाठशाला का भव्य उद्घाटन मुम्बई से आए डा़ ईबी स्वामीनाथन द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर वाह जिदगी वाह शीर्षक से एक भव्य आध्यात्मिक समारोह का भी आयोजन किया गया।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा़ ईबी स्वामीनाथन ने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन को श्रीकृष्ण जैसे दिव्य गुणों से भरने का प्रयास करें।

उन्होंने कहा कि जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना बेहद आवश्यक है। जो हुआ अच्छा हुआ, जो हो रहा है अच्छा हो रहा है और जो होगा वह भी अच्छा ही होगा इस विचार को अपनाकर मनुष्य अपने जीवन की चिंताओं और तनावों को काफी हद तक कम कर सकता है। उन्होंने कई प्रेरणादायक उदाहरणों के माध्यम से बताया कि आज के समय में मनुष्य की सबसे बड़ी समस्या मानसिक अशांति और बेचैनी है।

उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपनी व्यस्त दिनचर्या से कुछ समय निकालकर ध्यान, योग और आध्यात्मिक चिंतन में लगाएं, जिससे मन को शांति और जीवन को सही दिशा मिल सके।

इस अवसर पर दिल्ली से आई राजयोगिनी उमा दीदी और विमला दीदी ने भी अपने-अपने आध्यात्मिक अनुभव और जीवन को सुखमय बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण बातें साझा किए। उन्होंने बताया कि राजयोग के अभ्यास से मनुष्य अपने भीतर छिपी शक्तियों को पहचान सकता है और जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है।

कार्यक्रम के दौरान आध्यात्मिक गीत, प्रेरक संदेश और अनुभव साझा करने के सत्र भी आयोजित किए गए, जिससे पूरे वातावरण में भक्ति, शांति और आध्यात्मिक उर्जा का संचार हुआ। उपस्थित लोगों ने इस कार्यक्रम को अत्यंत प्रेरणादायक और लाभकारी बताया।

इस मौके पर पिपरा पाठशाला के सुनीति बहन शालिनी बहन लक्ष्मी बहन संजू बहन विश्वनाथ साह, उपेंद्र गुप्ता, शशि रंजन वर्मा डक्टर ए के पोद्दार मुन्ना गुप्ता आदि उपस्थित थे।



दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

# पिपरा पुलिस ने शराब पीने सहित अन्य आरोपो के तहत चार लोगों को भेजा जेल

**पिपरा (सुपौल) (एनएसबी)।** पुलिस के लाख दबिश के बाबजूद लोग ना तो नशा का कारोबार करने से बाज आ रहे हैं और न ही शराब पीने से परहेज कर रहे हैं । यही कारण है कि रोज शराब पियक्कड़ों को पुलिस गिरफ्तार कर न्यायालय भेज रहे हैं जहां जुर्माने की राशि जमा कर लोग बेल पर छूट जाते हैं।

शुक्रवार को थाना क्षेत्र के श्यामनगर से दो बोतल देशी शराब के साथ तीन लोगों को बिना नंबर की पल्सर बाइक के साथ हिरासत में लिया गया । गिरफ्तार लोगों की पहचान मधेपुरा जिला के सिंहेश्वर थाना क्षेत्र के कटैया वार्ड नंबर 6 निवासी प्रभाष शर्मा एवं कुमारखंड थाना क्षेत्र के राधूनिया वार्ड 7 निवासी कृष्ण शर्मा और पिपरा थाना क्षेत्र के झिटकियाही वार्ड 15 निवासी बाबू नंद यादव के रुप में की गई । जिनके खिलाफ थाना काण्ड संख्या 85/26 बिहार मद्द निषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2018 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायालय भेजा गया।


जेल जाते गिरफ्तार व्यक्ति।

वहीं थाना काण्ड संख्या 40/26 के अभियुक्त रामपुर कमलाघाट वार्ड 5 निवासी रामदेव सादा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा ने बताया अपराध नियंत्रण की दृष्टि एवं शराब पियक्कड़ों तथा नशा कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष समकालीन अभियान के तहत दो अलग-अलग जगहों से चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा

**बेलदौर।** कांड संख्या 234/25 के नामजद आरोपी सहरसा जिले के कोपा बराही गांव निवासी दीपक कुमार एवं फुलवरिया गांव निवासी गौरव कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मालूम हो कि वैज्ञानिक अनुसंधान के तहत 1 वर्ष के बाद बेलदौर पुलिस ने लूट कांड के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है। वहीं शराब पीने के आरोप में परारिया गांव के रोबिन कुमार को गिरफ्तार करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि वैज्ञानिक अनुसंधान के तहत लूट कांड के आरोपी को गिरफ्तार किया गया। कड़ी पूछताछ के बाद उसन घटना को अंजाम देने की बात स्वीकारी। वहीं शराब पीने के आरोप में युवक को गिरफ्तार किया गया।

### पार्क में लोग ले रहे स्वास्थ्य लाभ, लोगों में खुशी

**बेलदौर।** प्रखंड मुख्यालय के प्रांगण के पार्क में लाखों रुपए की लागत से जिम लगाया जा रहा है। जिम लगाए जाने से मॉर्निंग वॉक करने वाले जवान हों या बूढ़े या पदाधिकारी स्वास्थ्य का लाभ ले रहे हैं। लेकिन किस योजना से लगाया जा रहा है इसका बोर्ड तक नहीं लगा है जो चर्चा की विषय बनी हुई है। समाजसेवी धनंजय गुप्ता ने बताया कि जिम लगाने के नाम पर लाखों रुपए की लूट हो रही है। वहीं गांधी इंटर विद्यालय के प्रांगण में लगाया गया था जो सालगिरह मनाया नहीं टूट कर धराशाई हो गया। देखरेख करने वाला नहीं रहने के कारण जिम की सामग्री को छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा तोड़कर क्षतिग्रस्त कर देता है। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी अमर प्रकाश ने बताया कि जिम की सामग्री लगायी जा रही है, यदि धरातल स्थल पर बोर्ड नहीं लगा है तो कार्य एजेंसी को बोर्ड लगाने का निर्देश देंगे नहीं लगाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

### भरतखंड में 16 को होगा नौवां विशाल निरंकारी संत समागम

**परबत्ता।** प्रखंड के भरतखंड में 16 मार्च को नौवां विशाल निरंकारी संत समागम का आयोजन प्रस्तावित है। सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की उपस्थिति में होने वाले इस भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। भरतखंड ब्रांच के मुखी चंद्र किशोर यादव ने कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए विधिवत भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि यह समागम आध्यात्मिक आनंद, प्रेम और वसुधैव कुटुंबकम की भावना को सुदृढ़ करने का संदेश देगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में बिहार सहित उत्तर प्रदेश, पंजाब, असम और पश्चिम बंगाल से बड़ी संख्या में निरंकारी समाज से जुड़े श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन, पेयजल, यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी की जाएगी।

### 232 छात्र-छात्राओं को खिलाई गई फाइलेरिया रोधी दवा

**खगड़िया।** जिले के पसराहा थाना क्षेत्र स्थित राजकीय पलिटेक्निक कॉलेज, महद्दीपुर में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सहायक प्राचार्य अजीत कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में अब तक कुल 232 छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई गई है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम से बीएचएम नितेश अभिजात, फार्मासिस्ट अंकुर कुमार, पिरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम लीड करण कुमार, वीबीडीएस अरुण कुमार, श्रवण कुमार, पीओसीडी सोनाली झा, आशा फैसिलिटेटर मनोरमा देवी एवं स्थानीय आशा कार्यकर्ता सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। फाइलेरिया, जिसे सामान्य भाषा में हाथीपांव भी कहा जाता है, मच्छरों के काटने से फैलने वाली गंभीर संक्रामक बीमारी है। यह व्यक्ति को शारीरिक रूप से दिव्यांग बनाने के साथ-साथ मानसिक और सामाजिक कष्ट भी देती है। एक बार यह बीमारी होने पर इसका पूर्ण उपचार अत्यंत कठिन होता है, इसलिए सामूहिक दवा सेवन के माध्यम से इसकी रोकथाम ही एकमात्र कारगर उपाय है। सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य समाज को इस लाइलाज बीमारी से सुरक्षित रखना है, ताकि आने वाली पीढ़ी स्वास्थ्य और स्वावलंबन के साथ अपना जीवन जी सके।

### कार्यकर्ताओं के उत्साह से गूंजा संसारपुर मैदान

**खगड़िया।** संसारपुर मैदान में आयोजित समृद्धि यात्रा कार्यक्रम के दौरान उस समय पूरा वातावरण उत्साह, सम्मान और जनउमंग से भर उठा, जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी हेलिकॉप्टर से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। जैसे ही उनका हेलिकप्टर मैदान में उतरा, उपस्थित एनडीए नेताओं और कार्यकर्ताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका भव्य स्वागत किया। उनके साथ जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी भी थे। मुख्यमंत्री का स्वागत जिला प्रभारी मंत्री मदन सहनी, सदर विधायक बबलू कुमार मंडल, अलौली विधायक रामचन्द्र सदा आदि ने किया।

# खगड़िया को मिली 304 करोड़ की सौगात

**समृद्धि यात्रा**



संसारपुर मैदान में लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।



स्टॉल में लगायी गयी विकास योजनाओं के मैप का अवलोकन करते मुख्यमंत्री।

**प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं के क्रियान्वयन की भी मुख्यमंत्री ने ली जानकारी**

**अधिकारियों को सभी विकास योजनाओं को तय समय सीमा के अंदर पूर्ण कराने का दिया निर्देश**

**खगड़िया (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को समृद्धि यात्रा के क्रम में अरुण मध्य विद्यालय, खगड़िया के समीप नगर सुरक्षा बांध के उच्चीकरण, सुदृढ़ीकरण और कालीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से खगड़िया नगर सुरक्षा बांध की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं के क्रियान्वयन की भी अधिकारियों से जानकारी ली। इन योजनाओं में राजेंद्र चौक से बखरी बस स्टैंड के निकट रेलवे क्रॉसिंग पथ का निर्माण, अलौली प्रखंड में बागमती नदी पर गढ़ घाट के नजदीक उच्चस्तरीय आरसीसी पुल का निर्माण, महेशखूंट-गोगरी-परबत्ता-सुल्तानगंज घाट पथ में भगवान हाई स्कूल, गोगरी जमालपुर से जीएन बांध होते हुए फतेहपुर तक बाईपास का निर्माण, गांधी इंटर हाई स्कूल, बेलदौर प्रखंड में आउटडोर स्टेडियम का निर्माण, खगड़िया में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निर्माण, खगड़िया नगर सुरक्षा बांध अंतर्गत तीन एंटी फ्लड स्लूइस गेट का निर्माण एवं खगड़िया प्रखंड के रहीमपुर से खगड़िया बाईपास पथ तक बूढ़ी गंडक नदी पर पहुंच पथ सहित उच्चस्तरीय आरसीसी पुल का निर्माण शामिल है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन सभी विकास योजनाओं का काम तय समय सीमा के अंदर ठीक ढंग से पूर्ण कराएं। इन सभी विकास कार्यों के पूरा हो जाने से लोगों को काफी फायदा होगा। पथों एवं पुलों के बन जाने से यातायात सुगम हो जाएगा तथा समय और ईंधन की भी बचत होगी।

इस दौरान खगड़िया नगर परिषद के वार्ड संख्या-39 में स्थित संसारपुर मैदान में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। इस क्रम में उन्होंने सतत् जीविकोपार्जन योजना के अंतर्गत कुल 1,245 परिवारों को दूसरी किस्त के रूप में 4 करोड़ 98 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, अभियान बसेरा अंतर्गत सुयोग्य श्रेणी के लाभुकों को सरकारी भूमि की बंदोबस्ती का प्रमाण पत्र, दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राई साइकिल की चाबी, श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण, खगड़िया का सांकेतिक चेक, कस्टम हायरिंग सेंटर की चाभी आदि लाभुकों को प्रदान किया। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि महिला सशक्तीकरण की दिशा में आपने कई महत्वपूर्ण काम किए हैं। इसके लिए हम सभी महिलाएं की आभारी हैं। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना शुरू की गई है। इससे हम सभी को काफी फायदा हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी बहुत अच्छे ढंग से काम कर रही हैं। सीएम ने कहा कि बिहार के विकास में आप सभी का योगदान सराहनीय है। इसी प्रकार आप सभी आगे बढ़ते रहिए। आप सभी के हित में जो भी आवश्यकताएं होंगी राज्य सरकार उसे पूरा करेगी।

मुख्यमंत्री ने खगड़िया के संसारपुर मैदान में खगड़िया जिला अंतर्गत 304 करोड़ रुपये की लागत से 319 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 261 करोड़ रुपये की लागत से 284 योजनाओं का उद्घाटन तथा 43 करोड़ रुपये की लागत से 35 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, समाज कल्याण सह खगड़िया जिले के प्रभारी मंत्री मदन सहनी, विधायक रामचंद्र सदा, विधायक बबलू कुमार, विधायक पन्ना लाल सिंह पटेल, विधायक बाबू लाल शौर्य, विधान पार्षद ललन सर्राफ, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुंगेर प्रमंडल के आयुक्त प्रेम सिंह मीणा, बेगूसराय प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक शैलेश कुमार सिन्हा, जिलाधिकारी नवीन कुमार, पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सहित अन्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## ज्ञापन सौंप नगर के समग्र विकास की रखी मांग : अर्चना



खगड़िया नगर परिषद की सभापति अर्चना कुमारी व अन्य।

**नगर परिषद क्षेत्र में ठोस कचरा प्रबंधन की आधुनिक और वैज्ञानिक व्यवस्था स्थापित करने की मांग**

**खगड़िया (एनएसबी)।** नगर परिषद खगड़िया की सभापति अर्चना कुमारी ने शहर के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विस्तृत ज्ञापन सौंपा है, जिसमें नगर परिषद क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की मांग की गई है। ज्ञापन में शहर की बढ़ती आबादी और शहरी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक विकास से जुड़ी कई अहम परियोजनाओं का उल्लेख किया गया है।

ज्ञापन में कहा गया है कि खगड़िया नगर परिषद क्षेत्र की जनसंख्या लगातार बढ़ रही है और इसके साथ ही शहर की बुनियादी सुविधाओं की मांग भी तेजी से बढ़ी है। ऐसे में नगर क्षेत्र के संतुलित और सुनियोजित विकास के लिए कुछ प्रमुख योजनाओं का क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इन योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए स्वीकृति एवं आवश्यक वित्तीय प्रावधान उपलब्ध कराया जाए, ताकि नगरवासियों को बेहतर शहरी सुविधाएं मिल सकें। ज्ञापन में सबसे पहले नगर परिषद क्षेत्र में ठोस कचरा प्रबंधन की आधुनिक और वैज्ञानिक व्यवस्था स्थापित करने की मांग की गई है। नगर सभापति ने कहा कि शहर को स्वच्छ और पर्यावरणीय रूप से सुरक्षित बनाए रखने के लिए आधुनिक कचरा प्रबंधन प्रणाली का होना बेहद जरूरी है। यदि इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाते हैं तो नगर की सफाई व्यवस्था अधिक व्यवस्थित और प्रभावी हो सकेगी। इसके साथ ही नगर क्षेत्र में वर्षों से बनी जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए मजबूत और सुव्यवस्थित ड्रेनेज सिस्टम के निर्माण की भी मांग की गई है। उन्होंने कहा कि बरसात के समय कई मोहल्लों में जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिससे आम नागरिकों को काफी परेशानी होती है। आधुनिक ड्रेनेज सिस्टम से इस समस्या का स्थायी समाधान संभव हो सकेगा।

नगर सभापति ने यह भी कहा कि शहर में सामाजिक, सांस्कृतिक और सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए आधुनिक टाउन हॉल का निर्माण भी आवश्यक है। इसके अलावा नगर के प्रमुख जल स्रोत राजेंद्र सरोवर (पोखर) के समुचित विकास और सौंदर्यीकरण की भी मांग की गई है। प्रस्ताव में राजेंद्र सरोवर के गहरीकरण, पाथवे निर्माण, प्रकाश व्यवस्था तथा बैठने की सुविधा विकसित करने की बात कही गई है। इससे यह स्थल नगरवासियों के लिए आकर्षक सार्वजनिक स्थल बन सकेगा और पर्यावरणीय दृष्टि से भी महत्वपूर्ण साबित होगा। नगर सभापति अर्चना कुमारी ने ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया कि नगर परिषद क्षेत्र में बड़े खेल मैदान का निर्माण अत्यंत आवश्यक है, ताकि युवाओं और खिलाड़ियों को खेल गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधा मिल सके। खेल मैदान बनने से युवाओं में खेल के प्रति उत्साह बढ़ेगा और उन्हें अपनी प्रतिभा को आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा। नगर परिषद क्षेत्र से सटे गंडक नदी के तट पर मॉडल घाट के निर्माण का भी प्रस्ताव है। सिमरिया घाट की तर्ज पर यदि खगड़िया में भी आधुनिक घाट का निर्माण कराया जाता है तो यह धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से काफी उपयोगी सिद्ध होगा तथा क्षेत्र में पर्यटन की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। नगर सभापति अर्चना कुमारी ने मुख्यमंत्री से इन सभी जनहितकारी योजनाओं को शीघ्र स्वीकृति देने का आग्रह किया है।

## जीविका की महिलाओं को दिए 4.98 करोड़

**खगड़िया (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के दौरान खगड़िया आगमन हुआ। इस समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने जीविका के द्वारा लगाये गये स्टलों का निरीक्षण किया। इस दौरान वे जीविका के स्टल पर आए और जीविका की महिलाओं से बातचीत की। जीविका की महिलाओं के साथ संवाद कर उन्होंने जीविका द्वारा बनाए गए उत्पादों और षि खेती फार्म और नन फार्म से जुड़े सभी उत्पादों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने जीविका की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीविका के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने जीविका की महिलाओं के कार्यों की सराहना की और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जीविका की महिलाओं को 4 करोड़ 98 लाख रुपए की राशि प्रदान की। इस कार्यक्रम के दौरान जनसंवाद में भी बड़ी संख्या में जीविका दीदियाँ मौजूद थीं, जो नीतीश कुमार के आगमन से बहुत ही उत्साहित थीं।

## परबत्ता के चार बाल वैज्ञानिकों के प्रोजेक्ट ने खींचा ध्यान



अपने प्रोजक्ट के बारे में जानकारी देते छात्र।

**मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों ने लगायी प्रदर्शनी**

**खगड़िया (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा के दौरान शुक्रवार को खगड़िया जिला में विभिन्न विभागों ने प्रदर्शनी लगाई। इसमें शिक्षा विभाग के स्टॉल पर बाल वैज्ञानिकों के अभिनव प्रोजेक्ट ने लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। स्थानीय लोगों के साथ-साथ अधिकारियों ने भी इन प्रोजेक्ट्स में गहरी रुचि दिखाई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, परबत्ता विधायक बाबूलाल शौर्य, जिलाधिकारी नवीन कुमार, मुंगेर के क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक, डीईओ अमरेन्द्र कुमार गोंड आदि ने प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। उच्च विद्यालय कन्हैयाचक की छात्रा कुमकुम कुमारी और माही कुमारी ने मिलकर अनोखा प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। उन्होंने सोलर पावर ऑटोमेटिक सैंड सिविंग डिवाइस तैयार किया है, जो सोलर ऊर्जा से संचालित होता है। यह मशीन निर्माण कार्यों में उपयोग होने वाले बालू को स्वचालित रूप से छानती है। इस उपकरण का उद्देश्य मजदूरों की मेहनत कम करना और समय की बचत करना है। साथ ही यह पूरी तरह ग्रीन एनर्जी पर आधारित है, जिससे पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं होता। वहीं जगन्नाथ राम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलारपुर के छात्र राघव कुमार ने पशुओं के चारे तथा फल-सब्जी को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए सोलर आधारित संरक्षक यंत्र तैयार किया है। यह उपकरण बिना बिजली के सोलर ऊर्जा से चलता है और किसानों तथा फल-सब्जी विक्रेताओं के लिए काफी उपयोगी साबित हो सकता है। इससे चारा, फल और सब्जियों को अधिक समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है, जिससे खराब होने की समस्या कम होगी और पर्यावरण पर भी कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। इसी तरह सार्वजनिक रामवती उच्च विद्यालय, तेमथा के छात्र अभिजीत आदर्श ने स्मार्ट गैस सपोर्ट नामक एक अभिनव प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया।

## राजमाता माधुरी देवी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री का किया स्वागत

**खगड़िया (एनएसबी)।** एनएच-31 परमानंदपुर चौक पर श्यामलाल चंद्रशेखर मेडिकल नर्सिंग पारामेडिकल और राजमाता माधुरी देवी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भव्य स्वागत किया गया। छात्र छात्राओं में स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के लाभार्थी की संख्या अधिक थी। बताते चलें कि वर्ष 2005 में जहां बिहार में 20 नर्सिंग स्कूल थे वहीं आज 523 नर्सिंग कॉलेज हैं। खगड़िया में सरकारी मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति मिलने से तकनीकी के क्षेत्र में जिले का विकास हुआ। पर्यटन को बढ़ावा मिला। सड़क बिजली पानी की सुविधा जन जन तक पहुंची। पुल पुलिया से यातायात सुगम हुआ। नारी सशक्तीकरण का नया कीर्तिमान स्थापित हुआ। स्वागत करने वालों में डॉ. रीना कुमारी रूबी, प्रबंधक मेडिकल कलेज डॉ. अमर सत्यम, प्राचार्य पारामेडिकल कॉलेज, भारती कुमारी सचिव माधुरी सेवा न्यास, इंजीनियर धर्मेंद्र कुमार आदि मौजूद थे। इधर इंजीनियर धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विकास पुरुष हैं। उन्होने बिहार के लिये जो किया वह इतिहास के स्वर्णक्षरों में लिखा जायेगा। उन्होंने कहा कि 2005 के पहले और आज के खगड़िया को जो जानेगें वे समझ जायेगें कि मुख्यमंत्री खगड़िया को इतना आगे ले गये तो बिहार किस तेजी से प्रगति कर रहा है।

## विधायक मंडल ने सीएम से की 11 योजनाओं की मांग



मुख्यमंत्री को प्रतीक चिह्न भेंट कर उनका किया स्वागत।।

**मांगपत्र में डिग्री कॉलेज, एग्रीकल्चर कॉलेज, स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स, ड्रेनेज सिस्टम और पुल निर्माण समेत कई योजनाओं को स्वीकृति देने का अनुरोध**

**खगड़िया (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा के दौरान खगड़िया सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने मुख्यमंत्री को मांगपत्र सौंपकर विधानसभा क्षेत्र के विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाओं को स्वीति देने का आग्रह किया। विधायक ने कहा कि यदि इन योजनाओं को सरकार की मंजूरी मिल जाती है तो खगड़िया विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति और तेज होगी तथा लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री को सौंपे गए मांगपत्र में सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने उल्लेख किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पिछले 20 वर्षों में खगड़िया जिले का चहुंमुखी विकास हुआ है। एक समय फरकिया के नाम से मशहूर खगड़िया अब विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की विकासपरक नीतियों के कारण जिले में आधारभूत संरचनाओं का विस्तार हुआ है और लोगों के जीवन स्तर में सुधार आया है।

सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने मांगपत्र में खगड़िया विधानसभा क्षेत्र के मानसी प्रखंड में डिग्री कलेज की स्थापना की स्वीति देने का अनुरोध किया। साथ ही उन्होंने कहा कि खगड़िया षि प्रधान जिला है, इसलिए जिला मुख्यालय में एग्रीकल्चर कलेज की स्थापना की भी आवश्यकता है, जिससे किसानों और युवाओं को षि से जुड़ी आधुनिक शिक्षा और तकनीक का लाभ मिल सके। विधायक ने खगड़िया सदर प्रखंड के रहीमपुर दक्षिणी पंचायत के मथार में गंगा नदी के तट पर बंडाल निर्माण कराने, जिला मुख्यालय में 2 बालिका उच्च विद्यालय की स्थापना करने तथा महिला महाविद्यालय में छात्रावास निर्माण कराने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के पूरा होने से शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव आएगा और छात्राओं को विशेष लाभ मिलेगा।

सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने अपने मांगपत्र में यह भी उल्लेख किया कि खगड़िया जिला मुख्यालय में अब तक एक भी स्टेडियम नहीं है। ऐसे में यहां मल्टीपरपस स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स का निर्माण कराया जाना चाहिए, ताकि जिले के युवाओं को खेलकूद की बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इसके अलावा उन्होंने खगड़िया शहर, मानसी नगर पंचायत और सदर अस्पताल में ड्रेनेज सिस्टम के निर्माण कराए जाने की मांग भी रखी है। जिससे की लोगों को जलजमाव की समस्या से राहत मिल सके। वहीं बूढ़ी गंडक बस स्टैंड से अघोरी स्थान होते हुए सीढ़ी घाट से समस्तीपुर तक मरीन ड्राइव की तर्ज पर सड़क निर्माण, मानसी स्टेशन के पश्चिमी केबिन ढाला पर एनएच-31 को एसएच-95 से जोड़ने के लिए आरओबी निर्माण तथा ओलापुर गंगौर पंचायत के चक्किपार और खड़गी तिरासी घाट पर पुल निर्माण की भी मांग की। सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने खगड़िया शहर और मानसी में मल्टी लेवल मार्केट और मल्टी लेवल पार्किंग के निर्माण को भी जल्द स्वीति देने का अनुरोध किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इन सभी योजनाओं पर सकारात्मक पहल करेंगे, जिससे खगड़िया के विकास को नई गति मिलेगी।

## प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई से कचड़े की होगा समुचित निपटान

**महेशखूंट (एनएसबी)।** प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई के चालु होने से आपपास के पंचायत से आऐ अपशिष्ट का समुचित निपटान करने में सुलभ व सरल होगा। प्लास्टिक अपशिष्ट को रिसाइकिल करके प्लास्टिक का उपयोगी सामान बनाया जा सकता है। वही बेकार अपशिष्ट से सिमेघ्ट,सड़क निर्माण में होनी बाली मिटेरियल भी बनाया जा सकता है। प्रबंधन इकाई में प्लास्टिक की कटाई,छटाई तथा रिसाइकिल किया जाएगा । यह बातें जिला के ह्दय स्थल महेशखूंट में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई के उद्घाटन के बाद गोगरी प्रखंड समन्वयक सुभाष कुमार ने शुक्रवार को कहीं। उन्होंने कहा की प्लास्टिक से पर्यावरण प्रदुषित होता है। जिससे मनुष्य को बिमारी होने की खतरा बढ जाता है। वही समसपुर पंचायत के स्वच्छता पर्यवेक्षक गणेश कुमार ने कहा कि गोगरी अनुमंडल का दूसरा प्लास्टिक अपशिष्ट इकाई है । इससे पहले बेलदौर प्रखंड में बना था दूसरा गोगरी के महेशखूंट पंचायत में उद्घाटन किया गया। इसके निर्माण से पंचायत में संग्रह किए गए अपशिष्ट प्लास्टिक अपशिष्ट को रिसाइकल करके पुन उपयोग में लाया जा सकता है। जिससे बहुत हद तक प्लास्टिक अपशिष्ट से होने वाले प्रदूषण में कमी आएगी। मालुम हो की माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का उद्घाटन किया। मौके पर अपरेटर रमेश कुमार वाररूम कर्मी सुमन कुमार जेई रवि राज स्वच्छता पर्यवेक्षक सुशील कुमार चौरसिया,अश्विनी कुमार, शिवराज पटेल, संजीव कुमार भारती, मुकेश कुमार, वकील कुमार, अंग्रेज कुमार, साजन कुमार आदि मौजूद थे।

## आम के मंजर देख बागवान गदगद



**कीट और रोगों से बचाव के लिए पेड़ों पर किया जा रहा दवा का छिड़काव**

**पसराहा (एनएसबी)।** पसराहा थाना क्षेत्र में इन दिनों आम के बागों में छाई हरियाली और पेड़ों पर लदे मंजर को देखकर किसानों के चेहरे खुशी से खिल उठे हैं। बागों में मंजर की भारी उपलब्धता को देखते हुए क्षेत्र के किसान बेहतर पैदावार की उम्मीद कर रहे हैं। इन दिनों जैसे ही हवा चलती है, मंजर की भीनी-भीनी और मदमस्त कर देने वाली खुशबू पूरे वातावरण में घुल जाती है। यह प्रातिक सुगंध न केवल राहगीरों को अपनी ओर आकर्षित करती है, बल्कि किसानों के मन में एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार भी कर रही है।

चारों ओर फैली इस सोंधी खुशबू से पूरा इलाका महक उठा है, जो एक सुखद और समृद्ध फसल का संकेत दे रही है। मंजर की इस सुहावनी महक के बीच किसान अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। हालांकि, इस उत्साह के बीच किसानों के मन में प्रातिक आपदाओं को लेकर एक अनजाना डर भी बना हुआ है। स्थानीय बागवानों का मानना है कि यदि आने वाले दिनों में तेज आंधी, ओलावृष्टि या अत्यधिक नमी वाली पुरवा हवा ने फसलों को नुकसान नहीं पहुंचाया, तो इस साल आम का उत्पादन पिछले कई वर्षों के रिकर्ड तोड़ सकता है।

वर्तमान में मौसम की स्थिति आम की फसल के अनुकूल बनी हुई है, जो मंजर के विकास के लिए काफी शुभ संकेत है। अनुभवी किसानों का कहना है कि मंजर निकलने से लेकर छोटे फल बनने तक की अवधि बेहद संवेदनशील होती है और इसी समय फसल को सबसे अधिक देखभाल की आवश्यकता पड़ती है। इस दौरान वातावरण में बदलाव के कारण मधुवा कीट और विभिन्न प्रकार के रोगों का प्रकोप बढ़ने की प्रबल आशंका रहती है, जो पूरी फसल को बर्बाद कर सकते हैं। इन रोगों और फंगस से बचाव के लिए षि विशेषज्ञों की सलाह पर दवाओं का समय पर छिड़काव करना अनिवार्य है।

# मुंगेर : आंगनबाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करने का जिलाधिकारी ने दिया निर्देश

**मुंगेर (एनएसबी)।** आईसीडीएस की मासिक समीक्षा बैठक शुक्रवार को समाहरणालय संवाद कक्ष में जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में शत प्रतिशत मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था के निदेश दिए। बैठक में डीपीओ आईसीडीएस, सभी सीडीपीओ सहित अन्य उपस्थित थे।जिलाधिकारी ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर टेक होम राशन के शत प्रतिशत वितरण, कन्या उत्थान योजना के सभी लाभूकों को शत प्रतिशत लाभ उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया।



आईसीडीएस के साथ बैठक करते जिलाधिकारी।

उन्होंने कहा कि उक्त योजना के जितने भी लाभार्थि आंगनबाड़ी केंद्रों में निबंधित हैं उन्हें ससमय राशन सहित अन्य योजनाओं का लाभ हर हाल में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में जितने भी आंगनबाड़ी केंद्र है, उसे अपने भवन में शिफ्ट करने के लिए भूमि का चयन करें तथा जहां भवन निर्माण कार्य प्रक्रियाधीन है उसे मिशन मोड में प्रारंभ कर दें तथा शीघ्रताशीघ्र भवन निर्माण पूर्ण करें।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में शत प्रतिशत मुलभूत सुविधाओं की व्यवस्था कराएं। उन्होंने डीपीओ से कहा कि जिन केंद्रों में अब भी पेयजल, शौचालय, विद्युत कनेक्शन की व्यवस्था नहीं हुई है, वहां जाकर निरीक्षण करें और शीघ्र सारी व्यवस्था कराएं।

उन्होंने विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता से कहा कि सभी केंद्रों को चिन्हित करें तथा एक माह के अंदर शेष बचें सभी केंद्रों पर शत प्रतिशत विद्युतीकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

इसके अलावे पेयजल की व्यवस्था के लिए पीएचईडी विभाग के अभियंता को उपलब्ध सूची के आधार पर आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निदेश दिए। उन्होंने डीपीओ को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करने का निदेश दिया।

वन स्टॉप सेंटर की समीक्षा में सेंटर के भवन निर्माण कार्य की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि भवन निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराएं तथा जो भी पद रिक्तहै उस पर नियुक्ति की प्रक्रिया भी पूर्ण करें। वन स्टॉप सेंटर के कार्यकलापों को जन जन तक पहुचाने के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निदेश दिया गया।

## लखीसराय पुलिस की बड़ी कार्रवाई : शराब और बीयर के साथ 11 धंधेबाज व पियक्कड़ गिरफ्तार

**लखीसराय (एनएसबी)।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए मद्य निषेध विभाग और स्थानीय पुलिस लगातार सक्रिय है। इसी कड़ी में मद्य निषेध थाना लखीसराय द्वारा गुरुवार, 12 मार्च 2026 को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी शराब और बीयर बरामद करते हुए कुल 11 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें शराब बेचने वाले धंधेबाज और पीने वाले पियक्कड़ दोनों शामिल हैं। पुलिस द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, सबसे बड़ी सफलता कियूल स्टेशन के पास मिली, जहाँ पुलिस ने बेगूसराय जिले के चन्दपुरा निवासी मुन्नी देवी को 17 लीटर बीयर के साथ गिरफ्तार किया। वहीं, कियूल पानी टंकी के पास से पुलिस ने तीन धंधेबाजों को दबोचा। इनमें नया बाजार निवासी सोनी देवी के पास से 4.500 लीटर विदेशी शराब, जबकि मुस्तफापुर निवासी ललीता देवी और नया बाजार निवासी अजीत कुमार के पास से 3.750-3.750 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। इसके अलावा पुरानी बाजार नया टोला में छापेमारी कर पुलिस ने योगेन्द्र प्रसाद को 2.220 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस की यह कार्रवाई केवल बेचने वालों तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने वालों पर भी शिकंजा कसा गया। संसार पोखर के पास से चंदन मंडल उर्फ कुमार, छोटी दरगार के पास से संजीव कुमार और उत्पाद थाना बड़हिया के समीप से मुकेश महतो को नशे की हालत में गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही रामगढ़ और संग्रामपुर थाना क्षेत्रों के रहने वाले सगुन किरकु, दिवाली मांझी और शनिलाल मुर्मू को भी शराब पीने के आरोप में पकड़ा गया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध मद्य निषेध कानून के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।


गिरफ्तार धंधेबाज महिला पुरुष व पीने वाले ।

# मानवता के रक्षा एवं कल्याण को लेकर पृथ्वी पर अवतरित हुए थे परमपिता बाबा

## तीन दिवसीय धर्म महासम्मेलन बाबा नगर जमालपुर में शुरू

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी) ।** बाबा नाम केवलम आनंद मार्ग प्रचारक संघ धर्म महासम्मेलन बाबा नगर जमालपुर में शुरू हुआ। तीन दिवसीय मा धर्म सम्मेलन के पहले दिन पुरोधा प्रमुख आचार्य विश्वदेवानंद अवधूत अपने अपने प्रवचन से पहले पंडाल में बैठे आचार्य अवधूत एवं देश-विदेश से आए मार्गीयों का स्वागत अभिनंदन किया।

वही प्रवचन के विषय नाम कीर्तन की महिमा पर प्रकाश डालते हुए पुरोधा प्रमुख ने रामचरित्र मानस के कथा का उदाहरण प्रस्तुत कर पवन पुत्र हनुमान के गुना का बखान किए।


प्रवचन करते पुरोधा प्रमुख।

उन्होंने कहा कि परमपिता बाबा इस पृथ्वी पर मानव कल्याण एवं उनके सुरक्षा के लिए अवतरित हुए थे। उन्हीं के जलाए हुए दीप के रोशनी से दुनिया को जगमगाने का काम कर रहे हैं।उन्होंने बताया कि नाम में निहित शक्ति केंद्रित और सुप्त अवस्था में रहती है। जब नाम का उच्चारण होता है, तब वह शक्ति सक्रिय होकर प्रभाव उत्पन्न करती है।

इसी सिद्धांत को समझाने के लिए उन्होंने (ओं) के प्रतीक का उदाहरण देते हुए कहा कि उसमें स्थित बिंदु संभावित शक्ति का प्रतीक है और अर्धचंद्र उस शक्ति की अभिव्यक्ति का प्रतीक है। इष्ट मंत्र का महत्व आचार्य जी ने कहा कि मनुष्य परम पुरुष को अनेक नामों से पुकार सकता है, परंतु किसी साधक के लिए उसका इष्ट मंत्र ही परम पुरुष का सबसे प्रभावशाली नाम होता है।मौके पर आचार्य रमेंद्रानंद अवधूत, आचार्य अवनिंद्रानंद अवधूत, आचार्य मधुवतानन्द अवधूत, आचार्य अभिरामानन्द अवधूत, आचार्य शुभनिर्यासानन्द अवधूत, आचार्य कल्याणमित्रानंद अवधूत, आचार्य मेघदीपानंद अवधूत, आचार्य पुष्पेंद्रानंद अवधूत, आचार्य अवनिन्द्रानंद अवधूत, आचार्य रुद्रप्रकाशनंद अवधूत, आचार्य रत्नमुक्तानंद अवधूत, आचार्य सदवीरानंद अवधूत, आचार्य प्रियतोषानंद अवधूत, भुक्ति प्रधान रंजीत, बादल सहित हजारों अनुवाई मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक, दिए कई निर्देश

**लखीसराय (एनएसबी) ।** मुख्यमंत्री की प्रस्तावित समृद्धि यात्रा की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय में आयोजित इस बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी और विकासात्मक योजनाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई और अधिकारियों को समय रहते सभी तैयारियां पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री की यात्रा के मद्देनजर प्रदर्शित की जाने वाली योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं की प्रगति न केवल फाइलों में, बल्कि धरातल पर भी स्पष्ट रूप से दिखनी चाहिए। डीएम ने निर्देश दिया कि सभी संबंधित विभाग अपनी योजनाओं की स्थिति को अपडेट रखें और यह सुनिश्चित करें कि लाभुकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर योजनाओं का लाभ प्राप्त हो। बैठक में विशेष रूप से सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे सात निश्चय-2 के तहत सशक्त महिला-सक्षम महिला, मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना, हर खेत तक सिंचाई का पानी, नलकूप योजना और मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंधी योजना की समीक्षा की गई। इसके अलावा मुख्यमंत्री ग्राम सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, सुलभ संपर्कता और पशु चिकित्सा सेवाओं की डोर-स्टेप डिलीवरी जैसे कार्यो की वर्तमान स्थिति का भी जायजा लिया गया। डीएम ने स्वच्छ गांव-समृद्ध गांव अभियान और शहर घर नल का जलश योजना के सुचारू अनुरक्षण पर विस्तार से चर्चा की और पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी ने जोर देकर कहा कि मुख्यमंत्री की यह समृद्धि यात्रा राज्य सरकार की विकासात्मक उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाने का एक बड़ा अवसर है। अतः सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करें। बैठक में सात निश्चय-3 से संबंधित आगामी योजनाओं की भी समीक्षा की गई और उनके लक्ष्यों को समय पर पूरा करने को कहा गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शंभूनाथ, उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, स्थापना उप समाहर्ता शशि कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी यदुवंश राम, निदेशक डीआरडीए नीरज कुमार, जिला कला एवं संस्ति पदाधिकारी मृणाल रंजन सहित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।


बैठक करते डीएम ।

## लखीसराय में धूमधाम से मनाया जाएगा बिहार दिवस, डीएम ने की तैयारी की समीक्षा

**लखीसराय (एनएसबी)।** आगामी बिहार दिवस (2026) के भव्य और सफल आयोजन को लेकर जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने समारोह की तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इस वर्ष बिहार दिवस के अवसर पर जिले में कई विविध कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभात फेरी और साइकिल चेतना रैली के साथ होगा, जिसमें स्थानीय विद्यालयों, महाविद्यालयों और विभिन्न सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस रैली का मुख्य उद्देश्य आमजन को बिहार की गौरवशाली परंपरा, समृद्ध संस्कृति और विकास की यात्रा के प्रति जागरूक करना है। समारोह को सूचनाप्रद बनाने के लिए आयोजन स्थल पर विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा विशेष स्टल लगाए जाएंगे। इन स्टलों के माध्यम से सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यो की जानकारी आम जनता को दी जाएगी। साथ ही, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा, जिसमें स्थानीय कलाकारों और छात्र-छात्राओं द्वारा बिहार की लोक परंपरा और कला पर आधारित प्रस्तुतियां दी जाएंगी। जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र ने निर्देश दिया कि सभी अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें ताकि जिला स्तर पर बिहार दिवस को एक उत्सव के रूप में मनाया जा सके। उन्होंने कार्यक्रम में युवाओं और विद्यार्थियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। बैठक में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शंभूनाथ, उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी यदुवंश राम सहित जिले के अन्य वरीय पदाधिकारी और सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जन समस्याओं और दिल्ली रैली की तैयारी को लेकर माकपा जिला कमेटी की हुई महत्वपूर्ण बैठक

**लखीसराय (एनएसबी)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) लखीसराय जिला कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को जिला कार्यालय में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता जिला सचिव मंडल सदस्य कामरेड शिवदानी सिंह बच्चन के द्वारा की गई, जिसमें पार्टी की भविष्य की रणनीति और जन आंदोलनों को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में मुख्य रूप से आगामी 17 मार्च को लखीसराय जिले के हलसी में पहुंचने वाले अखिल भारतीय जत्था के भव्य स्वागत की तैयारी पर चर्चा की गई। पार्टी ने निर्णय लिया है कि इस जत्थे के स्वागत के लिए जिले के सभी कामरेड और कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहेंगे। इस दौरान राष्ट्रीय स्तर के नेता आम जनता से रूबरू होंगे और स्थानीय व राष्ट्रीय जन समस्याओं पर सीधा संवाद करेंगे। इसके साथ ही, आगामी 24 मार्च को दिल्ली में आयोजित होने वाली विशाल महारैली को लेकर भी रणनीति तैयार की गई। यह रैली देश में बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार, कालाबाजारी, नरेगा (मनरेगा) में किए जा रहे बदलावों के विरोध में आयोजित की जा रही है। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी और भूमिहीनों को 5 डिसमिल जमीन देने जैसे ज्वलंत सवालों को लेकर भी आवाज बुलंद की जाएगी। बैठक में फैसला लिया गया कि लखीसराय जिले से भी सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और आम लोग इस दिल्ली रैली में शामिल होने के लिए प्रस्थान करेंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला सचिव शंकर राम, मोती साव, दीपक वर्मा, रणजीत कुमार अजित, सुनील कुमार, रौशन कुमार, दिनकर कुमार, सुधीर यादव, रामनरेश सिंह और राजो महतो सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता व सदस्य उपस्थित रहे।


बैठक करते पार्टी पदाधिकारी ।

# सड़क सुरक्षा में लखीसराय का शानदार प्रदर्शन राज्य के टॉप-5 जिलों में बनाई अपनी जगह

**लखीसराय (एनएसबी)।** बिहार सरकार ने वर्ष 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं की संख्या को आधा करने के लक्ष्य के साथ राज्य के सभी 40 पुलिस जिलों में बेहतर यातायात प्रबंधन के लिए विशेष मानक लागू किए हैं।

हर वर्ष औसतन 11 हजार से अधिक सड़क दुर्घटनाओं और लगभग 9 से 9.5 हजार मौतों के चिंताजनक आंकड़ों को देखते हुए इन मानकों के आधार पर जिलों का मूल्यांकन किया गया।

> बिहार सरकार ने वर्ष 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं की संख्या को आधा करने के लक्ष्य के साथ राज्य के सभी 40 पुलिस जिलों में बेहतर यातायात प्रबंधन के लिए विशेष मानक लागू किए हैं

इसी क्रम में वर्ष 2025 के लिए जारी ट्रैफिक प्रदर्शन रिपोर्ट में लखीसराय जिला राज्य के टॉप-5 सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिलों में शामिल हुआ है।

पूर्णिया, सारण, कटिहार और शेखपुरा के साथ लखीसराय का स्थान इस सूची में आना जिले के प्रभावी यातायात प्रबंधन का प्रमाण है। यह मूल्यांकन सड़क दुर्घटना में मृत्यु दर में कमी, प्रभावी प्रवर्तन, यातायात बल की उपलब्धता, प्रशिक्षण, चोक प्वाइंट समाधान, वैज्ञानिक अनुसंधान, डेटा अपलोडिंग तथा जन-जागरूकता जैसे 10 मानकों के आधार पर किया गया।


अभियान शुभारंभ करते डीएम (फाइल फोटो) ।

इन सभी मानकों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए लखीसराय ने उल्लेखनीय अंक प्राप्त किए।लखीसराय की यह उपलब्धि जिला प्रशासन के समन्वित प्रयासों का परिणाम है।

विशेष रूप से जिला पदाधिकारी लखीसराय के प्रभावी नेतृत्व में जिला परिवहन पदाधिकारी एवं उनके मोटरयान निरीक्षक लगातार सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। जन जागरूकता अभियानों के माध्यम से आम लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया है। इसका सकारात्मक परिणाम यह देखने को मिला है कि जिले में बड़ी संख्या में लोग अब हेलमेट का प्रयोग करने लगे हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी भी दर्ज की गई है।

जिला प्रशासन द्वारा यातायात नियमों के पालन, जागरूकता अभियान और सख्त प्रवर्तन के कारण लखीसराय आज सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में राज्य के अग्रणी जिलों में अपनी पहचान बना रहा है। यह उपलब्धि जिला पदाधिकारी लखीसराय, जिला परिवहन पदाधिकारी तथा उनकी पूरी टीम के सतत प्रयासों और प्रतिबद्धता का प्रशंसनीय परिणाम है।

## खबरें : एक नजर में

### प्रेम प्रसंग में हुए अंतरजातीय विवाह मामले को लेकर लड़के के परिजनों पर जानलेवा हमला

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** आदर्श थाना जमालपुर क्षेत्र के नया टोला केशोपुर में पिछले दिनों प्रेम प्रसंग में हुए अंतरजातीय विवाह करने वाले लड़का पक्ष के परिजनों को लड़की पक्ष के लोगों ने देर संध्या जमकर मारपीट की जिसमें तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए।बताया जाता है कि ललन कुमार साहू के पुत्र ने कुछ समय पहले अंतरजातीय विवाह किया था जिसे लड़की पक्ष के लोगों द्वारा जबरदस्त रूप से विरोध किया गया था हालांकि कोर्ट ने वयस्क प्रकार लड़की को लड़का के हवाले कर दिया इसी सिलसिले में गुरुवार को लड़का ने अपनी पत्नी के साथ का एक फोटो फेसबुक पर अपलोड कर दिया इसे देखते ही लड़की के परिवार वाले आग बबूला हो गए और आधा दर्जन से अधिक लोगों के साथ ललन कुमार साह के घर पहुंचकर उसके परिजनों पर हमला बोल दिया इस सिलसिले में ललन कुमार साह उसकी पत्नी उर्मिला देवी और पुत्र नीतीश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया घायलों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जमालपुर में किया गया परंतु उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया इस संबंध में जमालपुर थाना अध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि घायल नीतीश कुमार के आवेदन पर कांड संख्या 58/26 दर्ज किया गया है जिसमें पीड़ित ने चार लोगों को नामजद करते हुए एक दर्जन अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है पुलिस मामले की छानबीन में जुट चुकी है


अस्पताल में भर्ती घायल पुरुष।


अस्पताल में भर्ती घायल महिला ।


अस्पताल में भर्ती घायल पुरुष।

### रेलवे में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सम्मानित हुए महिला रेल कर्मी, महिला रेल कर्मी के उत्कृष्ट कार्य को इरवो सराहा

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी) ।** रेलवे के महिला कल्याण संगठन (इरवो) की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एनआई जमालपुर में इरवो अध्यक्षा अनीता वर्णवाल के नेतृत्व में मनाई गई। समारोह में 12 महिला रेल कर्मी के उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित करते हुए इरवो अध्यक्षा ने कहा कि आज हर क्षेत्र में महिला आगे बढ़ रही है। कारखाना हर तरीके के को पूरा करने में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर रही है। ऐसी महिला के प्रतिभा को जहां कारखाना प्रशासन भी सम्मान भरी नजरों से देखते हैं तो रेलवे महिला कल्याण संगठन भी वैसे महिला रेल कर्मी को सम्मानित कर महिलाओं का आत्म सम्मान को बढ़ाने का काम करती आ रही है। इसी कड़ी में महिला रेल कर्मी खुशबू कुमारी, स्वाति कुमारी हेंब्रम, प्रिया कुमारी, रमणिका राज, रेणु देवी, कर्मी देवी, गौरी देवी, स्वीटी कुमारी, सुभद्रा कुमारी, श्वेता कुमारी, रेनू सिंह, प्रियंका कुमारी का सामान संयुक्त रूप से इरवो अध्यक्षा अनीता वर्णवाल, सचिव शालिनी मिश्रा, कोषाध्यक्ष प्रीति प्रसाद साहित कई सदस्यों ने मिलकर किया। मौके पर टीना कुमारी, निवेदिता, प्रीति राजपूत, प्रीति कुमारी, करिश्मा प्रकाश, सुमन कुमारी, विमल झा, पूनम कुमारी, विनीता कुमारी, शीला कुमारी,प्राचार्य नेहा भारद्वाज, वेलफेयर इंस्पेक्टर सुमन कुमार, ओम कुमार, दीपू, लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष शिवलाल रजक, मेंस कांग्रेस के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, पर्यावरण संरक्षक नेत्री पिंकी पांडे सहित कई मौजूद थे।


ग्रुप में शामिल रेलकर्मी।


सम्मानित होती इरवो अध्यक्षा।

### व्यवहार न्यायालय, लखीसराय के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज, तैयारी पूरी

**लखीसराय (एनएसबी)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार शनिवार को व्यवहार न्यायालय, लखीसराय के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लखीसराय के सचिव विधानंद सागर ने बताया कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लखीसराय, श्री अजय कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु कुल 13 बेंचों का गठन किया गया है।गठित बेंचों का विवरण देते हुए उन्होंने बताया कि बेंच संख्या 01 में परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश पवन कुमार झा, बेंच संख्या 02 में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-तृतीय राजीव कुमार मिश्रा, बेंच संख्या 03 में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-पंचम राजन कुमार, बेंच संख्या 04 में एसीज़ेएम्-प्रथम रंजीत कुमार सोनू तथा बेंच संख्या 05 एसीज़ेएम्-03 कुमारी ज्योत्सना के नेतृत्व में कार्य करेगी। इसी प्रकार बेंच संख्या 06 से 13 तक क्रमशः कुंदन कुमार गुप्ता, शिप्रा कुमारी, गजाला सबीहा, फहद हुसैन, महजबी नाज, मनीष कुमार, आकांक्षा कुमारी और सुमित कुमार सुमन के नेतृत्व में गठित की गई है। हर बेंच में एक अधिवक्ता सदस्य को भी नियुक्त किया गया है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान शमनीय आपराधिक मामले, 138 एन्आई एक्ट के मामले, विद्युत वाद, दावा वाद, मापतौल, श्रमवाद, बैंक ऋण वसूली वाद, चालान केसेज आदि मामलों को टेक-अप किया जाएगा। विशेष रूप से बेंच संख्या 06 रेलवे कोर्ट परिसर में कार्य निष्पादन करेगी। इस आयोजन के लिए कुल 3659 कोर्ट केसेज एवं प्री-लिटिगेशन के लगभग 10,812 वाद चिति किए गए हैं। पक्षकारों की सुविधा के लिए न्यायालय परिसर में हेल्प डेस्क, मेडिकल सुविधा और पेयजल की व्यवस्था की गई है ताकि उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत न हो। हर बेंच पर सहयोग हेतु पैरा लीगल वलेंटियर भी नियुक्त किए गए हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने संबंधित पक्षकारों से अपील की है कि वे राष्ट्रीय लोक अदालत की सरल और सुगम प्रक्रिया का लाभ उठाएं और अपने शमनीय मामलों का त्वरित निस्तारण कराएं।

### हाई वोल्टेज चपेट में आने से रेल कर्मी हुए घायल, ड्यूटी के दौरान रेल कलोनी में हाई वोल्टेज का तार ठीक कर रहा था रेलकर्मी

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी) ।** रेल कलोनी ईस्ट कलोनी के बंगाली दुर्गा स्थान समीप हाई वोल्टेज का तार ठीक कर रहे बिजली विभाग के एक रेल कर्मी को करंट लग जाने से बुरी तरीके से घायल हो गए। रेल अस्पताल में भर्ती घायल रेल कर्मी विद्युत विभाग टोन सप्लाई के टेक्नीशियन सुदर्शन राय ने बताया कि बंगाली दुर्गा स्थान समीप हाई वोल्टेज के पोल पर आई फाल्ट को दूर करने को लेकर काम किया जा रहा था इसी बीच जोड़ का झटका महसूस हुआ जिससे हम मूर्छित होकर गिर गए और शरीर झुलस गया। इधर काम के दौरान रेल कर्मी के साथ हुए हादसे मे घालय रेलकर्मी को देखने को लेकर अस्पताल में अधिकारी कर्मचारी की फिर देखी गई। अस्पताल में भर्ती रेलकर्मी के बारे में डक्टर संजय ने बताया कि घायल रेल कर्मी का प्राथमिक उपचार किया गया है खतरे से बाहर है।

# गैस एजेंसियों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण, अफवाहों से बचने की सलाह

**जगदीशपुर (एनएसबी)।** स्थानीय प्रशासन द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याओं की शिकायतों को देखते हुए जगदीशपुर गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अधिकारियों ने गैस एजेंसी के गोदामों में जाकर उपलब्ध स्टक की जायजा लिया। एसडीओ ने गैस वितरकों को सख्त निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाने और होम डिलीवरी को सुचारू रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि गैस का पर्याप्त स्टक उपलब्ध है। किसी भी तरह की घबराहट की जरूरत नहीं है। नियम के अनुसार, एक सिलेंडर लेने के 25 दिन बाद ही दूसरा सिलेंडर मिल सकेगा। व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए यह नियम प्रभावी है। कालाबाजारी पर होगी कार्रवाई प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि कोई भी एजेंसी संचालक गैस की कालाबाजारी या निर्धारित मूल्य से अधिक की वसूली करते पाया गया, तो उस पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया गया।

## प्रशासन ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

**आरा/ एनएसबी।** भोजपुर जिले में एलपीजी गैस सिलेंडर की आपूर्ति की स्थिति एवं ओटीपी जारी होने में आ रही तकनीकी समस्या को ध्यान में रखते हुए आम नागरिकों की सुविधा के लिए जिला मुख्यालय तथा अनुमंडल स्तर पर हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर उपभोक्ता निम्नलिखित दूरभाष नंबरों पर संपर्क कर अपनी शिकायत अथवा जानकारी दर्ज करा सकते हैं। जिला मुख्यालय, भोजपुर-06182-248702, अनुमंडल स्तर पर हेल्पलाइन नंबरः आरा सदर-06182-233325, जगदीशपुर-06181-223048 पीरो-06181-223301 जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से अपील करता है कि एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति अथवा ओटीपी से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या के संबंध में उपर्युक्त दूरभाष नंबरों पर संपर्क कर अपनी समस्या से अवगत कराएं, ताकि उसका त्वरित समाधान किया जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### कोईलवर में छह घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बंद

**कोईलवर (एनएसबी)।** कोईलवर क्षेत्र में आज मेंटेनेंस कार्य के कारण करीब छह घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। कोईलवर पावर सब स्टेशन (पीएसएस) से जुड़े सभी 11 केवी फीडरों से विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। बिजली विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 14 मार्च 2026 (शनिवार) को कोईलवर पीएसएस में आवश्यक मेंटेनेंस और तकनीकी कार्य किया जाएगा। इसके चलते पूर्वा 11:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। इस दौरान कोईलवर नगर पंचायत सहित धनडीहा, कुल्हाड़ियां, सकड्डी, चंदा, राजापुर, दौलतपुर, कायमनगर, वीरमपुर, सोनघट्टा, पचौना तथा आसपास के लगभग दर्जनों गांवों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। कनीय अभियंता प्रभात कुमार ने बताया कि कार्य पूरा होने के बाद शाम में बिजली आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।



कोईलवर में छह घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बंद।

### दवा लाने जा रही अधेड़ महिला की ट्रेन से गिरकर मौत

**आरा/पीरो (एनएसबी)।** पीरो थाना क्षेत्र के पीरो स्टेशन के समीप शुक्रवार की सुबह दवा लाने जा रही अधेड़ महिला की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। मृतका हसन बाजार थाना क्षेत्र के कचनथ गांव निवासी प्रभु यादव की 45 वर्षीया पत्नी मालती देवी है। पति प्रभु यादव ने बताया कि वहघर से आरा दवा लेने के लिए निकली थी। इसी बीच यह घटना घट गई। सूचना पाकर पीरो थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस द्वारा फोन कर घटना की जानकारी परिजन को दी गई। मृतका को दो पुत्री रेणु देवी एवं चांदनी देवी है।

### लोक शिकायत अधिनियम के तहत 3 द्वितीय अपील मामलों की हुई सुनवाई

**आरा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के द्वारा बिहार लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत द्वितीय अपील में कुल 3 अपीलीय मामलों की सुनवाई की गई। इनमें मुख्यतः राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग एवं नगर विकास विभाग से संबंधित मामले शामिल थे। जिनमें से कुल 2 मामले को निष्पादित किया गया।

### ईद एवं रामनवमी पर्व शांतिपूर्वक मनाने की अपील

**चरपोखरी (एनएसबी)।** ईद एवं रामनवमी पूजा को लेकर शुक्रवार को चरपोखरी थाना परिसर में थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई ई। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य व्यक्तियों को राज्य सरकार द्वारा प्राप्त निर्देशों से अवगत कराया गया, उन्होंने सभी समुदाय के लोगों से आपसी भाईचारा के दायरे में रहकर शांति रूप से पर्व को मनाने की अपील की।थानाध्यक्ष ने कहा की रामनवमी जुलूस में डीजे बजाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध है। बैठक में पैक्स अध्यक्ष बबन पांडेय, जेडीयू नेता बैजनाथ सिंह, अशोक पांडेय उर्फ चिंटू बाबा, मुखिया लालमुक्ति पासवान, संतोष पांडेय, सत्यनारायण यादव, कुदुश अंसारी, मकबूल आलम, पूर्व प्रमुख बोध नारायण यादव, पूर्व उप प्रमुख पप्पू साह, देवी दयाल सिंह, टुनन सिन्हा,, कृष्णा यादव, मुन्ना बाबा सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### बीकॉम सेमेस्टर एक का रिजल्ट जारी

**आरा (एनएसबी)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने ातक सत्र 2025-29 के सेमेस्टर एक का रिजल्ट जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी जानकारी के अनुसार बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों का परिणाम आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित कर दिया गया है। छात्र-छात्राएं अब अपना रिजल्ट ऑनलाइन माध्यम से रोल नंबर या रजिस्ट्रेशन नंबर के जरिए देख सकते हैं। रिजल्ट जारी होने के बाद बीकॉम के छात्रों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। लंबे समय से विद्यार्थी अपने परिणाम का इंतजार कर रहे थे। विश्वविद्यालय ने छात्रों को सलाह दी है कि वे केवल आधिकारिक वेबसाइट से ही अपना रिजल्ट देखें और किसी भी त्रुटि की स्थिति में संबंधित कलेज या विश्वविद्यालय से संपर्क करें।वहीं बीए और बीएससी सेमेस्टर एक के विद्यार्थियों को अभी थोड़ी और प्रतीक्षा करनी होगी। विश्वविद्यालय सूत्रों के अनुसार इन दोनों संकायों का रिजल्ट तैयार करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है और जल्द ही इसे भी जारी कर दिया जाएगा।

### एहतराम के साथ अदा की गई अलविदा की नमाज

**पीरो (एनएसबी)।** आखिरी शुक्रवार यानि अलविदा जुमे के मौके पर पीरो नगर और आसपास के ग्रामीण व कस्बाई क्षेत्रों की सभी मस्जिदों में बड़ी तादाद में लोगों ने नमाज अदा की। नगर के जामा मस्जिद समेत अन्य मोहल्लों की छोटी-बड़ी मस्जिदों में शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से ही जायरीन और नमाजी जुटने लगे थे। इस दौरान अकीदतमंदों में उत्साह देखते बन रही थी। भीड़ का आलम यह था कि कई मस्जिदों में नमाजियों को बरामदे और छतों पर सफें कतारें बिछानी पड़ी। नमाज के क्रम में लोगों ने अमन-चैन व तरक्की के लिए दुआएं मांगी। इधर, आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष पहल करते हुए वीर मोजाहिद खान स्मृति ट्रस्ट की ओर से 15 मार्च को पीरो दरगाह के पास एक भव्य दावत-ए-इतार का कार्यक्रम रखा है। मो़ इम्तियाज उर्फ चांद खान व अजमेर खान ने लोगों को दावत-ए-इतार में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

# बेलाउर में कन्या विवाह मंडप का निर्माण शुरू



बेलाउर गांव में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत विवाह मंडप निर्माण का कार्य आरंभ किया जा रहा।

**उदवंतनगर (एनएसबी)।** बेलाउर गांव में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत विवाह मंडप निर्माण का कार्य आरंभ किया जा रहा है। इसके लिए जेई अजित कुमार द्वारा ले आउट कराया गया। कन्या विवाह मंडप के निर्माण से गरीब व कमजोर वर्ग के बच्चियों की शादी गरिमामय हो सकेगी। श्री कुमार ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के नव पंचायतों में मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप का निर्माण किया जाना है। इसके तहत बेलाउर पंचायत के बेलाउर गांव में पहला विवाह मंडप का निर्माण कार्य शुरू कर दी गई है। कन्या विवाह मंडप 47 गुणा 34 वर्ग फीट में बनाया जायेगा। विवाह मंडप दो तल्ला बनेगा। प्रत्येक तल पर दो रूम, एक हाल, एक विवाह मंडप, शौचालय व ानागार, सीढ़ी व रैंप बनाया जायेगा।

## स्ट्रिम इलेवन क्रिकेट क्लब को पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**आरा (एनएसबी)।** स्थानीय महाराज कालेज के खेल मैदान पर आयोजित तृतीय स्वर्गीय रमेश मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का दुसरा दिन का मैच स्ट्रिम इलेवन क्रिकेट क्लब बनाम भोजपुर क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया इस मैच का उद्घाटन स्वर्गीय रमेश के पिता अशोक गोप, महाराजा कालेज के पी टी आई यशवंत सिंह रजिव कुमार अध्यक्ष जे बी सी सी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। भोजपुर क्रिकेट अकादमी ने टस जीतकर पहले बल्लेबाजी करना का निर्णय लिया। भोजपुर क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर में 7 विकेट खोकर 191 रन बनाए। भोजपुर क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए अर्जुन ने 62 रन, रोहित ने 63 रन, अश्विनी ने 13 रनों का योगदान दिया। स्ट्रिम इलेवन क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए अंकित ने सर्वाधिक चार विकेट, सत्यम ने दो विकेट, निखिल और अंकित राज को एक एक विकेट प्राप्त हुआ। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोजपुर क्रिकेट अकादमी मात्र 112 रनों पर सिमट गई । स्ट्रिम इलेवन क्रिकेट क्लब की ओर से बल्लेबाजी करते हुए निखिल ने 57 रन, अजित 10 रन, सत्यम ने 17 रनों का योगदान दिया। का कोई भी बल्लेबाज दहाई अंक में नहीं पहुंचे। क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए मोहित ने सर्वाधिक चार विकेट, अश्विनी ने तीन विकेट, रोहित ने दो विकेट रितिक ने एक विकेट प्राप्त किया। इस प्रकार भोजपुर क्रिकेट अकादमी ने 79 रनों से इस मैच को जीतकर कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। मैन अफ द मैच का पुरस्कार स्व़ रमेश के पिता अशोक कुमार ने प्रदान किए गया। इस मौके पर पूर्व क्रिकेटर अशिष कुमार, रवि कुमार, संजय कुमार, अजित कुमार, आशिष रौशन, सोनू, चन्दन, अमन, आयुष, पंकज, रोचक, प्रिंश, प्युष अभय, आकाश आदि उपस्थित थे। इस आशय की जानकारी संयोजक अभिषेक रंजन ने दी।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से होमगार्ड जवान की मौत, दूसरा जख्मी, पवना बाजार स्थित पेट्रोल पंप के समीप की घटना

**आरा (एनएसबी)।** आरा-अरवल मार्ग पर जिले के पवना थाना क्षेत्र के पवना बाजार स्थित पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार की सुबह अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो होमगार्ड जवान को टक्कर मार दी। हादसे में एक की मौत हो गई। दूसरे जवान का उसी निजी अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। मृतक धोबहा थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव निवासी राज कुमार सिंह का 26 वर्षीय पुत्र चंद्र मोहन सिंह है। वह होमगार्ड जवान था। वर्तमान में सहार थाना में कार्यरत था। जख्मी जवान आरा के नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा मोहल्ला निवासी स्व़ रामाशंकर सिंह का 32 वर्षीय पुत्र मोहन सिंह है। मृतक के परिजन ने बताया कि वह दोनों विभाग के काम से बाइक द्वारा सहार थाना से आरा सिविल कोर्ट के पीछे स्थित होमगार्ड आफिस आ रहे थे। उसी दौरान पवना बाजार स्थित पवना पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात वाहन उनके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दोनों को इलाज के लिए आरा के निजी अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान होमगार्ड जवान चंद्रमोहन सिंह की मौत हो गई। जिसके बाद परिजन शव को वापस सदर अस्पताल ले आए। जवान ने 29 जुलाई 25 में होमगार्ड जवान में नौकरी ज्वाइन किया था।

# आरा रोटी बैंक का 8वां रक्तदान महोत्सव आयोजित

**आरा (एनएसबी)।** आरा रोटी बैंक के तत्वाधान में स्थानीय रेडक्रस सोसायटी में 8वाँ रक्तदान महोत्सव शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन मेयर इंदु देवी, जिला स्वास्थ्य समिति के ड रवि रंजन, अश्वनी कुमार, मेजर राणा प्रताप सिंह व आरा रोटी बैंक की अध्यक्षा सोनाली देवी ने संयुक्त रूप से किया।

मेयर इंदु देवी ने कहा कि रक्तदान को जिले के प्रखंड स्तर के हर पंचायत तक ले जाने की जरूरत है। शहर के युवाओं से अपील है कि रक्तदान में बढ़चढ़ कर हिस्सा ले।

डा रवि रंजन ने बतलाया रक्तदान करना सबसे बड़ा पुण्य है रोटी बैंक की अध्यक्षा सोनाली देवी ने कहा आरा रोटी बैंक ससमय किसी भी जरूरतमंद के रक्तदान की जरूरत को पूरा करता आ रहा है, जहां आज संस्था के सदस्यों के द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया गया।

जिले में जल्द रक्तदान को लेकर जागरूकता शिविर आरा रोटी बैंक के तत्वाधान में किया जाएगा। मौके पर कल्याणी सिंह, मुक्तिकांत, सुजाता कुमारी, अखौरी दीपक बिहारी, रितेश साह, राकेश केशरी, विशाल सोनी, रौशन सोनी, राजा सोनी, टोनू सोनी, मनीष सिंह, अमिताभ शंकर, दिवेश सिंह, प्रभात कुमार, आकाश सिंह, राहुल आनंद, उज्जवल, अभिषेक, अंकित, राजीव रंजन, दीपू, श्रुति अग्रवाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। धन्यवाद ज्ञापन अखौरी दीपक बिहारी ने किया।



10 लोगो ने किया रक्तदान।

# पूर्व राजद प्रत्याशी किशोर कुणाल ने आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए इफ्तार का दिया न्योता

**जगदीशपुर (एनएसबी)।** माह-ए-रमजान के आखिरी शुक्रवार यानी अलविदा जुमे के मौके पर जगदीशपुर नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की सभी मस्जिदों में भारी संख्या में नमाजियों ने नमाज अदा की। नगर की शाही मस्जिद समेत अन्य मोहल्लों की छोटी-बड़ी मस्जिदों में दोपहर से ही जायरीन और नमाजी जुटने लगे थे। अकीदतमंदों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। आलम यह था कि कई मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ इतनी बढ़ गई कि लोगों को बरामदे और छतों पर सफें कतारें बिछानी पड़ीं। नमाज के बाद मस्जिदों के इमामों ने विशेष दुआएं मांगी। वही राजद प्रत्याशी किशोर कुणाल ने आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष पहल की। उन्होंने 18 मार्च को दावत-ए-इतार का कार्यक्रम रखा है। किशोर कुमार स्वयं मस्जिद के पास पहुँचे। उन्होंने मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर दावत-ए-इतार में वीर कुंवर सिंह किला कोठी मे शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।



अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई अलविदा जुमे की नमाज। वही राजद प्रत्याशी किशोर कुणाल ने आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष पहल की। उन्होंने 18 मार्च को दावत-ए-इतार का कार्यक्रम रखा है।

## कुकर फटने से मां-बेटी झुलसी

**आरा (एनएसबी)।** संदेश थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव में शुक्रवार की सुबह खाना बनाने के दौरान कुकर फटने से मां-बेटी गंभीर रूप से झुलस गई। झुलसे लोगों में संदेश थाना क्षेत्र के प्रतापपुर गांव निवासी वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता की 40 वर्षीया पत्नी सुनीता देवी एवं 20 वर्षीया पुत्री रूही गुप्ता शामिल है।

## सरकारी नल पर पानी भरने के विवाद में महिला को पीटा

**आरा/कोईलवर (एसएनबी)।** गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव में शुक्रवार की सुबह सरकारी नल पर पानी भरने के विवाद में देवरो ने मिलकर भाभी की पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जख्मी महिला गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव निवासी उमा शंकर की 32 वर्षीया पत्नी बिंदा देवी है। बिंदा देवी ने बताया कि सरकारी नल पर पहले से टब लगाकर पानी भर रही थी। तभी उनके दोनों देवर उनका टब हटाकर पानी भरने लगे। कहासुनी के बाद दोनों देवर ने मिलकर उनकी पिटाई कर दी।

## खबरें : एक नजर में

### पैक्स अध्यक्षों और प्रबंधकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

**आरा (एनएसबी)।** भोजपुर जिलान्तर्गत सभी पैक्स/व्यापार मण्डल के अध्यक्षों एवं प्रबंधकों के लिए एक दिवसीय जिलास्तरीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन नागरी प्रचारिणी भवन, आरा में किया गया। शुभारंभ जिला पदाधिकारी, तनय सुल्तानिया द्वारा किया गया। अध्यक्षता सत्येन्द्र नारायण सिंह, अध्यक्ष, सेन्ट्रल को-अपरेटिव बैंक लि, आरा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अजय कुमार अलंकार, सेवानिवृत्त अवर निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना उपस्थित कार्यशाला के दौरान पैक्स अध्यक्षों एवं प्रबंधकों को उनके प्रशासनिक एवं वित्तीय दायित्वों, पैक्स में लेखा संधारण एवं अंकेक्षण, पीएसीएस कंप्यूटरीकरण, पैक्सों को जमा संग्रहण एजेंट के रूप में कार्य करने, पैक्सों में व्यवसायिक विविधीकरण एवं उद्यमशीलता विकास से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्तपैक्सों को सीएससी से संबंधित सेवाओं, अधिप्राप्ति कार्य, बिहार राज्य फसल सहायता योजना, मुख्यमंत्री हरित ़षि संयंत्र योजना, पैक्सों में गोदाम निर्माण, ड्रग लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया, पैक्सों में ़षक समृद्धि केंद्र की स्थापना तथा पैक्सों द्वारा पेट्रोल पंप संचालन से संबंधित विषयों पर भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला के दौरान पैक्स/व्यापार मण्डल के अध्यक्षों एवं प्रबंधकों ने प्रशिक्षण प्रदान करने वाले अधिकारियों से अपनी समस्याओं एवं अन्य संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में सुझाव भी साझा किए। इस अवसर पर श्रीमती लवली, जिला सहकारिता पदाधिकारी, भोजपुर, श्री सुभाष चन्द्र वर्मा, जिला अंकेक्षण पदाधिकारी, सहकारिता, भोजपुर, मो शाहनवाज आलम, प्रबंध निदेशक, ड नीरज कुमार, जिला ़षि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ, सहित सहकारिता एवं अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।



जिलास्तरीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला में बोलते जिला पदाधिकारी, तनय सुल्तानिया।

### जनता दरबार में 34 आवेदकों की सुनी गई समस्याएँ

**आरा (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के द्वारा ईज अफ लिविंग के तहत जिला जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में कुल 34 लोगों की समस्याओं को जिला पदाधिकारी द्वारा गंभीरता से सुना गया। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी आवेदनों का शीघ्र, पारदर्शी एवं अविलंब निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो सकें।



जनता दरबार में 34 आवेदकों की सुनी गई समस्याएँ।

### गैस एजेंसी के मुंशी से लूट मामले में एक और गिरतार

**आरा (एनएसबी)।** कोईलवर थाना क्षेत्र में गैस एजेंसी के मुंशी से हुई लूट के भामले में संलिप्त एक आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा। इससे पहले इस मामले में दो अभियुक्तों को गिरतार किया जा चुका है। वही एक विधि-विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया था। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने शुक्रवार की शाम प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि 19 जनवरी 26 कोईलवर के दौलतपुर निवासी चन्द्रकान्त सिंह, जो बबुरा स्थित राजन इंडेन गैस एजेंसी में मुंशी है। बबुरा से हरहंगी टोला गैस गोदाम से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बांध पर तीन बाइक पर सवार अपराधियों ने उन्हें रोक लिया। अपराधियों ने पिस्तौल का भय दिखाकर और फायरिंग करते हुए उनसे 55 हजार रुपये लूट लिए थे। कांड के उद्भेदन के लिए एसडीपीओ सदर-2 रंजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। जांच के दौरान पहले दो आरोपियों को गिरतार किया गया था। उनके पास से लूट के पैसे, वादी का एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, जन आरोग्य कार्ट, दो मोबाइल और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई। इस मामले में एक नाबालिग को भी निरुद्ध किया गया था। अब पुलिस ने इस कांड में शामिल एक और आरोपी को गिरतार किया। एसपी ने बताया कि गिरतार अभियुक्त गीधा थाना क्षेत्र के मोखलिसा गांव निवासी हंस कुमार चौधरी उर्फ राजकुमार चौधरी का पुत्र प्रकाश कुमार है। उसका पुराना अपराधिक इतिहास रहा है। वह गीधा थाना कांड संख्या 18/26 तथा कोईलवर थाना कांड संख्या 11/26 में आरोपी रह चुका है।

### जन सहकारी डिग्री महाविद्यालय में जागरूकता व्याख्यान आयोजित

**गड़हनी (भोजपुर)/ एनएसबी।** जन सहकारी डिग्री महाविद्यालय बराप, गड़हनी में गुरुवार को एचआईवी/एड्स जागरूकता विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी बिमलेश कुमार मिश्र ने किया, जबकि अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य जितेन्द्र कुमार पाण्डेय ने की। बिमलेश कुमार मिश्र ने कहा कि एचआईवी एक वायरस है, जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता पर हमला कर उसे कमजोर बना देता है। उन्होंने बताया कि एड्स एचआईवी संक्रमण की अंतिम और सबसे गंभीर अवस्था होती है, जब शरीर का प्रतिरक्षा तंत्र पूरी तरह से कमजोर हो जाता है। प्रभारी प्राचार्य जितेन्द्र कुमार पाण्डेय ने भी अपने संबोधन में विद्यार्थियों को इसके प्रति जागरूक रहने और समाज में इसके बारे में सही जानकारी फैलाने का आह्वान किया। प्राध्यापक ड़ अरविन्द कुमार पंकज, पूर्णानंद पाण्डेय, अरुण सिंह, उदय प्रताप सिंह, विष्णु शंकर सिंह और रमाकांत पाठक उपस्थित रहे। वहीं शिक्षकेतर कर्मचारियों में राधेश्याम मिश्र, दिवाकर सिंह, रवि सिंह, संतोष तिवारी, अभय सिंह, अरविन्द कुमार सिंह, उपेंद्र राय, जवाहर लाल, हरि किशोर तथा उमाशंकर सिंह मौजूद रहे। इस दौरान एनएसएस के छात्र-छात्राओं में काजल कुमारी, गायन्ति कुमारी, खुशी प्रवीण, रूबी कुमारी, अभिषेक कुमार, अजित कुमार, आदित्य कुमार, अभय कुमार सहित अन्य विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

### रोजे जैसी अहम इबादत का सवाब अल्लाह खुद देता है : अबदुल्ला आरवी

**आरा (एनएसबी)।** शहर के कसाब टोला मुहल्ला स्थित चमन की मस्जिद के सेक्रेटरी हाफिज अब्दुल्ला आरवी ने सदकऐ फितर की अहमियत और फजीलत को बयान करते हुए कहा है कि रमजानुल मुबारक अल्लाह की इबादत का महीना है, माहे रमजान में हर अमल पर और दिनों के मुकाबले सवाब में इजाफा कर दिया जाता है, उन्होंने यह भी कहा कि रोजे जैसी अहम इबादत का सवाब अल्लाह खुद देता है, लेकिन रोजेदार कितना भी ऐहतमाम करे। रोजे के दौरान कुछ ना कुछ कमी हो जाती है। रमजान के रोजे को पाक करने उन्हें अल्लाह की बारगाह में कबूल करने, गरीबों मिस्किनो को ईद की खुशियों में शामिल करने का सदकऐ फितर एक जरिया है, यह वाजिब सदका है, जो ईद की नमाज से पहले अदा करना अफजल है।



अबदुल्ला आरवी।